राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एवं अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 21 जनवरी 2026
वर्ष 07, अंक 112, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद, दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

महिला कोटेदार ने पकड़ी सरकारी खाद्यान्न की चोरी कार्रवाई के बजाय बचते रहे अफसर...03

लापरवाही से गाड़ी चलाने के वायरल वीडियो पर एफआईआर दर्ज थाना समयपुर बादली द्वारा, आरोपी गिरफ्तार...12

# विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव में 118% की वृद्धिः यूजीसी




**ब्यूरो प्रयागराज।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा संसदीय समिति और सुप्रीम कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत आंकड़ों से पता चलता है कि देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में जाति आधारित भेदभाव की शिकायतों में पिछले पांच वर्षों में 118.4% की वृद्धि हुई है.रिपोर्ट के मुताबिक, यूजीसी डेटा के अनुसार इस संबंध में दर्ज की गई घटनाओं की संख्या 2019-20 में 173 से बढ़कर 2023-24 में 378 हो गई।

वहीं, 2019-20 और 2023-24 के बीच यूजीसी को 704 विश्वविद्यालयों और 1,553 कॉलेजों में स्थित समान अवसर प्रकोष्ठों (ईओसी) और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) प्रकोष्ठों द्वारा दर्ज की गई 1,160 शिकायतें प्राप्त हुई.इनमें से 1,052 शिकायतों निपटारा किया गया, जो 90.68% की समाधान दर को दर्शाता है.हालांकि, लंबित मामलों की संख्या 2019-20 में 18 से बढ़कर 2023-24 में 108 हो गई।

उल्लेखनीय है कि शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति के साथ भी यूजीसी द्वारा साझा किए गए वर्षवार आंकड़ों से पता चलता है कि दर्ज मामलों में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है.इस संबंध में 2020-21 में 182, 2021-22 में 186 और 2022-23 में 241 मामले दर्ज किए गए, जिसके बाद 2023-24 में इनमें तेज़ी से वृद्धि देखी गई।

दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एन. सुकुमार ने अखबार को बताया कि अधिकांश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ प्रशासनिक नियंत्रण में काम करते हैं और उनके पास निर्णय लेने की शक्तियां नहीं होतीं, क्योंकि उनके सदस्य प्रशासन द्वारा मनोनीत होते हैं.उन्होंने कहा कि इससे गंभीर मामलों में निष्पक्षता प्रभावित होती है।

वहीं, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के पूर्व सदस्य डी.के. लोबोयाल ने भी इसी तरह की चिंताएं व्यक्त कीं और कहा कि समय के साथ इन प्रकोष्ठों की स्वायत्तता कम होती जा रही है.उन्होंने आगे कहा कि शिकायतों की बढ़ती संख्या से पता चलता है कि मामलों की रिपोर्टिंग में वृद्धि हुई है और भेदभाव जारी है। इस संबंध में यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष सुखादेव थोरात ने बताया कि यूजीसी के उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी विनियम, 2012 के तहत समान अवसर प्रकोष्ठों का गठन किया गया था, जबकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ, जो समान अवसर प्रकोष्ठों से पहले अस्तित्व में आए, मूल रूप से सेवा और रोजगार संबंधी मामलों को संभालने के लिए थे.उन्होंने कहा, 'समस्या तब उत्पन्न होती है जब संस्थान इस अंतर को धुंधला कर देते हैं और सभी शिकायतों को आंतरिक तंत्र के माध्यम से निपटाते हैं।'

दरअसल, यूजीसी द्वारा प्रस्तुत ये आंकड़े जनवरी 2025 से सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के जवाब में थे, जिसमें निकाय को 2012 के विनियमों के तहत जातिगत भेदभाव की शिकायतों पर डेटा संकलित करने की आवश्यकता थी।

यह निर्देश हैदराबाद विश्वविद्यालय में पीएचडी स्कॉलर रोहित वेमुला की मृत्यु के बाद दायर एक याचिका के तहत आया था. याचिका में विश्वविद्यालय परिसर में जाति-आधारित भेदभाव से निपटने के लिए यूजीसी द्वारा जवाबदेही तय करने और पर्याप्त तंत्र स्थापित करने की मांग की गई थी।

पिछले सप्ताह यूजीसी ने आलोचकों द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दों को संबोधित करते हुए मसौदा नियमों को अधिसूचित किया और उच्च शिक्षा संस्थानों को समता समितियां और समान अवसर केंद्र स्थापित करने, 24/7 हेल्पलाइन और अन्य ऑनलाइन शिकायत तंत्र स्थापित करने का निर्देश दिया।

# सन्यास या साम्राज्य 50 करोड़ का आश्रम, करोड़ों की कारें और योगी से नजदीकी

## ● कौन हैं सतुआ बाबा उर्फ संतोष तिवारी।

## ● वजह साधारण नहीं है–एक ओर संत का चोला, दूसरी ओर 3 करोड़ और 4.50 करोड़ की लग्जरी कारें, प्राइवेट जेट से यात्रा और सत्ता के शीर्ष से नजदीकियां



**ब्यूरो प्रयागराज।** इस बार माघ मेले में आस्था से ज़्यादा चर्चा अगर किसी की है, तो वह हैं सतुआ बाबा। वजह साधारण नहीं है–एक ओर संत का चोला, दूसरी ओर 3 करोड़ और 4.50 करोड़ की लग्जरी कारें, प्राइवेट जेट से यात्रा और सत्ता के शीर्ष से नजदीकियां। सवाल उठना लाज़मी है–यह सन्यास है या संपन्नता का प्रदर्शन?

माघ मेले में सतुआ बाबा का काफिला देखते ही श्रद्धालु नहीं, बल्कि प्रशासन और मीडिया तक ठिठक गया। बताया जा रहा है कि बाबा के पास मौजूद दो गाड़ियों की कीमत ही करीब 7 करोड़ रुपये है। यहीं से चर्चाओं का सिलसिला शुरू हुआ और बात वाराणसी तक जा पहुंची। जांच में सामने आया कि वाराणसी में सतुआ बाबा का आश्रम करीब 50 करोड़ रुपये का बताया जाता है। इसके अलावा कई लग्जरी गाड़ियां और प्राइवेट जेट से सफर–ये सब ऐसे तथ्य हैं, जो एक संन्यासी जीवन की परिभाषा पर सवाल खड़े करते हैं। इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नजदीकियों की चर्चाएं भी माघ मेले में आम रहीं। सत्ता और संत के इस मेल ने बहस को और धार दे दी हैं।

मिडिया की ग्राउंड रिपोर्ट में सतुआ बाबा की जड़ें ललितपुर से जुड़ती हैं। असली नाम संतोष तिवारी। पढ़ाई के लिए बनारस आए और यहीं उन्होंने सन्यास की राह पकड़ ली। कहा जाता है कि उनका व्यवहार, बोलचाल और संगठन क्षमता ऐसी थी कि वे धीरे-धीरे आश्रम के मुख्य और फिर महामंडलेश्वर बन गए। पर कहानी में मोड़ तब आया, जब यह सामने आया कि सन्यास लेने की जानकारी तक माता- पिता को नहीं थी। परिवार ने इसका विरोध भी किया–सवाल उठाया गया कि बिना सहमति उनका बेटा कैसे सन्यासी बना दिया गया? भावनात्मक पहलू भी कम चौंकाने वाला नहीं है। बाद में मां ने इच्छा जताई कि वे अपने अंतिम दिन छोटे बेटे के साथ बिताना चाहती हैं। उनकी अंतिम सांस वाराणसी के उसी आश्रम में टूटी, जो आज करोड़ों की संपत्ति का केंद्र बताया जा रहा है। चार भाइयों में सबसे छोटे सतुआ बाबा के बड़े भाई पत्रकार थे, जिनकी 2007 में गोली लगने से मौत हो गई थी। कहा जाता है कि इसी घटना के बाद उनके जीवन ने निर्णायक मोड़ लिया।आज स्थिति यह है कि प्रयागराज माघ मेले में सतुआ बाबा सबसे बड़ा चर्चा-बिंदु हैं। सवाल साफ हैं–क्या यह आस्था का नया चेहरा है? या फिर संन्यास की आड़ में खड़ा होता एक भव्य साम्राज्य? आगे की कहानी क्या मोड़ लेती है–इस पर अब सबकी नजरें टिकी हैं।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आठवां वेतन आयोग केंद्रीय कर्मचारियों की कितनी बढ़ेगी सैलरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए आठवें वेतन आयोग को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सातवें वेतन आयोग की अवधि पूरी होने के बाद अब सभी की निगाहें आठवें वेतन आयोग पर टिकी हैं। सूत्रों के अनुसार, आठवां वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 से प्रभावी माना जा सकता है, हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा और सिफारिशों को लागू होने में समय लग सकता है। जानकारी के अनुसार, सरकार की ओर से वेतन आयोग के गठन, उसकी रिपोर्ट और अंतिम स्वीकृति की प्रक्रिया में लगभग 18 से 24 माह का समय लग सकता है। ऐसे में कर्मचारियों को एरियर का लाभ मिलने की भी संभावना जताई जा रही है। यदि आयोग को 2026 से प्रभावी माना गया, तो देरी की स्थिति में बकाया राशि एकमुश्त मिल सकती है। आठवें वेतन आयोग के लागू होने से केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इसमें शिक्षक, आयकर विभाग, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो, अभियंता, नर्सिंग अधिकारी, लिपिकीय संवर्ग सहित अन्य केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनभोगी शामिल हैं। वेतन वृद्धि को लेकर फिटमेंट फैक्टर को अहम माना जा रहा है। जानकारों के अनुसार आठवें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर लगभग 2.64 तक हो सकता है। यदि ऐसा होता है, तो कर्मचारियों के मूल वेतन में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। उदाहरण के तौर पर, लेवल-1 के कर्मचारी का वर्तमान मूल वेतन 18 हजार रुपये से बढ़कर लगभग 47 हजार रुपये से अधिक हो सकता है। वहीं लेवल-6 के कर्मचारियों, जिसमें शिक्षक भी शामिल हैं, का मूल वेतन 35,400 रुपये से बढ़कर 93 हजार रुपये के आसपास पहुंच सकता है। उच्च पदों पर कार्यरत अधिकारियों के वेतन में भी उल्लेखनीय इजाफे की संभावना है। लेवल-10, लेवल-14 और लेवल-18 के अधिकारियों का मूल वेतन लाखों रुपये तक पहुंच सकता है। इससे न केवल कर्मचारियों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, बल्कि बाजार और अर्थव्यवस्था पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। हालांकि, सरकार की ओर से अभी तक आठवें वेतन आयोग को लेकर कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि अंतिम फैसला केंद्र सरकार की मंजूरी और आयोग की सिफारिशों पर निर्भर करेगा। इसके बावजूद कर्मचारियों में इसे लेकर उत्साह बना हुआ है और वे जल्द सकारात्मक घोषणा की उम्मीद कर रहे हैं। फिलहाल केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनभोगी सरकार की आधिकारिक घोषणा का इंतजार कर रहे हैं, जिससे वेतन वृद्धि और भविष्य की आर्थिक स्थिति को लेकर तस्वीर साफ हो सके।

# आप का सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## ● मणिकर्णिका घाट पर मंदिर ध्वस्तीकरण के खिलाफ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पार्टी ने काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों के ध्वस्तीकरण के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित एक मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र एडवोकेट ने किया। आप का स्पष्ट मत है कि विकास के नाम पर इतिहास, परंपरा और धार्मिक विरासत को मिटाने की अनुमति किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को नहीं दी जा सकती। पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि प्राचीन मंदिरों को तोड़ने जैसे कृत्यों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में देश के अन्य पौराणिक और धार्मिक स्थलों पर भी इसी प्रकार के हमले हो सकते हैं, जिससे सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को गंभीर खतरा उत्पन्न होगा।

आम आदमी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति से संविधान के तहत अपने विशेष अधिकारों का प्रयोग करते हुए केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को तत्काल ठोस निर्णय लेने के निर्देश देने की मांग की है। पार्टी की प्रमुख मांग है कि मणिकर्णिका घाट पर तोड़े गए सभी प्राचीन मंदिरों का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए। इसके अतिरिक्त, मंदिरों के ध्वस्तीकरण का आदेश देने वाले अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पार्टी ने यह भी मांग की है कि किसी भी धार्मिक स्थल के साथ व्यापक जनसह?मति और धार्मिक संस्थाओं की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

आप ने भविष्य में काशी सहित प्रदेश और देश के किसी भी पौराणिक, ऐतिहासिक या धार्मिक स्थल को नुकसान न पहुंचे, इसके लिए स्पष्ट और कठोर दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की है। पार्टी का मानना है कि धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना केवल सरकार की नहीं, बल्कि संवैधानिक संस्थाओं की भी जिम्मेदारी है। यदि इस गंभीर विषय पर निर्णायक हस्तक्षेप नहीं हुआ, तो देशभर में आक्रोश और अविश्वास का वातावरण बनेगा तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को गहरा आघात पहुंचेगा। आप ने आशा व्यक्त की है कि राष्ट्रपति इस विषय की गंभीरता और संवेदनशीलता को समझते हुए केंद्र एवं राज्य सरकारों को तत्काल, ठोस और प्रभावी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित करेंगी। इस अवसर पर शोहरत अली, राम विशाल तिवारी, शहजादा शकील सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजा भैया-भानवी सिंह विवादः सुप्रीम कोर्ट का दिल्ली हाई कोर्ट को 4 महीने में मामला निपटाने का आदेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट को विधायक राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह के मामले पर चार महीने में फैसला करने के लिए कहा है. दिल्ली हाई कोर्ट ने राजा भैया उर्फ रघुराज प्रताप सिंह को निचली अदालत द्वारा जारी किए गए समन पर रोक लगा दी थी. यह मामला उनकी पत्नी भानवी सिंह द्वारा दायर घरेलू हिंसा के केस से जुड़ा है और घरेलू हिंसा की मुख्य याचिका दिल्ली की निचली अदालत में पेंडिंग है।

सुप्रीम कोर्ट ने आज मामले की मेरिट पर कोई बात नहीं की, लेकिन हाई कोर्ट को राजा भैया को जारी किए गए समन से जुड़े मामले पर चार महीने में फैसला करने का निर्देश दिया है. हाई कोर्ट ने इस समन पर 2024 में रोक लगाई थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह की याचिका पर सीधे सुनवाई से इनकार किया, लेकिन उन्हें सीमित राहत देते हुए मामले के शीघ्र निपटारे का आदेश दिया है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि जब हाई कोर्ट स्वयं मामले की सुनवाई कर रहा है तो सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप नहीं कर सकता है, लेकिन समयबद्ध निपटारे के निर्देश दिए जा सकते हैं।

गौरतलब है कि राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी. अपनी शिकायत में भानवी सिंह ने उन पर कई वर्षों तक शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है. साथ ही भानवी ने ससुराल पक्ष, विशेषकर सास द्वारा उत्पीड़न के आरोप भी लगाए हैं. पुलिस के अनुसार, दंपति पिछले कई वर्षों से अलग रह रहे हैं।

### पुलिस कार्यालय में एसपी ओमवीर सिंह का औचक निरीक्षण, अभिलेखों की व्यवस्था और लंबित कार्यों पर जताई सख्ती

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव और कार्यों के समयबद्ध निस्तारण को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए। एसपी ने प्रधान लिपिक कार्यालय, डीसीआरबी, आईजीआरएस, आंकिक शाखा, सीसीटीएनएस, एलआईयू, जनसूचना सेल एवं रिट शाखा समेत अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित कर्मचारियों से अभिलेखों के संधारण, अद्यतन स्थिति और कार्य प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में एसपी ओमवीर सिंह ने कार्यालयों में लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए सभी कार्यों को नियत समयसीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से पुलिसकर्मियों के यात्रा भत्ता और चिकित्सा प्रतिपूर्ति से जुड़े आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) कृपा शंकर, अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ला, क्षेत्राधिकारी नगर मो. उस्मान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केरल में ऐसी सरकार देंगे जो जनता की समस्याओं का समाधान करेगी: राहुल गांधी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कोच्चि में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट की महापंचायत सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी केरल के लोगों को एक ऐसी सरकार देने जा रही है जो लोगों की बात सुनेगी, उनकी समस्याओं का समाधान करेगी और बेरोजगारी की समस्या को हल करेगी।

राहुल गांधी ने दिसंबर 2025 के स्थानीय निकाय चुनावों में विजयी हुए कांग्रेस प्रतिनिधियों को बधाई दी। उन्होंने इस जनादेश को शानदार जीत बताते हुए कहा कि संविधान की रक्षा करना जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने से अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं 100 प्रतिशत निश्चितता के साथ कह सकता हूं कि कोई भी केरल की आवाज को चुप नहीं करा सकता। आने वाला चुनाव दिखाएगा कि केरल जोर से बोलेगा।

राहुल गांधी ने मनरेगा का जिक्र करते हुए कहा कि मनरेगा अब एक राष्ट्रीय मुद्दा बन गया है। केंद्र सरकार ने इस योजना में जो बदलाव किए हैं, वे भारत के गरीब लोगों के अधिकारों पर हमला हैं। जिस तरह से इसे रद्द किया गया है, हम उससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूपीए सरकार ने मनरेगा को हमारे देश के सबसे गरीब लोगों को मिनिमम वेज देने के लिए बनाया था। इसने लाखों लोगों की जिंदगी बदल दी, और अब उस प्रोग्राम को खत्म किया जा रहा है। केंद्र सरकार देश के मजदूरों को मिनिमम वेज नहीं देना चाहती है, इसीलिए वे मनरेगा पर हमला कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने खुद लोकसभा में मनरेगा का मजाक उड़ाया था, लेकिन जब कोविड आया तो मनरेगा ने हमारे लोगों को बचाया।

राहुल गांधी ने कहा कि मुझे इस राज्य से सांसद बनने का सम्मान मिला है। पूरी विनम्रता के साथ मैं कह सकता हूं कि मैंने केरल के लोगों से बहुत कुछ सीखा है। जब मैं इस राज्य से सांसद बना तो केरल के लोगों के साथ मेरा रिश्ता बदल गया। यह देखकर मुझे दुख होता है कि हजारों युवा केरलवासी विदेश जा रहे हैं, क्योंकि उन्हें यहां रोजगार नहीं मिल रहा है।

# गन्ना घटतौली से किसान परेशान, किसानों के साथ धोखाधड़ी और घटतौली से किसानों को निजात कब

## ● गरीब चोरी करें तो जेल, उद्योगपति करे घटतौली, धोखाधड़ी तो कार्यवाही क्यों नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** गन्ना किसानों के साथ हो रहीं धोखाधड़ी और गन्ना घटतौली का सनसनी खेज मामला प्रकाश में आया है। घटतौली से परेसान किसानों ने मिल प्रबंधन समेत शासन प्रशासन से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। यदि अजबापुर चीनी मिल प्रति घंटा 2400 सौ गन्ना ट्रालीयों की तौल करती हैं तो प्रति ट्रालियों पर घटतौली 50 किलो गन्ना होगा 200 रुपये प्रति ट्राली की चोरी होगी तो 2400×200= 480000 चार लाख अस्सी हजार रुपये प्रतिदिन की घटतौली मिल के जिम्मेदार करते हैं द्य वहीं देखा जाये प्रति ट्राली 25 किलो की घटतौली की जाती है तो रकम 240000 दो लाख चालीस हजार रुपये की घटतौली की बनती है। यदि

अंकगणित के फ़ार्मूला पर नजर डालें तो 1 कुंटल गन्ना 400 सौ रुपये का प्रति ट्राली के हिसाब से घटतौली की जाती हैं तो 2400 ट्राली ×400 = 960000 नौ लाख साठ हजार चौबीस घंटों की घटतौली कर भ्रष्टाचार किया जा रहा ।वहीं इस घटतौली किये गये गन्ना के मूल्यों को तीस दिनों तक घटतौली की जाती है तो यह रकम 960000×30 = 28800000 तो यह रकम दो करोड़ अठ्ठासी लाख रुपये बनती है। किसानो के गन्ने की घटतौली कर किसानों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है।सूत्र बताते हैं कि जिम्मेदार अधिकारीयों की मिलीभगत से मिल के अन्दर घटतौली की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अजबापुर चीनी मिल की गन्ना सोसाइटी क्षेत्र मे संचालित गन्ना सेंटरों पर गन्ना उतारवाई के नाम पर प्रति ट्राली 100 रुपये लिये जाते ओर प्रति ट्राली पर 30 किलो से 50 किलो से एक कुंटल की घटतौली की जाती । किसानो का कहना है कि जनता चोरी करें तो अपराधी तुरंत कार्यवाही ओर जेल वहीं जब वही उद्योगपति दिनदहाड़े करोड़ों रुपये की घटतौली करते हैं उन पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है आखिर दो तरह का कानून क्यों प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री किसानों की समस्या का संज्ञान कब लेगें घटतौली से किसानों को निजात कब मिलेगी।




बताया जाता है कि अजबापुर गन्ना चीनी मिल में दिनांक 11/01/2026 किसानों द्वारा प्रति ट्राली एक कुंटल चालीस किलो गन्ने की घटतौली का आरोप लगाया जा रहा है, जिससे मिल करोड़ों रुपये का लाभ उठा रही है और सरकार की छवि खराब हो रही है। यह विवाद उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी क्षेत्र में चल रही अजबापुर चीनी का है, जहां किसान वजन में गड़बड़ी की शिकायत कर रहे हैं। घटतौली के आरोप में किसानों का कहना है कि मिल के कांटों पर ट्रॉली का वजन बाहर के धर्मकांटों से कम आता है, प्रति ट्राली 1.4 कुंतल तक का अंतर आता है।जबकि बाहर के धर्मकांटों पर सरकारी गल्ला भी तौला जाता। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है व किसान धरना-प्रदर्शन करने को विवश हो सकते हैं। मिल प्रबंधन ने भुगतान तो समय पर किया, लेकिन वजन विवाद पर स्पष्ट समाधान नहीं दिखा। सरकार द्वारा आदेश दिया गया था कि घटतौली अगर पाई जाती है तो घटतौली करनेवाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जायेगा। लेकिन सवाल यह है की क्या जिले के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में संज्ञान लेगें? क्या कार्यवाही की जायेगी या फिर खानापूर्ति कर दी जायेगी?

दिनांक 13/01/2026 को to किसानों ने बताया अजबापुर चीनी मिल के अन्दर एक कांटे से कांटे पर गन्ना तोलने पर 50 किलो का अन्तर आता है मिल के धर्मकांटे सही नहीं है किसानों के साथ गन्ना घटतौली कर मिल प्रबंधक, गन्ना सचिव की मिलीभगत से धोखाधड़ी कर भ्रष्टाचार किया जा रहा। इस समबन्ध मे कई किसान नेताओं से बात की गई।किसानों द्वारा घटतौली समबन्धित उच्चधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन किसी प्रकार का सुधार नहीं हो पाया।आखिर जिलाधिकारी खीरी व जिला गन्ना अधिकारी खीरी इस समस्या से किसानों को निजात कब दिलायेंगे। या फिर सिस्टम में लगे भ्रष्टाचार का दीमक पूरे सिस्टम को यू ही खोखला कराता रहेगा। और जिला प्रशासन अपनी कुंभकर्णी नीद में सोता रहेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## भेड़वा में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ, बच्चों ने आजमाया जोर

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड बहादुरपुर के भेड़वा गांव स्थित यशोदा एजुकेशनल एकेडमी में शुक्रवार को तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता 19 जनवरी से 21 जनवरी तक आयोजित की जा रही है, जिसमें विद्यार्थियों के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 500 मीटर दौड़ के साथ-साथ कबड्डी और खो-खो जैसी रोमांचक खेल स्पर्धाएं शामिल हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कुदरहा ब्रह्मदेव यादव उर्फ देवा रहे। उन्होंने हरी झंडी दिखाकर 100 मीटर दौड़ की शुरुआत की और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक सोच को भी विकसित करते हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का सशक्त मंच मिलता है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार दुबे सहित राज किशोर दुबे, प्रभाकर, अनुज शुक्ल, उमाकांत ओझा समेत शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी खेलों के क्रमवार कार्यक्रम की जानकारी दी और बताया कि समापन दिवस पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। उद्घाटन के उपरांत दौड़ एवं टीम खेलों का आयोजन शुरू हुआ, जिसमें खिलाड़ियों का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा था।

## सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस का संयुक्त चेकिंग अभियान



**बलरामपुर।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में बुधवार को संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुआ। अभियान के दौरान एआरटीओ बलरामपुर एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात उमेश सिंह यादव द्वारा विभिन्न स्थानों पर वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक किया गया तथा नियमों का उल्लंघन न करने की सख्त हिदायत दी गई। चेकिंग के दौरान विशेष रूप से गन्ना लदी ट्रालियों एवं ट्रकों के चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। चालकों को अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर, इंडिकेटर लाइट एवं संकेतक पट्टी अनिवार्य रूप से लगाने, ओवरलोडिंग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करने के निर्देश दिए गए। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के चेकिंग अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

## बबूल का पेड़ काटने से मना करने पर मारपीट



**ललितपुर।** घर के सामने लगे बबूल के पेड़ को काटने से मना करने पर गांव के कुछ लोगों ने एक युवक से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना को लेकर मड़ावरा थाना के ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी रोशन पुत्र स्व.पारीक्षत पटेल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 18 जनवरी की सुबह 10 बजे पड़ौसी अशोक कुमार पुत्र सालिकराम, कपिल पुत्र अशोक कुमार, सोबरन उर्फ छोटू पुत्र अशोक कुमार, सालिकराम पुत्र लक्ष्मन पटेल एकराय होकर आये और उसके घर के सामने लगे बबूल के पेड को काटने लगे। जब उसने पेड़ काटने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि बचाव करने आयी उसकी मां सिरदार पत्नी स्व.पारीछत के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (3), 351 (2), 352, 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# अध्यक्षता में कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मण्डलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लायें। उन्होने प्रवर्तन से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही की जाय तथा निजी वाहनों को व्यवसायिक प्रयोग में लाने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर सैम्पलिंग की कार्यवाही की जाय। उन्होने न्यायालय से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धारा 34, 67 व वरासत से संबंधित प्रकरण को नियमानुसार शीघ्रअतिशीघ्र निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति में पिछड़े विभाग कार्ययोजना बनाकर निरन्तर अभियान चलायें। पुलिस उपमहा निरीक्षक संजीव त्यागी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधिया ना होने पायें और समय-समय पर अभियान चलाकर कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। बैठक का संचालन अपर आयुक्त प्राासन मनोज कुमार तिवारी ने किया। बैठक में जिलाधिकारी बस्ती श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना, सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जी.एन., संतकबीरनगर आलोक कुमार, तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षक, एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान, डिप्टी कमिश्नर वाणिज्यकर डज्ञ. सरोज, उपायुक्त आबकारी एस.के. पाण्डेय, उप निदेशक प्रशासन मण्डी परिषद ज्योति यादव, अधिक्षण अभियन्ता विद्युत खालिद सिद्दीकी, सहायक आयुक्त औषधि नरेश मोहन दीपक, खान अधिकारी प्रशान्त अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी संतोष कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

# काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों के ध्वस्तीकरण से रोष

**●आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले में आम आदमी पार्टी द्वारा काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों के ध्वस्तीकरण मामले को लेकर रोष है। मंगलवार को आम आदमी पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष डा. राम सुभाष वर्मा के नेतृत्व में जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को 4 सूत्रीय ज्ञापन भेजा। मांग किया कि धार्मिक आस्था पर हो रहे हमले के जिम्मेदार दोषियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई सुनिश्चित कराया जाय ज्ञापन सौपने के बाद 'आप' जिलाध्यक्ष डा. राम सुभाष वर्मा ने कहा कि काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों के ध्वस्तीकरण धार्मिक आस्था पर सीधा प्रहार है। मणिकर्णिका घाट हिंदू धर्म का सबसे पवित्र स्थल माना जाता है, जहां मोक्ष की मान्यता जुड़ी है। ऐसे पवित्र स्थल पर प्राचीन मंदिरों का ध्वस्तीकरण देशभर के करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाने वाला है। सरकार इसे गंभीरता से लेकर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करे

आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी कुलदीप जायसवाल, प्रान्तीय सचिव पतिराम आजाद ने कहा कि आम आदमी पार्टी का स्पष्ट मत है कि विकास के नाम पर इतिहास, परंपरा और धार्मिक विरासत को मिटाने की अनुमति किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को नहीं दी जा सकती। यदि आज प्राचीन मंदिरों को तोड़ने जैसे कृत्यों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में देश के अन्य पौराणिक और धार्मिक स्थलों पर भी इसी प्रकार के हमले किए जाएंगे, जिससे सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को गंभीर खतरा उत्पन्न होगा। राष्ट्रपति को भेजे 4 सूत्रीय ज्ञापन में मणिकर्णिका घाट पर तोड़े गए सभी प्राचीन मंदिरों का तत्काल पुनर्निर्माण कराने, मंदिरों के ध्वस्तीकरण का आदेश देने वाले अधिकारियों एवं जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने, किसी भी धार्मिक स्थल के साथ बिना व्यापक जनसहमति और धार्मिक संस्थाओं की अनुमति के किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर पूर्ण प्रतिबंध लगाये जाने आदि की मांग शामिल है ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से आशीष जायसवाल, शेषनाथ चौधरी, उमेश कुमार शर्मा, शेषपाल चौधरी, अब्दुल कयूम, डा. राम सजन सूर्यबंशी, विजय कुमार सोलंकी, श्याम नरायन चौधरी के साथ ही 'आप' के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# संयुक्त पुलिस कार्रवाई में अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में हथियार बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ी सफलता हासिल करते हुए थाना कलवारी, थाना नगर पुलिस और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई में अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का खुलासा किया गया है। पुलिस ने मौके से हथियार बनाने के उपकरणों सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस पूरी कार्रवाई में सबसे अहम भूमिका निभाई थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह और थानाध्यक्ष कलवारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने, जिनके कुशल नेतृत्व और सूझबूझ से अवैध हथियार निर्माण के इस बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश संभव हो सका। पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि थाना कलवारी क्षेत्र के मांझा खुर्द स्थित श्मशान घाट के पीछे निर्जन स्थान पर अवैध तमंचा और कारतूस बनाने का कार्य चल रहा है। सूचना मिलते ही एसओजी प्रभारी विकास यादव, थानाध्यक्ष कलवारी गजेंद्र प्रताप सिंह, थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी मांझा खुर्द और उनकी टीमों ने संयुक्त रूप से योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। देर रात लगभग 02 बजे की गई इस कार्रवाई में मौके से अभियुक्त ताज मोहम्मद पुत्र तैयब, निवासी कस्बा इलफातगंज, थाना इब्राहिमपुर, जनपद अम्बेडकरनगर को गिरफ्तार कर लिया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक श्यामकांत ने क्षेत्राधिकारी कलवारी संजय सिंह के मौजूदगी में बताया कि आरोपीज काफी शातिर दिमाग का है और वह तेजी के साथ कारतूस बनाने में भी माहिर है 7अपराधी कितना शातिर और घाघ टाइप का है वह इसी बात से पता चलता है कि जिस समय वह पेश किया गया उसके वह मुस्करा रहा था उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध असलहे और उपकरण बरामद किए, जिनमें दो अवैध देशी तमंचा 12 बोर, दो अवैध देशी तमंचा 315 बोर, एक अवैध निर्मित तमंचा 315 बोर, दो स्वनिर्मित जिंदा कारतूस 12 बोर, एक खोखा कारतूस तथा हथियार बनाने के विभिन्न उपकरण शामिल हैं। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना कलवारी में अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 10/2026 धारा 3/5/25/27 आयुध अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से अवैध तमंचा और कारतूस बनाकर चोरी-छिपे बेचता था। पुलिस की सक्रियता बढ़ने के कारण वह अपने घर के बजाय सुनसान स्थानों पर रात के समय यह काम करता था। अभियुक्त ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए वह सवारी वाहन से उपकरण लाकर इसी स्थान पर हथियार तैयार करता था।जांच में यह भी सामने आया कि अभियुक्त का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। वर्ष 2015 में थाना कोतवाली बस्ती में उसके खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

इस सफल अभियान में थानाध्यक्ष कलवारी गजेंद्र प्रताप सिंह और थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह की रणनीतिक भूमिका बेहद सराहनीय रही। इनके अतिरिक्त एसओजी प्रभारी विकास यादव, चौकी प्रभारी शैलेश कुमार यादव, हेड कांस्टेबल इरशाद खां, अभय उपाध्याय, कांस्टेबल विजय यादव, चंदन भारती, विपिन भट्ट, देवेन्द्र निषाद, श्यामसुन्दर, सतेन्द्र यादव, शुभम सिंह सहित सर्विलांस सेल की टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# भरण-पोषण के उद्देश्य से की जाने वाली शादियाँ' : कानून के दुरुपयोग की एक चिंताजनक प्रवृत्ति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भारतीय समाज में कानूनों का दुरुपयोग एक गंभीर सामाजिक समस्या के रूप में उभर कर सामने आ रहा है। विवाह, तलाक, संपत्ति विवाद और आपराधिक मामलों से जुड़े कानूनों का गलत उपयोग न केवल न्याय व्यवस्था पर बोझ बढ़ा रहा है, बल्कि निर्दोष नागरिकों को मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से भी प्रभावित कर रहा है। इन्हीं समस्याओं के बीच हाल के वर्षों में एक नई और चिंताजनक प्रवृत्ति सामने आई है, जिसे 'भरण-पोषण के उद्देश्य से की जाने वाली शादियाँ' (Alimony Hunting Marriages) कहा जा रहा है। भारत में भरण-पोषण से संबंधित प्रावधान मुख्य रूप से हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 तथा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के अंतर्गत आते हैं। इन कानूनों का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर जीवनसाथी को संरक्षण प्रदान करना है, किंतु कुछ मामलों में इनका दुरुपयोग समाज के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है।

**कानूनी प्रावधानों की संक्षिप्त जानकारी**

हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 24 के अंतर्गत वाद लंबित रहने की अवधि में आर्थिक रूप से कमजोर पक्ष को अंतरिम भरण-पोषण (Maintenance pendente lite) देने का प्रावधान है। इसी प्रकार विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा 37 में भी समान व्यवस्था की गई है। वहीं, हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 25 न्यायालय को यह अधिकार प्रदान करती है कि वह विवाह विच्छेद के पश्चात स्थायी भरण-पोषण (Permanent Alimony) प्रदान कर सके।

**कानून का दुरुपयोग और उसके दुष्परिणाम**

कुछ मामलों में यह देखा गया है कि कुछ महिलाएँ विवाह को एक स्थायी सामाजिक संस्था के रूप में न देखकर, केवल आर्थिक लाभ के साधन के रूप में उपयोग कर रही हैं। ऐसे मामलों में विवाह कुछ ही दिनों, हफ्तों अथवा महीनों में समाप्त कर, पति एवं उसके परिवार से भारी भरकम भरण-पोषण की मांग की जाती है। इस प्रकार के मामलों में न केवल वर पक्ष को आर्थिक क्षति होती है, बल्कि उन्हें सामाजिक अपमान, झूठे आरोपों, कानूनी लड़ाई और मानसिक तनाव का भी सामना करना पड़ता है। कई बार पूरे परिवार की प्रतिष्ठा और भविष्य दांव पर लग जाता है।

**न्यायालय का दृष्टिकोण**

दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा रिता राज बनाम पवित्रा रॉय चौधरी प्रकरण में यह स्पष्ट किया गया कि भरण-पोषण का उद्देश्य जीवनसाथी को आत्मनिर्भर बनने में सहायता देना है, न कि उसे विलासितापूर्ण जीवन शैली प्रदान करना। इस मामले में याचिकाकर्ता रेलवे में ग्रुप A अधिकारी थीं, इसलिए न्यायालय ने भरण-पोषण देने से इनकार करते हुए कानून के वास्तविक उद्देश्य को रेखांकित किया।

**आगे की राह**

आज आवश्यकता इस बात की है कि न्यायालयों द्वारा ऐसे मामलों में गहन जांच की जाए, ताकि वास्तविक पीड़ितों को न्याय मिल सके और कानून का दुरुपयोग करने वालों पर अंकुश लगाया जा सके। कुछ विशेषज्ञ वैवाहिक परामर्श और पारिवारिक सुलह को प्राथमिकता देने की बात करते हैं, वहीं अन्य लोग भरण-पोषण कानूनों में और अधिक स्पष्टता एवं सख्ती की मांग कर रहे हैं।

**निष्कर्ष**

यह आवश्यक है कि कानून और समाज के बीच संतुलन बनाया जाए। एक ओर जहां वास्तविक पीड़ित जीवनसाथियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो, वहीं दूसरी ओर कानून को आर्थिक लाभ का साधन बनने से रोका जाए। कानून का उद्देश्य न्याय है, न कि किसी एक पक्ष के लिए अनुचित लाभ का माध्यम। प्रिया सिंह-अध्यापिका

# शुक्ल बाजार पुलिस द्वारा शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु किया गया पैदल गश्त

**● संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग की गयी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा कस्बे में पैदल गश्त कर व्यापक स्तर पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस बल ने प्रमुख बाजारों, चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता के साथ निरीक्षण किया।थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने गश्त के दौरान स्थानीय नागरिकों से संवाद करते हुए स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं आमजन में सुरक्षा का भरोसा कायम करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अराजकता, अवैध गतिविधि अथवा संदिग्ध गतिविधियों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से जहां असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा रहा, वहीं आम नागरिकों ने स्वयं को अधिक सुरक्षित महसूस किया। थाना अध्यक्ष ने आमजन से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इस अभियान के माध्यम से बाजार शुक्ल पुलिस ने यह संदेश स्पष्ट कर दिया है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

# माध्यमिक शिक्षक संघ बस्ती का एक प्रतिनिधिमंडजेडी से मिला माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल

**●सह जिला विद्यालय निरीक्षक के मनमाने रवैये की किया शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंआज दिनांक 20 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ बस्ती (शर्मा गुट) का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष शिवपाल सिंह के नेतृत्व में संयुक्त शिक्षा निदेशक- बस्ती, मंडल-बस्ती आनंद कर पाण्डेय से मिला तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, बस्ती कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितताओं के विरोध में शिकायती पत्र सौंपा। शिकायती पत्र में एक ओर जहाँ जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में चयन, प्रोन्नत, एसीपी आदि के नाम पर हो रही वसूली का उल्लेख किया गया वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक-बस्ती की शह पर सह जिला विद्यालय निरीक्षक उदयभान वर्मा के मनमाने रवैये व अशोभनीय व्यवहार के प्रति भी शिक्षकों ने विरोध जताया। जिलाध्यक्ष शिवपाल सिंह ने मीडिया को बताया कि अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो तथा शिक्षकों के रिक्त पद हेतु शासन द्वारा निर्धारित प्रारूप पर जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम अधियाचन माँगा गया है परंतु जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह व सह जिला विद्यालय निरीक्षक उदयभान वर्मा द्वारा निर्धारित प्रारूप में छेड़छाड़ की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक द्वारा जारी पत्र में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि यदि किसी पद के सापेक्ष कोई विशेष परिस्थिति (माननीय न्यायालय में लंबित वाद आदि) है तो उसे टिप्पणी वाले स्तंभ में अंकित किया जाए लेकिन सह जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा प्रारूप के नीचे टिप्पणी लिखने को बाध्य किया जा रहा है। जो विद्यालय ऐसा नहीं कर रहे हैं उनके प्रधानाचार्य को बार-बार कार्यालय बुलाकर उत्पीड़न किया जा रहा है तथा मनमाने ढंग से अधियाचन प्रारूप को भरने व 50% पदोन्नति कोटे के अंतर्गत आने वाले पदों को भी अधियाचित करने के लिए विद्यालय अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है। हद तो तब हो गई जब सह जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती उदयभान वर्मा द्वारा 'त्रुटिपूर्ण अधियाचन' भेजने के नाम पर जनपद के संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा लिपिक का वेतन रोक देने का धमकी भरा आदेश जिला विद्यालय निरीक्षक संजय सिंह की उपस्थिति में ही उनके पदनाम से जारी किया गया। पूर्व में भी उनके द्वारा ऐसे आदेश जारी किए जाते रहे हैं जिससे यह प्रतीत होता है कि जिला विद्यालय निरीक्षक- बस्ती संजय सिंह जो कि अपने कार्यालय से अधिकतर समय बाहर ही रहते हैं, की मौन सहमति पर ही यह कृत्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि शिक्षक संगठन द्वारा सह जिला विद्यालय निरीक्षक बस्ती उदयभान वर्मा के इस विधिविरुद्ध आचरण का जमकर विरोध किया जा रहा है और जनपद के प्रधानाचार्य और अध्यापकों तथा कर्मचारियों में उनके व्यवहार को लेकर भी भारी रोष प्राप्त है तथा किसी भी समय कोई अप्रिय घटना हो सकती है। जिला उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी डॉ. विकास भट्ट 'कामिल' ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक-बस्ती कार्यालय में प्रोन्नत वेतनमान तथा एसीपी की कई फाइलें महीनों से लंबित रखी गई हैं जिनके आदेश जारी करने में उनके द्वारा हीलाहवाली की जा रही है तथा पटल सहायक द्वारा संबंधित शिक्षकों तथा कर्मचारियों को फोन करके बार-बार कार्यालय बुलाया जा रहा है। इस संबंध में संगठन द्वारा डीआईओएस-बस्ती को दो दिन का समय दिया गया है। यदि दो दिन के अंदर उनके द्वारा आदेश जारी नहीं किए गए तो संगठन द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक-बस्ती का घेराव किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष शिवपाल सिंह, मंडलीय संरक्षक रामेश्वर सिंह, जिला मंत्री गिरीश चंद्र चौबे, जिला उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी डॉ. विकास भट्ट 'कामिल', उपाध्यक्षगण प्रत्यूष कुमार सिंह, डॉ श्रीकांत, रामगोपाल यादव, संयुक्त मंत्रीगण प्रेमनाथ विश्वकर्मा, शंभू नाथ वर्मा, दिनेश तिवारी, पूर्व जिला मंत्री पवन कुमार शुक्ल, संजय कुमार द्विवेदी, सर्वेंद्र नारायण द्विवेदी, मनीष श्रीवास्तव, नीलिमा गौतम, दिवाकर अमर सिंह, शिरीष राम त्रिपाठी, हेमंत कुमार चौधरी, दिनेश कुमार, डॉ.इंद्रजीत 'पॉटर', कुलदीप वर्मा, पवन कुमार वर्मा, विनय कुमार वर्मा, अजीत कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, संदीप मणि त्रिपाठी, अशोक उपाध्याय, अवधेश पाण्डेय, नीरज पाण्डेय, अरुणेश चौधरी, जग प्रसाद मिश्रा, श्रीकांत मिश्र, राकेश पांडे संदीप सिंह, आनंद सिंह, विनय सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# अधिक पैसा लेकर आधार कार्ड बनाने के मामले पर शुभम ने दिया सफाई

**●कहा विरोधियों ने रचा बदनाम करने और फंसाने की साजिश।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** – पचपेड़वा (बलरामपुर) पचपेड़वा विकास खण्ड कार्यालय के अन्दर एडीओ पंचायत संजीव कैराती के कक्ष में बैठकर शुभम विश्वकर्मा के द्वारा नया आधार कार्ड बनाने और पुराने आधार कार्ड के त्रुटियों आदि को मिटाकर सही तथा अपडेट आदि करने का कार्य बीते कई महीनों से किया जा रहा था। लेकिन आम जनता द्वारा मीडिया को कुछ शिकायतें मिल रही थी कि नया आधार कार्ड बनाने अथवा अपडेट करने के लिए अधिक पैसा वसूल किया जा रहा है जिसके बाद एक हिन्दी दैनिक अखबार में यह खबर छपा। खबर छपने के बाद आधार कार्ड बनाने वाले शुभम विश्वकर्मा निवासी ग्राम भाथर ने मौखिक और शपथपत्र के जरिए बताया कि हमारे खिलाफ छपी खबर विरोधियों के साजिश और मुझे बदनाम कर फंसाने का षड्यंत्र रचा गया है हम सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क ही लेकर आधार बनाने का कार्य कर रहे हैं। शुभम ने कहा कि न तो हम पहले भी किसी से अधिक पैसा लेकर आधार बना रहे थे न ही आगे भविष्य में कभी अधिक पैसा किसी से लेंगे। सरकार द्वारा निर्धारित जो शुल्क है हम वहीं लेकर कार्य करते रहेंगे। जो आम जनता के हित में है। शुभम ने बताया कि अभी भी क्षेत्र के बहुत लोग छूटे हुए हैं जिनके घर परिवार में छोटे बच्चों तथा अन्य सदस्य का किसी कारणवश आधार कार्ड नहीं बन है या किसी तरह की कोई त्रुटि है अथवा मोबाइल या पैन कार्ड आदि से लिंक नहीं है इन तमाम समस्याओं से क्षेत्र के लोग जूझ रहे हैं जिनसे निर्धारित शुल्क लेकर ही जनहित में उनका कार्य किया जा रहा है। लेकिन इसी क्षेत्र में कार्य करने वाले कुछ लोगों को मेरे द्वारा किया जा रहा जनहित का यह कार्य हजम नहीं हो रहा था जिसके कारण मीडियाकर्मियों के साथ मिलकर मुझे तथा पूरे विकासखण्ड कर्मचारियों को बदनाम किया गया जो झूठ और अफवाह के सिवा कुछ नहीं था।इस सम्बन्ध में जगदीशपुर पचपेड़वा निवासिनी एक महिला सिरमला तथा पचपेड़वा निवासी वंशराज ने बताया कि मेरे द्वारा आधार कार्ड पचपेड़वा ब्लाक के अंदर शुभम विश्वकर्मा से बनवाया गया है लेकिन उन्होंने अधिक पैसा न लेकर उचित शुल्क के साथ ही बनाया है। मुझसे कोई अधिक चार्ज वसूल नहीं किया गया है।

# नितिन नवीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अमेठी में जश्न, शुकुल बाजार में बांटी गई मिठाइयां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर पूरे देश के साथ-साथ अमेठी जनपद में भी हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर शुकुल बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही देश की एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जहां एक सामान्य कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जैसे शीर्ष पदों तक पहुंच सकता है।उन्होंने कहा कि भाजपा आंतरिक लोकतंत्र, परिश्रम और निष्ठा के आधार पर नेतृत्व को आगे बढ़ाती है, जबकि अन्य राजनीतिक दल एनजीओ की तरह कार्य करते हुए परिवारवाद, वंशवाद और जातिवाद को बढ़ावा देते हैं।

उन्होंने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि अन्य दलों में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पद केवल घर-परिवार तक सीमित रह जाते हैं।गिरीश चंद्र शुक्ला ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने को पार्टी की मजबूत संगठनात्मक परंपरा का परिणाम बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा और अधिक मजबूती के साथ राष्ट्र सेवा के पथ पर आगे बढ़ेगी।इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, सोशल मीडिया जिला संयोजक प्रशांत शुक्ला, मीडिया विभाग जिला सह-संयोजक सुशील कुमार मिश्रा, युवा भाजपा नेता विश्व प्रकाश शुक्ला, मंडल महामंत्री दिनेश कौशल, मंडल महामंत्री उदय नारायण मिश्र सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### श्री गोपेश्वर गौशाला में विशाल स्वास्थ्य शिविर और कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन

**मलिहाबाद।** मलिहाबाद क्षेत्र के जनस्वास्थ्य को बेहतर बनाने और गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से श्री गोपेश्वर गौशाला राष्ट्र सेविका समिति आरएसएस और सूर्यदेव लक्ष्मी मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं निशुल्क वर्चुअल ओपीडी का आयोजन किया जा रहा है।इस विशेष शिविर का मुख्य केंद्र कैंसर जागरूकता और रोकथाम है। कार्यक्रम के दौरान निम्नलिखित विषयों पर विशेषज्ञ परामर्श और प्रशिक्षण दिया जाएगा।आधुनिक तकनीक के माध्यम से विशेषज्ञों द्वारा परामर्श,ओरल कैंसर मुंह का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर की पहचान व बचाव की जानकारी।स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक उपचार और बचाव के प्रति प्रशिक्षित करना।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि व वक्ता स्वांत रंजन अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख आरएसएस,विशिष्ट अतिथि के. सीता अखिल भारतीय सह-संपर्क प्रमुख, राष्ट्र सेविका समिति चेन्नई,डॉ. एमएलबी भट्ट कैंसर विशेषज्ञ व निदेशक कल्याण सिंह कैंसर संस्थान,पद्मश्री डॉ. शादाब मोहम्मद विभागाध्यक्ष ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी केजीएमयू,डॉ. सुमित रुंगटा विभागाध्यक्ष गैस्ट्रो मेडिसिन,केजीएमयू,मुकेश मेश्राम प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग और प्रख्यात उद्योगपति शरद जैन। आयोजकों ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर में पहुँचकर निशुल्क चिकित्सा परामर्श और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता का लाभ उठाएं। यह कार्यक्रम पूरी तरह से जनसेवा के संकल्प के साथ आयोजित किया जा रहा है।

### मोन गांव स्थित बाबा ओरीदास मंदिर पर बसंत पंचमी को लगने वाले प्रसिद्ध मेले की तैयारियां पूरी




**महराजगंज/रायबरेली-** क्षेत्र के मोन गांव स्थित बाबा ओरीदास मंदिर पर हर साल बसंत पंचमी के मौके पर लगने वाले प्रसिद्ध मेले की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस बार आयोजक मंडल के अध्यक्ष ग्राम प्रधान श्याम कला और उनके प्रतिनिधि अमरेश कुमार इसे और भी बड़े स्तर पर लगाने की तैयारी में है। मोन गांव स्थित ओरीदास मंदिर में बसंत पंचमी के दिन से मेले की शुरूआत होगी। मेला कमेटी के अध्यक्ष ग्राम प्रधान श्याम कला ने बताया कि, यह मेला करीब 250 सालों से निरंतर लग रहा है। हर साल कुछ न कुछ नया करने की कोशिश होती रही है। इस बार भी ऐसा ही है। सांस्कृतिक कार्यक्रम और दंगल मेले का मुख्य आकर्षण होंगे। इसके अलावां सर्कस, झूले बच्चों का ध्यान खीचेंगे। दुकानदारों को हर सुविधा मुहैया कराने की कोशिश होगी। बिजली, पानी और सफाई के इंतजाम के लिए स्थानीय प्रशासन से भी सहयोग मांगा जा रहा है। सुरक्षा के लिए भी पुलिस की मदद ली जाएगी। अलग-अलग लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। महराजगंज के मोन गांव में महर्षि बाबा ओरीदास तपोस्थली पर हर साल बसंत पंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय मेला लगता है, जो श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और 120-150 सालों से चला आ रहा है, जहाँ दूर-दराज से भक्त आकर मन्नतें मांगते हैं और भंडारे व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं; यह मेला आध्यात्मिक महत्व रखता है और 2026 में बसंत पंचमी 23 जनवरी को है, इसलिए मेले की शुरुआत भी इसी दिन से होगी।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**रायबरेली:** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जनपद-रायबरेली में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में महिला कल्याण विभाग से हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें जनमानस को बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है या 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें। साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें ''बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम से जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह, जेन्डर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, एवं आम जनमानस उपस्थित रहे।

# महिला कोटेदार ने पकड़ी सरकारी खाद्यान्न की चोरी कार्रवाई के बजाय बचते रहे अफसर

● **डीसीएम के केबिन और छत पर छुपाई थी बोरियां**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के शहर कोतवाली के काज़ियारा में सरकारी खाद्यान्न की चोरी का मामला सामने आया है। यहां एक महिला कोटेदार ने सतर्कता दिखाते हुए खाद्यान्न की चोरी को रंगे हाथ पकड़ लिया। कोटेदार ने डीसीएम वाहन से चावल की 21 बोरियां पकड़ीं, जिन्हें केबिन और गाड़ी की छत पर छिपाकर ले जाया जा रहा था। आरोप है कि चालक नौशाद सरकारी खाद्यान्न को चोरी की नीयत से डीसीएम में छिपाकर ले जा रहा था। महिला कोटेदार सहरिज फातिमा को जब शक हुआ तो उन्होंने गाड़ी की जांच की। जांच के दौरान केबिन और छत पर छिपाई गई चावल की 21 बोरियां बरामद हुईं। कोटेदार ने इस पूरे मामले का वीडियो भी बनाया, जो अब सामने आया है। खाद्यान्न पकड़े जाने के बाद चालक और उसके साथ मौजूद लेबर खाद्यान्न व गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गए। महिला कोटेदार ने मामले की शिकायत जिला पूर्ति अधिकारी से की है। सहरिज फातिमा का आरोप है कि सरकारी खाद्यान्न की चोरी बड़े स्तर पर की जा रही है और इसके पीछे एक लंबी श्रृंखला काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई करने के बजाय कुछ अधिकारी उन पर ही दबाव बना रहे हैं।

उनका यह भी आरोप है कि ठेकेदार मीटिंग में काला बाजारी के चलते ब्लैकलिस्ट किए गए चालक नौशाद को हटाने की बात करते हैं, लेकिन इसके बावजूद उसी चालक से खाद्यान्न की सप्लाई कराई जाती है। कोटेदार ने यह भी आरोप लगाया कि महिला होने के बावजूद रात के अंधेरे में उनके कोटे पर सप्लाई भेजी जाती है, जो नियमों के खिलाफ है। इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते नजर आ रहे हैं। खाद्यान्न ठेकेदार सहित चालक नौशाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव से जब इस संबंध में बातचीत की गई तो उन्होंने ऑन कैमरा कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। हालांकि, बातचीत में उन्होंने बताया कि इस तरह के मामलों में सबसे बड़ी कड़ी ठेकेदार होता है। जांच के लिए सप्लाई इंस्पेक्टर को भेजा गया है और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी!!

### मलिहाबाद में ई-रिक्शा चालक की हत्या, सड़क हादसा दिखाने की साजिश पत्नी और दो बेटे गिरफ्तार



**मलिहाबाद।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र के खड़ता गांव निवासी अर्जुन पाल (50), जो पेशे से ई-रिक्शा चालक था, का शव सोमवार सुबह नवीनगर नहर पुलिया के पास कुचला हुआ अवस्था में मिला। शव के पास ही उसका ई-रिक्शा भी पलटा हुआ पड़ा था। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की। मृतक के भाई मुन्नूलाल पाल की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। तहरीर में मुन्नूलाल पाल ने आरोप लगाया है कि सोमवार रात अर्जुन पाल का उसकी पत्नी शिवरानी और बेटों रूपलाल पाल व राजेन्द्र पाल से पारिवारिक विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के बाद पत्नी और दोनों बेटों ने मिलकर धारदार हथियार व लाठी-डंडों से मारपीट कर अर्जुन पाल की घर में ही हत्या कर दी। हत्या को छिपाने और सड़क दुर्घटना का रूप देने के उद्देश्य से तीनों ने शव को ई-रिक्शा में रखकर नवीनगर मार्ग पर नहर पुलिया के आगे सड़क किनारे खेत में फेंक दिया और ई-रिक्शा को पलट दिया। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पत्नी और दोनों बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है।

## स्टाम्प वेंडर पर हुए जानलेवा हमले में बरी हुए चार नामजद

● **करीब 15 वर्ष पूर्व लंभुआ कस्बे में सरेशाम हुई थी वारदात**

**जिला अदालत ने दी क्लीनचिट**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लंभुआ (सुल्तानपुर)।** करीब 15 वर्ष पहले लंभुआ कस्बे में मौजूद शिव मंदिर के समीप स्टाम्प वेंडर पर जानलेवा हमले के मामले में जिला अदालत ने चार नामजद आरोपी को बरी कर दिया है। लंबे समय तक चले मुकदमें में पुलिस के गवाह ही टिक नहीं पाए। अदालत ने पुलिस की जांच को ही उचित नहीं माना। साक्ष्य के अभाव में अदालत ने सभी नामजद आरोपियों को क्लीनचिट दे दी है। दरअसल, प्रकरण नौ फरवरी 2011 का है। लंभुआ तहसील में स्टाम्प वेंडर प्रमोद कुमार उर्फ गुड्डु सिंह कामकाज निपटाकर मुख्य मार्ग पर मौजूद शिव मंदिर के समीप सोनामुखी देवी के घर गए हुए थे। शाम करीब साढ़े छः बजे चार-पांच लोग सोनामुखी के दरवाजे पर आए उनमें से एक में गुड्डु सिंह का नाम लेकर पुकारा। जैसे ही वे दरवाजे के पास आये कल्लू ब्रेड वाले ने उन पर फायर झोंक दिया। अन्य साथियों ने ललकारा। गोली लगने से गुड्डु सिंह बेहोश होकर गिर पड़े थे। पिता शिवराम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने कल्लू ब्रेड वाला व तीन- चार अन्य के विरूद्ध जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया। दो दिन बाद पुलिस ने दिलीप कुमार अग्रहरि उर्फ कल्लू को पठखौली रोड से पकड़ा। उसकी निशानदेही पर असलहा भी बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक कल्लू ने बताया था कि अपने साथी सतीश कुमार बरनवाल, सन्तोष भूज, सुनील कुमार अग्रहरि के ललकारने पर उसने गोली मारी थी और भाग गया था। पुलिस की विवेचना में अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

अदालत में मुकदमें की सुनवाई के दौरान पुलिस के गवाह ही मुकर गए। यहां तक कि असलहा बरामदगी के गवाह अनिल उर्फ कमल सिंह ने भी अपने सामने हुई पुलिस बरामदगी से इंकार कर दिया। उसने बताया कि पुलिस ने उससे सादे कागज पर दस्तखत बनवा लिए थे। बचाव पक्ष के अधिवक्ता रणजीत सिंह त्रिशुण्डी ने अदालत में पुलिस के आरोप पत्र का विरोध किया। लिहाजा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशा सिंह ने अभियुक्तगण दिलीप कुमार उर्फ कल्लू, सतीश कुमार बरनवाल, संतोष कुमार व सुनील कुमार अग्रहरी को दोषमुक्त करार दिया है।

## कर्मचारी चयन आयोग की स्नातक स्तरीय संयुक्त परीक्षा-2024 से चयनित सहायक अनुभाग अधिकारियों का भ्रमण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद।** मलिहाबाद ब्लॉक के अंतर्गत कसमंडी कला पंचायत भवन में मंगलवार नई दिल्ली के इंस्टीट्यूट ऑफ सेक्रेटेरिएट ट्रेनिंग एंड मैनेजमेंट द्वारा भारत सरकार के कर्मचारी चयन आयोग की स्नातक स्तरीय संयुक्त परीक्षा-2024 के माध्यम से चयनित सहायक अनुभाग अधिकारियों के लिए दो माह का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में विजिट अटैचमेंट प्रशिक्षण हेतु प्रतिभागियों को संस्थान के महानिदेशक एल बैंकटेश्वर लू के संरक्षण एवं अपरनिदेशक, सुबोध दीक्षित के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को चार बैचों में विभाजित कर चयनित ग्राम पंचायतों का भ्रमण कराया गया। जिसमें 40 मंत्रालयों से आए 70 सहायक अनुभाग अधिकारियों ने मंगलवार को विकास खण्ड की पंचायत कसमंडी कला में भ्रमण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को केंद्र व राज्य सरकार की ग्रामीण विकास योजनाओं एवं उनके लाभार्थियों के बीच की कार्यप्रणाली को समझाना है। प्रतिभागियों ने ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य, पीएम व सीएम आवास योजनाएं,एनआरएलएम समूह,जीपीडीपी, स्वच्छ भारत मिशन, आरजीएसएसई, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, अन्नपूर्णा भवन, पेंशन लाभार्थी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, आंगनवाड़ी केंद्र, एमडीएम, छात्रवृत्ति योजनाएं,जनसुविधा केंद्रों एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली की गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन किया। इस अवसर पर सत्र प्रभारी डॉ. राजकिशोर यादव, सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार, प्रधान रिंकी साहू, संजय गिरी वीडियो, प्रधान प्र संजय साहू, रोजगार सेवक अजय गौतम,अंकिता शर्मा पंचायत सहायक सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्री- बोर्ड की लिखित परीक्षा में अंग्रेजी व कला का हुआ पेपर




**डलमऊ रायबरेली-** श्री गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज घुरवारा में मंगलवार को हाईस्कूल और इंटर की प्री-बोर्ड परीक्षाएं आयोजित हुई। मंगलवार को प्री-बोर्ड परीक्षा के तहत हाईस्कूल में कला व इंटरमीडिएट की अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा सुबह ग्यारह बजे से दोपहर सवा दो बजे तक चली। प्रधानाचार्य डॉ.रत्नाकर द्विवेदी ने बताया कि परीक्षाएं कैमरे की निगरानी में नकल विहीन, अनुशासित और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई जा रही हैं। हाईस्कूल व इंटर में कुल 378 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। इसमें इंटर के 191 परीक्षार्थी और हाईस्कूल के 187 विद्यार्थियों ने परीक्षाएं दी।

## आरटीई के तहत शैक्षिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु समय सारणी निर्धारित

● **प्रथम चरण 02 से 16 फरवरी तक, द्वितीय चरण 21 फरवरी से 07 मार्च तक एवं तृतीय चरण 12 से 25 मार्च तक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली:** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा 1/पूर्व प्राथमिक कक्षा में ऑनलाइन प्रवेश हेतु शैक्षिक सत्र 2026-27 की समय सारिणी निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार प्रथम चरण के आवेदन की तिथि व आवेदन पत्रों का सत्यापन एवं लॉक करने की अन्तिम तिथि 02 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक, लॉटरी की तिथि 18 फरवरी 2026 एवं बीएसए द्वारा विद्यालयों को आवंटन के सापेक्ष नामांकन किये जाने हेतु आदेश निर्गत किये जाने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है।

इसी प्रकार द्वितीय चरण के आवेदन/लॉक करने की तिथि 21 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक लॉटरी की तिथि 09 मार्च 2026 एवं आदेश निर्गत किये जाने की तिथि 11 मार्च 2026 निर्धारित एवं तृतीय चरण के आवेदन/लॉक करने की तिथि 12 मार्च से 25 मार्च 2026 तक लॉटरी की तिथि 27 मार्च 2026 एवं आदेश निर्गत किये जाने की तिथि 29 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट- है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जनपद के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों से कहा है कि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, समग्र शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ एवं आर0टी0ई0 के नवीन शासनादेश के अन्तर्गत जारी दिशा-निर्देश के अनुसार आवेदन प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पूर्व विकास क्षेत्र के समस्त गैर सहायतित मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की प्रारम्भिक कक्षा (पूर्व प्राथमिक/ कक्षा 1) की कुल क्षमता का न्यूनतम 25 प्रतिशत के आधार पर शत-प्रतिशत मैपिंग एवं रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### नशे में धुत युवक ने की ताबड़तोड़ फायरिंग घर के दरवाज़े पर मिले गोली के निशान, पुलिस ने बरामद किए खोखे, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में कोतवाली नगर इलाके के मोहल्ला आलमनगर में देर रात अचानक हुई फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत फैल गई। एक के बाद एक तीन राउंड फायरिंग की आवाज सुनते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया घबराए स्थानीय नागरिकों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद पुलिस हरकत में आ गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, शराब के नशे में धुत एक अज्ञात व्यक्ति ने एक घर को निशाना बनाते हुए पहले गाली-गलौच की और फिर तीन राउंड फायरिंग कर दी घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। अचानक हुई फायरिंग से पूरे मोहल्ले में डर का माहौल बन गया और लोग देर रात तक सहमे रहे पीड़ित अहमद रजा ने बताया कि घटना के समय वह अपने परिवार के साथ घर के अंदर मौजूद थे। बाहर से एक व्यक्ति गाली-गलौच कर रहा था और अचानक फायरिंग करने लगा। लगातार तीन राउंड फायरिंग होने से परिवार और आसपास के लोग बुरी तरह घबरा गए गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ सिर्फ दरवाजे पर गोली के निशान मिले है सूचना मिलते ही सीओ सिटी विनायक भोसले भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है, जिससे फायरिंग की पुष्टि हुई है इसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और पूरे इलाके की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी पुलिस अब इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी की पहचान की जा सके। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई है और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है इस संबंध में सीओ सिटी विनायक भोसले ने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा!!

### इंटर व्हील क्लब बिसवां द्वारा लोहड़ी पर्व का किया गया आयोजन

**बिसवां/सीतापुर** इनर व्हील क्लब बिस्वां द्वारा लोहड़ी पर्व का हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन नगर के प्रसिद्ध होटल आर. के. ग्रैंड में किया गया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा गुरमीत कौर एवं सचिव तुलसी गुप्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम में क्लब की को-ऑर्डिनेटर गुंजन सेठ, कोषाध्यक्ष शिवानी अग्रवाल, संपादक सुनीता अग्रवाल सहित सदस्यगण एकता गुप्ता, अंजलि राजवंशी, मीरा सिंघल, सीमा जैन, किरण सिंघल एवं अनुभूति बंसल की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त अनेक गणमान्य अतिथि एवं सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। लोहड़ी उत्सव के दौरान पारंपरिक गीत-संगीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों ने समां बांध दिया। सभी उपस्थित सदस्यों ने उत्सव की परंपराओं का पालन करते हुए आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम का वातावरण उल्लास, उमंग और सामाजिक एकता से परिपूर्ण रहा। अंत में अध्यक्षा गुरमीत कौर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन आपसी जुड़ाव को मजबूत करने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखते हैं।

## कुएं- कूड़े में मिले आधार कार्ड की जांच हुई तेज़ डीएम के निर्देश पर पहुंची टीम, डाककर्मियों के बयान दर्ज किए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के परसपुर गांव में कूड़े के ढेर और कुएं में बड़ी संख्या में आधार कार्ड मिलने के मामले ने प्रशासन और डाक विभाग में हड़कंप मचा दिया है। 18 जनवरी को गांव में कुएं व झाड़ियों के पास कूड़े में दो दर्जन से अधिक आधार कार्ड पड़े मिलने की सूचना सामने आने के बाद जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर ने मामले का संज्ञान लेते हुए उप जिलाधिकारी मिश्रिख और डाक अधीक्षक को तत्काल जांच के निर्देश दिए थे मंगलवार को निर्देश मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। क्षेत्राधिकारी नेहा त्रिपाठी ने बताया कि मौके से कुएं और झाड़ियों से कुल 56 आधार कार्ड तथा आठ पार्सल बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अधिकांश आधार कार्ड संशोधित श्रेणी के हैं, जो डाक के माध्यम से संबंधित लाभार्थियों तक पहुंचाए जाने थे। उन्होंने बताया कि डाक विभाग के कर्मियों से पूछताछ की जा रही है और जिन व्यक्तियों के आधार कार्ड बरामद हुए हैं, उनसे भी संपर्क किया जा रहा है। जांच में यह भी सामने आया है कि जिन लोगों के आधार कार्ड मिले हैं, उनमें से कई ने पहले ही शिकायत की थी कि उन्हें संशोधित आधार कार्ड प्राप्त नहीं हुए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए परसपुर गांव में राजस्व निरीक्षक सुशील कुमार त्रिपाठी और चौकी प्रभारी प्रशांत सिंह ने भी जांच पड़ताल की इसके साथ ही औरंगाबाद डाकघर के कर्मियों से भी पूछताछ की जा रही है। प्रधान डाकघर के अधीक्षक पुरुषोत्तम नाथ ने बताया कि पूरे प्रकरण की विभागीय जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पता लगाया जा रहा है कि आधार कार्ड और पार्सल किस स्तर पर लापरवाही या जान बूझकर फेंके गए। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद जो भी कर्मचारी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पुलिस और प्रशासन संयुक्त रूप से मामले की तह तक जाने में जुटे हैं, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि इतनी बड़ी संख्या में महत्वपूर्ण दस्तावेज कूड़े और कुएं में कैसे पहुंचे थे!!



## मलिहाबाद के खड़ता में ई-रिक्शा चालक अर्जुन पाल की संदिग्ध मौतः चेहरे पर धारदार हथियार से कई वार, हत्या की आशंका







स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद** थाना क्षेत्र अंतर्गत खड़ता गांव के निवासी अर्जुन पाल (उम्र लगभग 50 वर्ष) की मौत ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे घर से ई-रिक्शा लेकर निकले अर्जुन पाल मात्र 800 मीटर दूर नहर किनारे सड़क पर मृत अवस्था में मिले, जहां उनका ई-रिक्शा पलटा हुआ पाया गया।पुलिस की प्रारंभिक जांच में शव के चेहरे पर धारदार हथियार से कई गहरे वार मिले हैं, जिससे हत्या की गंभीर संभावना जताई जा रही है। हालांकि ई-रिक्शा पलटने की घटना भी दर्ज है, लेकिन घावों की गहराई और संख्या से यह स्पष्ट है कि मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सटीक कारण (हत्या या दुर्घटना) सामने आएगा। फिलहाल पुलिस ने आधिकारिक तौर पर हत्या की पुष्टि नहीं की है, लेकिन जांच तेजी से चल रही है।अर्जुन पाल परिवार के मुख्य कमाने वाले थे और ई-रिक्शा चलाकर गुजारा करते थे। उनके परिवार में पत्नी, 2 बेटे है। दोनों बेटे–बड़ा बेटा रूपलाल (18 वर्ष) और छोटा बेटा लाल (16 वर्ष)। दो शादीशुदा बेटियां–मनीषा और मधु है7 पुलिस ने जांच के सिलसिले में पत्नी और बेटों से लंबी पूछताछ की है। वहीं पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि अर्जुन पाल की किसी से पुरानी रंजिश या दुश्मनी है उम्मीद है कि पुलिस जल्द मामले का खुलासा कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाएगी।

### ट्रैक्टर से बैटरी चोरी को लेकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर चोरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की करी मांग

**सीतापुर (कमलापुर):** ग्राम सरौरा खुर्द निवासी बनवारी लाल द्वारा अपने घर के बाहर खड़े सोनालिका ट्रैक्टर से बैटरी चोरी हो जाने की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक सीतापुर को प्रार्थना-पत्र देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज करने तथा चोरी का खुलासा कराने की मांग की गई है। बताया गया कि 19 जनवरी की रात ट्रैक्टर से बैटरी चोरी की गई, जिसकी जानकारी अगली सुबह हुई। घटना के समय परिवार के अधिकांश सदस्य अस्पतालों में थे, क्योंकि बनवारी लाल का बड़ा पुत्र अमित कुमार और भतीजा लवलेश कुमार 17 जनवरी को एल.टी. ग्रेड परीक्षा हेतु शाहजहांपुर जाते समय सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए थे। दुर्घटना में घायल लवलेश कुमार को के.जी.एम.यू. (ड्रामा सेंटर) लखनऊ में भर्ती किया गया था, जबकि अमित कुमार पी.जी.आई. लखनऊ में गंभीर स्थिति में उपचाराधीन है। पीड़ित परिवार ने इस परिस्थिति को 'गंभीर मानसिक एवं आर्थिक संकट का समय' बताते हुए कहा कि ऐसे कठिन समय में चोरी की घटना न केवल पीड़ादायक है बल्कि कानून-व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह भी खड़ा करती है। पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों की पहचान, गिरफ्तारी एवं विधिक दंड सुनिश्चित करने की मांग की है।

## दारुका मिल चालू करने की मांग सैकड़ों मजदूरों ने किया प्रदर्शन, 6 माह से मजदूरी नहीं मिलने से गहराया संकट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर में जेबी दारुका मिल के सैकड़ों मजदूर मंगलवार दोपहर को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जोरदार प्रदर्शन किया। मजदूरों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर बकाया मजदूरी के भुगतान की गुहार लगाई और बंद पड़ी फैक्ट्री को पुनः संचालित कराए जाने की मांग उठाई। मजदूरों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासनिक अमला भी मौके पर सतर्क नजर आया। प्रदर्शन कर रहे मजदूरों का कहना है कि मिल बंद होने के बाद से उनकी आजीविका पूरी तरह प्रभावित हो गई है मजदूरों ने आरोप लगाया कि बीते छह माह से उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनके सामने परिवार के भरण-पोषण का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर मिल प्रबंधन को बकाया वेतन का तत्काल भुगतान कराने की मांग की। मजदूरों ने डीएम कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते हुए चेताया कि यदि शीघ्र ही उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूरन धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मजदूरों का कहना है कि इससे पहले भी वे कई बार मिल गेट पर प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन प्रबंधन की ओर से सिर्फ आश्वासन ही दिए गए, ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। मजदूर लीडर धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि मिल के सैकड़ों कर्मचारी लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई, घर का खर्च और इलाज तक कराना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि मजदूरों ने कई बार अधिकारियों और मिल प्रबंधन से संपर्क किया, लेकिन हर बार उन्हें केवल भरोसा देकर टाल दिया गया मजदूरों ने जिलाधिकारी से मांग की कि मिल को दोबारा चालू कराया जाए ताकि उन्हें स्थायी रोजगार मिल सके और लंबित मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित हो। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों को लिखित रूप में रखा। वहीं प्रशासन की ओर से मजदूरों को आश्वासन दिया गया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग व मिल प्रबंधन से वार्ता कर जल्द समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा!!



### बिसवां लॉयर्स एसोसिएशन का चुनाव हुआ संपन्न



**बिसवां सीतापुर** बिसवां लायर्स एसोसिएशन का चुनाव गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुआ। जिसमे कुल 134 मे से 133 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस रोमांचक मुकाबले में अध्यक्ष पद पर आनंद मेहरोत्रा निर्वाचित हुए उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अशोक सोनी को 26 मतों से पराजित किया। आनंद मेहरोत्रा को 71 अशोक सोनी को 45 और अश्वनी त्रिपाठी को मात्र 16 मत ही मिले वही सचिव पद के लिए हुए रोमांचक मुकाबले में नागेंद्र मौर्य निर्वाचित घोषित हुए.उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी अनिल अवस्थी को 22 मतो से पराजित किया नागेंद्र मौर्य को 65 मत जबकि अनिल अवस्थी को 43 मत तथा प्रमोद मिश्रा को 25 मत ही मिल सके। वही कार्यकारिणी के ज्येष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रोहित शाह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कमल किशोर गुप्ता कोषाध्यक्ष पद पर हरिश्चंद्र गोस्वामी संयुक्त सचिव पद पर सरोज कुमार ओंकार नाथ तिवारी सुनील कुमार मौर्य निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## नितिन नबीन के कंधों पर नई भाजपा पद की गरिमा, जवाबदेही की कसौटी और चुनावी चुनौतियों का दौर

भारतीय जनता पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल चुका है और यह बदलाव केवल एक संगठनात्मक औपचारिकता नहीं, बल्कि आने वाले राजनीतिक दौर का संकेत भी है। नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना कई स्तरों पर महत्वपूर्ण है। एक ओर पार्टी इसे संगठन के भीतर कार्यकर्ता-आधारित लोकतंत्र के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत कर रही है, तो दूसरी ओर यह जिम्मेदारी ऐसे समय में मिली है जब भाजपा के सामने कई बड़े और निर्णायक विधानसभा चुनाव खड़े हैं। ऐसे में नितिन नबीन का अध्यक्ष बनना सम्मान से अधिक एक कठोर परीक्षा है, जहां हर कदम पर उनकी नेतृत्व क्षमता, संगठन पर पकड़ और चुनावी रणनीति का मूल्यांकन होगा। नितिन नबीन की राजनीतिक यात्रा को देखें तो यह भाजपा की उस परंपरा को रेखांकित करती है, जिसमें संगठन से निकलकर नेतृत्व तक पहुंचने का रास्ता खुला रहता है। पांच बार विधायक रह चुके नबीन को जमीनी राजनीति का अनुभव है। वे केवल भाषणों और रणनीति तक सीमित नेता नहीं रहे, बल्कि संगठन के भीतर काम करने, कार्यकर्ताओं से संवाद रखने और सत्ता व संगठन के बीच संतुलन साधने की कला को भी समझते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कहना कि 'मैं कार्यकर्ता हूं और अब नितिनजी मेरे बॉस हैं ', दरअसल एक राजनीतिक संदेश है, जो नबीन के कद को बढ़ाने के साथ-साथ उन पर अपेक्षाओं का बोझ भी डालता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद भाजपा में केवल एक संवैधानिक पद नहीं, बल्कि विचारधारा, संगठन और चुनावी दिशा का केंद्र होता है। नितिन नबीन के सामने पहली और सबसे बड़ी चुनौती संगठनात्मक एकजुटता बनाए रखने की है। भाजपा आज देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, लेकिन बड़ा संगठन अपने साथ आंतरिक मतभेद, क्षेत्रीय आकांक्षाएं और नेतृत्व की प्रतिस्पर्धा भी लाता है। आने वाले विधानसभा चुनावों में टिकट वितरण, नेतृत्व चयन और स्थानीय समीकरणों को साधना आसान नहीं होगा। अध्यक्ष के तौर पर नबीन को यह सुनिश्चित करना होगा कि निर्णय प्रक्रिया पारदर्शी हो, ताकि कार्यकर्ताओं में असंतोष न पनपे।

दूसरी बड़ी चुनौती भाजपा के वैचारिक एजेंडे को जनभावनाओं के साथ जोड़ने की है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में घुसपैठ, परिवारवाद और अर्बन नक्सल जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। यह स्पष्ट है कि भाजपा आने वाले चुनावों में राष्ट्रवाद, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दों को केंद्र में रखेगी। नितिन नबीन के लिए सवाल यह है कि वे इन मुद्दों को केवल राजनीतिक नारों तक सीमित न रखें, बल्कि संगठन के माध्यम से जमीनी स्तर पर लोगों तक कैसे पहुंचाएं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका यह तय करने की होगी कि पार्टी का संदेश हर राज्य की सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों के अनुरूप पहुंचे। आगामी विधानसभा चुनाव नितिन नबीन की असली अग्निपरीक्षा होंगे। राज्यों में सत्ता विरोधी लहर, क्षेत्रीय दलों की मजबूती और विपक्षी गठबंधनों की रणनीति भाजपा के लिए चुनौतियां पैदा कर रही है। ऐसे में नबीन पर यह जवाबदेही बढ़ जाती है कि वे चुनावी मशीनरी को समय से सक्रिय करें। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना, युवाओं और नए मतदाताओं को जोड़ना तथा सोशल मीडिया और पारंपरिक प्रचार के बीच संतुलन बनाना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा एक लाख नए युवाओं को राजनीति में लाने की बात दरअसल नितिन नबीन के लिए एक लक्ष्य भी है और एक कसौटी भी।

नितिन नबीन के सामने नेतृत्व शैली को लेकर भी चुनौती है। भाजपा में कई मजबूत चेहरे हैं, जिनका जनाधार और प्रभाव क्षेत्रीय स्तर पर काफी बड़ा है। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष को समन्वयक की भूमिका निभानी होगी। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि केंद्रीय नेतृत्व और राज्य नेतृत्व के बीच संवाद बना रहे और निर्णय ऊपर से थोपे हुए न लगें। यदि संगठन में यह भावना बनी रहती है कि नेतृत्व सभी को साथ लेकर चल रहा है, तभी चुनावी सफलता की संभावना बढ़ेगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी नितिन नबीन का कार्यकाल महत्वपूर्ण माना जा रहा है। Z-कैटेगरी सुरक्षा मिलना इस बात का संकेत है कि सरकार और पार्टी दोनों उन्हें एक अहम राजनीतिक धुरी के रूप में देख रही हैं। लेकिन सुरक्षा का यह घेरा केवल व्यक्तिगत संरक्षण नहीं, बल्कि उनके फैसलों और बयानों के राजनीतिक वजन को भी दर्शाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनका हर बयान अब केवल पार्टी तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा को प्रभावित करेगा। ऐसे में संतुलित और जिम्मेदार भाषा का प्रयोग उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। विपक्ष के साथ राजनीतिक मुकाबला भी नितिन नबीन की जवाबदेही का अहम हिस्सा है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल भाजपा पर परिवारवाद, बेरोजगारी और सामाजिक विभाजन जैसे मुद्दों पर हमला करते रहे हैं। नबीन को इन आरोपों का जवाब केवल भाषणों से नहीं, बल्कि संगठनात्मक और राजनीतिक उदाहरणों से देना होगा। यदि वे पार्टी के भीतर नए चेहरों को आगे लाते हैं और युवाओं को वास्तविक अवसर देते हैं, तो भाजपा का 'कार्यकर्ता से अध्यक्ष' का दावा और मजबूत होगा।

नितिन नबीन का पहला भाषण, जिसमें उन्होंने राजनीति को साधना, त्याग और उत्तरदायित्व बताया, उनके नेतृत्व के संकेत देता है। लेकिन शब्दों से आगे बढ़कर अब कर्म का समय है। अध्यक्ष के रूप में उनकी सफलता इस बात से आंकी जाएगी कि वे पार्टी को कितनी चुनावी जीत दिला पाते हैं और संगठन को कितनी मजबूती देते हैं। आने वाले महीनों में होने वाले विधानसभा चुनाव न केवल राज्यों की राजनीति तय करेंगे, बल्कि नितिन नबीन के अध्यक्षीय कार्यकाल की दिशा भी निर्धारित करेंगे। अंततः नितिन नबीन का अध्यक्ष बनना भाजपा के लिए एक अवसर भी है और चुनौती भी। अवसर इस मायने में कि पार्टी एक अपेक्षाकृत युवा और संगठन से निकले नेता के नेतृत्व में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ सकती है। चुनौती इसलिए कि अपेक्षाएं बहुत ऊंची हैं और राजनीतिक माहौल बेहद प्रतिस्पर्धी। नबीन के सामने यह साबित करने का समय है कि वे केवल एक सर्वसम्मत अध्यक्ष नहीं, बल्कि एक प्रभावी नेतृत्वकर्ता हैं, जो पार्टी को चुनावी मैदान में जीत दिला सके और संगठन को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान कर सके। आने वाला समय तय करेगा कि नितिन नबीन भाजपा के लिए केवल एक नाम रहेंगे या एक निर्णायक अध्याय बनकर उभरेंगे।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## अमेरिका से यूरोप की दूरी: नए विकल्पों की तलाश

आज की वैश्विक राजनीति में ग्रीनलैंड संकट सिर्फ एक स्थानीय मामला नहीं रह गया है बल्कि यह यूरोप के लिए एक ऐसे ऐतिहासिक मोड़ का प्रतिनिधित्व कर रहा है जहाँ उसे अमेरिका पर निर्भरता को पुनर्विचार करते हुए नए विकल्प तलाशने की आवश्यकता स्पष्ट रूप से दिख रही है। ग्रीनलैंड, जो डेनमार्क के अधीन एक स्वायत्त क्षेत्र है, अपनी भौगोलिक स्थिति, विशाल संसाधनों और आर्कटिक से जुड़े बदलते समुद्री मार्गों के कारण आज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक स्थलों में से एक बन चुका है। पिछले कुछ हफ्तों में अमेरिका के राष्ट्रपति ने स्पष्ट रूप से ग्रीनलैंड पर नियंत्रण की इच्छा जाहिर करते हुए यह तक कह दिया है कि अगर यूरोपीय देशों ने उसकी ग्रीनलैंड खरीद योजना स्वीकार नहीं की तो उन देशों के सामान पर 10% टैरिफ लगाए जाएंगे और अगर जून तक कोई समझौता नहीं हुआ तो इसे 25% तक बढ़ा दिया जाएगा, जिसमें डेनमार्क, फ्रांस, जर्मनी, यूके और अन्य आठ प्रमुख यूरोपीय देशों का नाम शामिल है। इससे यूरोपीय बाजार और व्यापारियों पर भारी आर्थिक दबाव बनने की चेतावनी है। यह टैरिफ धमकी यूरोप के लिए सिर्फ राजनीतिक नहीं बल्कि आर्थिक लागत का भी बड़ा संकेत है क्योंकि पिछले साल से ही अमेरिका ने स्टील, एल्यूमिनियम और ऑटोमोबाइल जैसे उद्योगों पर 25% तक के आयात शुल्क लगाए हैं। इससे यूरोपीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता कम हुई है और व्यापार घाटा बढ़ रहा है। ऐसे टैरिफ कदम ने ट्रांस-अटलांटिक व्यापार को तनावग्रस्त कर दिया है और यूरोपीय शेयर बाजारों और उत्पादन मूल्य श्रृंखलाओं में प्रभाव डाला है। कई यूरोपीय उद्योगपतियों और उपभोक्ताओं को लागत बढ़ने का असर झेलना पड़ा है और अब यूरोपीय संघ 93 अरब यूरो तक के अमेरिकी उत्पादों पर भी शुल्क लगाने पर विचार कर रहा है, जो इस तनाव को और भी बढ़ा सकता है। अमेरिका की इस आक्रामक और एकतरफा नीति ने परंपरागत ट्रांस-अटलांटिक एकता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है और यूरोप के सामने यह चुनौती खड़ी कर दी है कि उसे अपनी सुरक्षा, आर्थिक और विदेशी नीति रणनीति के लिए अमेरिका पर निर्भर रहने की रणनीति को क्या निरंतरता देनी चाहिए या उसे विविधीकृत, बहु-ध्रुवीय और आत्मनिर्भर विकल्प अपनाना चाहिए। ग्रीनलैंड संकट की जड़ भू-राजनीति पर टिकी है क्योंकि आर्कटिक क्षेत्र में पिघलते समुद्री बर्फ के कारण नई समुद्री मार्ग खुले हैं। इससे यूरोप और एशिया के बीच यात्रा और व्यापार के नए रास्ते बन रहे हैं और यह भू-भाग ऐसे संसाधनों का भंडार है जो भविष्य की ऊर्जा, तकनीकी और रक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इन परिवर्तनों ने वैश्विक शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा को और तीव्र कर दिया है। अमेरिका, रूस और चीन हर किसी का आर्कटिक में अपना दखल मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका का कथित तर्क है कि ग्रीनलैंड को नियंत्रित करना उसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में है, ताकि वह रूस या चीन जैसी शक्तियों के संभावित विस्तार को रोक सके और अपने घर के ऊपर से संभावित मिसाइल मार्ग पर नजर रखने की क्षमता को मजबूत कर सके। लेकिन यह दलील यूरोप और डेनिश नेतृत्व वाले वैश्विक समुदाय द्वारा चुनौती दी जा रही है क्योंकि ग्रीनलैंड एक संप्रभु क्षेत्र है और उसके निवासियों के आत्मनिर्णय के अधिकार और अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना आवश्यक है। यूरोपीय देशों की प्रतिक्रिया इस संकट के प्रति अत्यंत महत्वपूर्ण है। यूरोपीय संघ के सदस्य देशों ने स्पष्ट किया है कि वे किसी भी तरह के एकतरफा अमेरिकी नियंत्रण के खिलाफ हैं और ग्रीनलैंड को 'बिकाऊ' नहीं मानते।

डेनमार्क और अन्य यूरोपीय प्रधानों ने इस बात की चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर किसी भी तरह की सैन्य या जबरन कार्रवाई की, तो यह नाटो जैसे सामरिक गठबंधन के अस्तित्व को गंभीर संकट में डाल देगा। यह यूरोप के लिए इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि नाटो वास्तव में शीत युद्ध के बाद से ट्रांस-अटलांटिक सुरक्षा व्यवस्था का मूल आधार रहा है और अब उसी व्यवस्था में दरारें दिखाई दे रही हैं। यूरोपीय संघ खुद भी इस मुद्दे पर आपसी एकता जमा रहा है। सदस्य देशों के अलग-अलग रुख हैं लेकिन सभी एकमत हैं कि ग्रीनलैंड के मामले में अमेरिका द्वारा दर्शाए गए दबाव और उसकी धमकियों का सामना करने के लिए यूरोप को संयुक्त रूप से खड़ा होना चाहिए। उसी समय, रूस ने भी इस मुद्दे पर पश्चिमी शक्तियों की दोहरी नीति पर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह संकट दिखाता है कि पश्चिम के पास अंतरराष्ट्रीय कानून और नियम-आधारित व्यवस्था के प्रति नैतिक श्रेष्ठता का दावा करना कितना त्रुटिपूर्ण है। रूस का कहना है कि आर्कटिक उसका पारंपरिक क्षेत्र रहा है और वह भी इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक रुचि को बनाए रखना चाहता है, चाहे वह नए समुद्री मार्ग हो या सैन्य पूर्वस्थिति। रूस और चीन दोनों आर्कटिक में अपनी भूमिका को बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं और यह क्षेत्र अब एक नए 'ग्रेट गेम' का मैदान बन चुका है जहाँ सिर्फ संसाधन ही नहीं बल्कि व्यापक भू-राजनीतिक प्रभुत्व के लिए प्रतिस्पर्धा चल रही है। इस प्रतिस्पर्धा का प्रभाव यूरोपीय सुरक्षा, व्यापार और रणनीतिक निर्णयों पर भी पड़ रहा है और यह यूरोप को मजबूर कर रहा है कि वह अमेरिका पर निर्भर रहने के बजाय खुद की सुरक्षा क्षमताओं और रणनीतिक विकल्पों पर पुनर्विचार करे। यूरोप के सामने अब दो विकल्प स्पष्ट रूप से खड़े हैं। एक और वह है अमेरिका के साथ अपनी साझेदारी को जारी रखना, भले ही इसके लिए उसे अमेरिकी दबाव और उसकी धमकियों का सामना करना पड़े। दूसरा विकल्प यह है कि वह अपने आप को एक अधिक स्वतन्त्र, अधिक आत्मनिर्भर और बहु-ध्रुवीय वैश्विक रणनीति की ओर ले जाए जिसमें रूस और चीन से संवाद, साझेदारी और सहयोग के सकारात्मक आयाम भी शामिल हों। यह विकल्प यूरोप के लिए आसान नहीं है क्योंकि रूस के साथ साझेदारी में ऊर्जा, सुरक्षा और अनुभवजन्य संघर्षों के कारण जटिलताएँ हैं। तथा चीन के साथ गहरे व्यापारिक रिश्तों के बावजूद राजनीतिक और मानवाधिकार संबंधी मतभेद भी मौजूद हैं। तथापि, यूरोप को यह समझना होगा कि केवल अमेरिका पर निर्भरता आज के बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य में उसकी रणनीतिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं है। उसे अपनी सुरक्षा, ऊर्जा, व्यापार और रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए नए सहयोग, रणनीतिक साझेदारियों और संभावित गठबंधनों की तलाश करनी चाहिए। ग्रीनलैंड संकट ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यूरोप को नाटो के पारंपरिक ढांचे पर पुनर्विचार करना होगा। नाटो का खंडन करना आसान नहीं है, लेकिन यह स्पष्ट है कि यदि सदस्य देश केवल अमेरिका के नेतृत्व पर भरोसा करते रहे और अपनी रक्षा क्षमताओं तथा विदेश नीति की सुनियोजित रूपरेखा पर कम ध्यान देते रहे, तो भविष्य में ऐसे संकट और अधिक उत्पन्न होंगे। यूरोप को यह सोचना चाहिए कि उसके लिए आत्मनिर्भर सुरक्षा का क्या अर्थ है। क्या यह केवल यूरोपीय सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने तक सीमित है या फिर एक व्यापक भू-राजनीतिक दृष्टिकोण को अपनाने तक, जिसमें उसे संयुक्त रक्षा, संयुक्त व्यापार नीतियाँ, संयुक्त ऊर्जा सुरक्षा और संयुक्त वैश्विक कूटनीतिक रणनीतियाँ बनानी चाहिए। ग्रीनलैंड संकट ने साथ ही यह भी स्थापित किया है कि दुनिया में शक्ति संतुलन बदल रहा है और पारंपरिक मित्रता तथा गठबंधनों का स्वरूप भी गतिशील है।

अमेरिका और यूरोप की साझेदारी अब अपरिवर्तनीय नहीं रह गई है और अमेरिका की एकतरफा रणनीति ने यूरोपीय नेता वर्ग को यह महसूस कराया है कि आर्थिक, सैन्य और राजनयिक क्षेत्रों में अधिक आत्मनिर्भर बनना आवश्यक है। इस प्रकार यूरोप को अब सिर्फ 'अमेरिका छोड़कर विकल्प' ढूंढने का विचार नहीं करना चाहिए बल्कि एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए जिसमें वह अपनी सैन्य संरचना को सुदृढ़ करे, अपने व्यापार भागीदारियों को विविधीकृत करे, ऊर्जा सुरक्षा के उपायों को सशक्त बनाए और रूस तथा चीन जैसी शक्तियों के साथ सहयोग की उन संभावनाओं को भी समझे जो यूरोप के आर्थिक और रणनीतिक हितों में हैं। इस बहुपक्षीय दृष्टिकोण के निर्माण से यूरोप न केवल अमेरिका पर अपनी निर्भरता को कम करेगा बल्कि एक अधिक संतुलित, अधिक स्वावलंबी और अधिक प्रभावशाली वैश्विक खिलाड़ी के रूप में उभर सकेगा। अमेरिका की टैरिफ धमकियों और ग्रीनलैंड पर उसकी नजर ने स्पष्ट कर दिया है कि यूरोप को अब रणनीतिक रूप से सोचने, जोखिमों का मूल्यांकन करने और बहु-ध्रुवीय वैश्विक राजनीति में अपने हितों की सुरक्षा के लिए निर्णायक कदम उठाने की आवश्यकता है। यही वह समय है जब यूरोप को अपने भविष्य की दिशा तय करनी होगी, चाहे वह रूस के साथ रणनीतिक संवाद और साझेदारी को गहरा करे, अमेरिका के साथ साझेदारी बनाए रखे, या दोनों के बीच संतुलन बनाते हुए अपने आप को एक आत्मनिर्भर, सुरक्षित और प्रभावशाली भू-राजनीतिक इकाई के रूप में स्थापित करे। यही यूरोप के लिए अब प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि आने वाले दशकों में वह वैश्विक राजनीति के केंद्र में अपने हितों और सुरक्षा को सुनिश्चित कर सके।

**आदित्य वर्मा, शोधार्थी**

## जिजीविषा, संघर्ष और मूल्यबोध, शाश्वत सफलता का पथ

जीवन में जिजीविषा, संघर्ष और संकल्प ही सफलता के वास्तविक और उत्तम मार्ग हैं। संयम, अनुशासन और आत्मनियंत्रण इनके मूल स्रोत हैं। निरंतर जिजीविषा के साथ किया गया संघर्ष ही प्रत्येक बड़ी उपलब्धि और विजय का आधार बनता है। वास्तव में निराशा से बड़ा कोई अवरोध नहीं होता; अतः हताशा और निराशा को त्यागकर यदि मनुष्य ऊर्जा, उत्साह और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े, तो सफलता स्वयं उसके चरणों में आ खड़ी होती है। 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए।' वामी विवेकानंद। समाज में जो व्यक्ति हमें सामान्य जन से अलग, विलक्षण और प्रतिभासंपन्न दिखाई देता है।जिसे आज की भाषा में 'सेलिब्रिटी' कहा जाता है उसकी चमक के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति, आत्मसंयम और वर्षों का कठोर संघर्ष छिपा होता है। बड़ी सफलता का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता और संकल्पित कठिन परिश्रम ही सफलता के द्वार खोलते हैं। यद्यपि प्रत्येक मनुष्य के जीवन में अपनी विशेषताएँ, मान्यताएँ, प्रतिबद्धताएँ और आकांक्षाएँ होती हैं। वह मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ सामाजिक प्रतिष्ठा, पहचान और सम्मान भी चाहता है। यह आकांक्षा स्वाभाविक और जीवन के अस्तित्व के लिए आवश्यक है, किंतु यह सफलता यदि मूल्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर प्राप्त की जाए, तो वह समाज और मानवता–दोनों के लिए संकट का कारण बन सकती है।

**'साध्य की पवित्रता साधन की पवित्रता पर निर्भर करती है।'**
**महात्मा गांधी।**

यदि किसी व्यक्ति की महत्वाकांक्षा मानवीय मूल्यों से कटकर केवल निजी स्वार्थ की दिशा में बढ़े, तो उसकी तथाकथित सफलता विध्वंसक बन जाती है। जैसे कोई वैज्ञानिक यदि मानव कल्याण के उपकरणों के स्थान पर जैविक या रासायनिक हथियारों का निर्माण करे, तो वह उपलब्धि नहीं, बल्कि सभ्यता के लिए खतरा होती है। इसी कारण सफलता की यात्रा में मानवीय मूल्य, नैतिकता और सिद्धांतों की उपस्थिति अनिवार्य है।

मूल्य और नैतिकता जीवन के लक्ष्य निर्धारण और उनके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील भूमिका निभाते हैं। सफलता केवल भौतिक मापदंडों तक सीमित न होकर मानव कल्याण से जुड़ी होनी चाहिए। यही कारण है कि विश्व की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में सत्य, अहिंसा, करुणा, सेवा, दया और विश्वबंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति मिलती है।

**'अहिंसा परम? धर्मः। '—**
**भारतीय दर्शन**

भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यनिष्ठ जीवन की परंपरा रही है। ऋषि-मुनियों ने स्पष्ट कहा कि जिसका चरित्र और आदर्श नष्ट हो गया, वह जीवित होते हुए भी मृतक के समान है। भारतीय संस्कृति में कबीर, रैदास, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम, अमीर खुसरो, गांधी, नेहरू, रवींद्रनाथ टैगोर, सुभाषचंद्र बोस और स्वामी विवेकानंद जैसे अनगिनत उदाहरण हैं, जिन्होंने सिद्धांतों और मूल्यों की प्रतिबद्धता को ही जीवन की सबसे बड़ी सफलता माना और स्वयं को समाज के लिए समर्पित कर दिया। आज के समय में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि व्यक्ति तात्कालिक सुख, स्वाद और शीघ्र सफलता के लिए अपने मूल्यों को तिलांजलि दे रहा है। अस्थायी लाभ चिरस्थायी सफलता से अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। मनुष्य उस मरीचिका के पीछे दौड़ रहा है जो पानी के बुलबुले की भाँति क्षणिक है। जिससे न इतिहास बनता है, न कोई आदर्श स्थापित होता है।

**'पानी का पतला रेला कभी नदी नहीं बनता। '**

उसी प्रकार बिना मूल्यों की सफलता स्थायी नहीं हो सकती। राजनीति और प्रशासन जैसे क्षेत्रों में तो मूल्यों और सिद्धांतों की आवश्यकता और भी अधिक है, क्योंकि राष्ट्र की दिशा और दशा मानवीय संवेदना, नैतिकता और न्याय पर ही निर्भर करती है। मूल्यविहीन समाज अधिकारों के दुरुपयोग और कर्तव्यों के प्रति उदासीनता के कारण विघटन की ओर बढ़ता है, और राष्ट्र पराधीनता के संकट में घिर सकता है। सफलता तभी शाश्वत और समाजोपयोगी होती है जब उसमें जीवन-मूल्यों और नैतिक प्रतिबद्धताओं का समावेश हो। वही राष्ट्र दीर्घकाल तक स्वतंत्र और सुदृढ़ रह सकता है, जिसके शासक और नागरिक अपने आचरण को सिद्धांतों, उसूलों और मानवीय मूल्यों के अनुरूप रखते हैं तथा विश्व समुदाय से संबंधों को शुद्ध और न्यायपूर्ण बनाए रखते हैं। अन्यथा इतिहास साक्षी है–मूल्यहीन राष्ट्रों को विखंडन और पतन से कोई नहीं बचा सकता।

**संजीव ठाकुर**

## यूएई राष्ट्रपति की भारत यात्रा: 2-3 घंटे में भविष्य का शिलान्यास

**ऊर्जा से आकाश तक: भारत-यूएई मित्रता की विराट उड़ान**
**एक आलिंगन, अनेक संकल्प: भारत-यूएई साझेदारी का महामोड़**

दिल्ली की सर्द सुबह 19 जनवरी 2026 को इतिहास की गर्म सांसों से भर उठी, जब पालम वायुसेना अड्डे पर संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का विमान उतरा। यह केवल एक राजकीय आगमन नहीं था, बल्कि भरोसे, आत्मीयता और साझा भविष्य का प्रतीक क्षण था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने औपचारिकताओं की सीमाएं तोड़ते हुए स्वयं आगे बढ़कर अपने मित्र का स्वागत किया। दोनों नेताओं का आलिंगन कैमरों से कहीं आगे जाकर दिलों में उतर गया। उस क्षण ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह यात्रा कागजी समझौतों की नहीं, बल्कि विश्वास की ठोस इमारत खड़ी करने की है, जो आने वाले समय की दिशा तय करेगी। मात्र दो से तीन घंटे की इस संक्षिप्त यात्रा ने यह सिद्ध कर दिया कि जब नेतृत्व दूरदर्शी हो, तो समय की सीमा अर्थहीन हो जाती है। वैश्विक मीडिया ने इसे मिनटों में दशकों की कूटनीति का उदाहरण बताया। यह यात्रा केवल बैठक नहीं थी, बल्कि ऊर्जा, सुरक्षा, तकनीक और समृद्धि के नए युग की आधारशिला थी। दोनों नेताओं की बातचीत में स्पष्टता, विश्वास और गति दिखाई दी। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई जब दुनिया ऊर्जा संकट, भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितताओं से जूझ रही है, और ऐसे में भारत-यूएई साझेदारी ने स्थिरता और समाधान का मार्ग दिखाया। ऊर्जा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक समझौते इस यात्रा की रीढ़ साबित हुए। हिंदुस्तान पेट्रोलियम निगम लिमिटेड और एडीएनओसी गैस के बीच दस वर्षीय तरलीकृत प्राकृतिक गैस आपूर्ति करार ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को अभूतपूर्व मजबूती दी। वर्ष 2028 से प्रतिवर्ष पांच लाख मीट्रिक टन गैस की आपूर्ति सुनिश्चित होगी, जिसकी कुल कीमत लगभग तीन अरब डॉलर आंकी गई है। वैश्विक बाजारों की अस्थिरता के दौर में यह करार भारत के उद्योग, बिजली उत्पादन और घरेलू उपभोग के लिए सुरक्षा कवच बनेगा। यूएई का भारत का दूसरा सबसे बड़ा गैस आपूर्तिकर्ता बनना इस गहरी रणनीतिक साझेदारी का प्रमाण है।

परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में इस यात्रा ने भविष्य की नींव और भी मजबूत की। भारत के शांति कानून के अंतर्गत नागरिक परमाणु सहयोग को नई दिशा मिली। दोनों देशों ने बड़े परमाणु संयंत्रों के साथ-साथ छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर संयुक्त रूप से कार्य करने का निर्णय लिया। यह पहल ऊर्जा उत्पादन को सुरक्षित, सस्ता और पर्यावरण के अनुकूल बनाएगी। संयंत्र संचालन, तकनीकी रखरखाव और परमाणु सुरक्षा में गहन सहयोग तय हुआ। यह साझेदारी भारत को स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ाएगी और जलवायु परिवर्तन से लड़ने के वैश्विक प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान देगी। अंतरिक्ष क्षेत्र में हुई सहमति ने इस यात्रा को भविष्यवादी स्वरूप प्रदान किया। भारतीय अंतरिक्ष नियामक संस्था और यूएई स्पेस एजेंसी के बीच आशय पत्र पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें अंतरिक्ष अवसंरचना, उपग्रह निर्माण, प्रक्षेपण सुविधाएं और संयुक्त मिशनों की रूपरेखा तय की गई। इसके साथ ही अंतरिक्ष स्टार्टअप्स के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, नवाचार केंद्र और व्यावसायीकरण के अवसर विकसित करने पर सहमति बनी। यह साझेदारी अंतरिक्ष को केवल वैज्ञानिक खोज तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का नया माध्यम बनाएगी।

व्यापार और निवेश के मोर्चे पर दोनों नेताओं ने अत्यंत महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए। दोनों नेताओं ने 2032 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना कर 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के बाद व्यापार पहले ही ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच चुका है। गुजरात के धोलेरा विशेष निवेश क्षेत्र में यूएई कंपनियों द्वारा हवाई अड्डे, बंदरगाह, रेलवे कनेक्टिविटी, स्मार्ट शहरी टाउनशिप और ऊर्जा अवसंरचना में बड़े निवेश की घोषणा हुई। यह निवेश भारत के बुनियादी ढांचे, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन को नई गति देगा। रणनीतिक और रक्षा सहयोग में भी इस यात्रा ने नया अध्याय जोड़ा। दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी के लिए आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए, जिसमें रक्षा उद्योग, उन्नत तकनीक, संयुक्त प्रशिक्षण और नवाचार को प्राथमिकता दी गई। साइबर सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी प्रयासों और विशेष अभियानों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उच्च क्षमता संगणना, डिजिटल संरचनाएं और खाद्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में भी संयुक्त पहल की योजना बनी। यह सहयोग केवल द्विपक्षीय नहीं, बल्कि क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा संतुलन के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हुई चर्चा में दोनों नेताओं ने स्पष्ट रूप से सीमा पार आतंकवाद की निंदा की और शांति, स्थिरता तथा नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। यह संदेश स्पष्ट था कि भारत और यूएई केवल आर्थिक साझेदार नहीं, बल्कि साझा मूल्यों और जिम्मेदारियों वाले रणनीतिक सहयोगी हैं। पश्चिम एशिया से लेकर हिंद महासागर क्षेत्र तक, यह साझेदारी स्थिरता का मजबूत स्तंभ बनकर उभरेगी। दो-तीन घंटे की यह यात्रा यह सिखाती है कि इतिहास केवल लंबे समय से नहीं, बल्कि सही समय पर लिए गए साहसिक निर्णयों से बनता है। ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु शक्ति, अंतरिक्ष अन्वेषण, व्यापार विस्तार और रक्षा सहयोग के क्षेत्रों में लिए गए फैसले आने वाले दशकों तक प्रभाव डालेंगे। यह मुलाकात दिखाती है कि जब नेतृत्व में स्पष्ट दृष्टि और आपसी विश्वास हो, तो सीमाएं अवसरों में बदल जाती हैं और चुनौतियां संभावनाओं में। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान की यह ऐतिहासिक भेंट भारत-यूएई संबंधों का स्वर्णिम अध्याय बन गई। यह यात्रा केवल कूटनीतिक घटना नहीं, बल्कि भविष्य की रूपरेखा थी। ऊर्जा की रोशनी, परमाणु स्थिरता और अंतरिक्ष की असीम संभावनाओं के साथ यह साझेदारी आने वाली पीढ़ियों के लिए समृद्धि, सुरक्षा और नवाचार का मार्ग प्रशस्त करेगी। समय में छोटी, लेकिन प्रभाव में विशाल यह यात्रा इतिहास में सदैव याद रखी जाएगी।

**प्रो. आरके जैन**

## क्या रिश्तों में मिठास ला पाएंगे सर्जियो

दिल्ली दूर है... ! यह कहावत भारत में बहुत मशहूर है, मगर क्या अमेरिका के लिए भी दिल्ली दूर है? यह सवाल इसलिए क्योंकि अमेरिकी राजदूत को नियुक्ति की घोषणा के बाद दिल्ली पहुंचने में सात महीने का वक्त लग गया, तो क्या अब ये कहावत चरितार्थ होने की उम्मीद की जानी चाहिए कि ...देर आए दुरुस्त आए। नए राजदूत सर्जियो गोर क्या भारत और अमेरिका के रिश्तों में मिठास वापस ला पाएंगे? इससे पहले भी कई बार भारत में अमेरिकी राजदूत की नियुक्ति में विलंब के मौके आए हैं लेकिन अभी मसला ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि रिश्तों में पहले की मिठास कड़वाहट में बदल चुकी है और अमेरिका भरोसे के संकट से जूझ रहा है। जनवरी 2021 में जब केनेथ जस्टर की राजदूत के पद से विदाई हुई थी तब से लेकर अप्रैल 2023 में एरिक गार्सेटी के आने तक यानी दो साल से ज्यादा वक्त तक भारत में अमेरिका का कोई भी राजदूत नहीं था, क्यों नहीं था, यह मसला जरा पेचीदा है, जो बाइडेन ने एरिक गार्सेटी का नाम तो फाइनल कर दिया लेकिन उन पर कई तरह के आरोप लग गए। आरोपों की जांच-पड़ताल में लंबा वक्त लगा, फिर गार्सेटी नई दिल्ली आए, लेकिन क्या इस बीच किसी और को राजदूत बनाकर दिल्ली नहीं भेजा जा सकता था? अमेरिकी सांसद मार्क वार्नर ने तब कहा था कि एक तरफ तो भारत से संबंधों को बेहतर बनाने की बात की जा रही है और दूसरी ओर एक राजदूत की नियुक्ति हम नहीं कर पा रहे हैं? उस वक्त यही माना जा रहा था कि बाइडेन भारत की हैसियत को कम मानने का संदेश देना चाहते थे, बहरहाल गार्सेटी भारत आए और मई 2025 में उनका कार्यकाल पूरा हुआ। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने भरोसे के व्यक्ति सर्जियो गोर को भारत में अमेरिका का राजदूत नियुक्त किया, लेकिन उन्हें भी कार्यभार संभालने में करीब 7 महीने का वक्त लग गया, जबकि चीन समेत कई देशों में दिसंबर, 2024 में ही राजदूत की नियुक्ति हो चुकी थी। सवाल फिर उसी विलंब का है। इसके साथ ही सर्जियो गोर को दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए विशेष दूत की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है, यानी उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रहने वाली है, मगर सवाल यही है कि इन जिम्मेदारियों के बीच वे भारत के साथ न्यायसंगत रिश्ते की कितनी वकालत कर पाएंगे? फिलहाल भारत में कार्यभार संभालते ही उन्होंने इस नजरिए का इजहार भी किया है कि अमेरिका और भारत के रिश्तों को बेहतर बनाना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी और मुझे इस बात की उम्मीद भी है क्योंकि वे ऐसी शख्सियत हैं जिनका सीधा संबंध डोनाल्ड ट्रम्प से है। उन्हें टीम ट्रम्प की सबसे ताकतवर शख्सियतों में से एक माना जाता है। खुद ट्रम्प ने भी सोशल मीडिया पर ट्रम्प परिवार से उनके रिश्तों का उल्लेख किया है और तारीफों के पुल भी बांधे हैं। ट्रम्प के बेटे जूनियर ट्रम्प से गोर की दोस्ती भी है, इसलिए यह भरोसा करने में कोई हर्ज नहीं है कि ट्रम्प को वे इस बात के लिए राजी करें कि इस इलाके में भारत के साथ रिश्तों की मिठास के बगैर चीन की नकेल कसना अमेरिका के लिए असंभव होगा। अन्य वैश्विक कारणों से भी अमेरिका के लिए भारत विश्वसनीय साझेदार हो सकता है, दरअसल पिछले करीब दस वर्षों में इसी सोच ने अमेरिका और भारत को एक पटरी पर लाने की कोशिश की थी लेकिन फिलहाल रिश्ते पटरी से उतरे हुए लग रहे हैं इसलिए काम जरा कठिन है। मगर मुझे विश्वास है कि वे कामयाब होंगे क्योंकि असंभव को संभव बनाने की कला उन्हें आती है। भारतीय संस्कृति को वे अच्छी तरह समझते हैं। वे जानते हैं कि भारत दोस्ती करने वाला देश है और ट्रम्प के चुनाव में किस तरह से भारत ने उनका साथ दिया था। नरम स्वभाव के सर्जियो गोर समझते हैं कि दो देशों के बीच व्यवहार और व्यापार को फलना-फूलना चाहिए। अवाम के बीच सद्भावना होनी चाहिए। एक बात तो तय है कि किसी भी देश के राजदूत का पहला दायित्व अपने देश के हितों को प्राथमिकता देना है। सर्जियो अमेरिका फर्स्ट नीति का घनघोर रूप से पालन करने वाले व्यक्ति हैं। ट्रम्प ने जब ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात की थी और उसके ठीक बाद जूनियर ट्रम्प ने ग्रीनलैंड का दौरा किया था तो उनके साथ सर्जियो भी थे। यह उदाहरण मैं इसलिए दे रहा हूं ताकि आप समझ पाएं कि नई दिल्ली में बैठकर भी सर्जियो का दिल अमेरिका के लिए ही धड़केगा और इसमें कुछ गलत भी नहीं है, मगर रिश्तों को बेहतर बनाने की जो जिम्मेदारी उनके पास है, उसमें यदि उन्हें सफलता हासिल करनी है तो उन्हें भारत की जरूरतों को भी समझना होगा। भारत में लोग यह सवाल पूछ रहे हैं कि जिस अमेरिका पर हमने भरोसा किया और रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश की, क्या उसका बेहतर प्रतिसाद हमें मिला? अमेरिका आज भी पाकिस्तान की तरफदारी क्यों कर रहा है? रूस से चीन भी तेल खरीद रहा है, यूरोप गैस खरीद रहा है, खुद अमेरिका यूरेनियम पदार्थ खरीद रहा है, फिर केवल भारत पर ही टैरिफ का हमला क्यों? अब तो 500 प्रतिशत टैरिफ की धौंस दी जा रही है। क्या विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को धौंस से नियंत्रित करना चाहता है अमेरिका? सर्जियो गोर को इन सारे सवालों के जवाब तलाशने होंगे और भारत का पक्ष भी ट्रम्प के सामने रखना होगा, तभी रिश्तों में मिठास घोलने की कोशिश में वे कामयाब हो पाएंगे। भारत की शुभकामनाएं उनके साथ हैं।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## नितिन नवीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी



**देवरिया।** नितिन नवीन के भारतीय जनता पार्टी के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला पंचायत परिसर में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। पूर्व जिला उपाध्यक्ष अजय उपाध्याय ने कहा कि भाजपा एक मजबूत संगठनात्मक पार्टी है, जहां युवाओं को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलते हैं। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से युवाओं में पार्टी के प्रति नया उत्साह पैदा हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस राजनीतिक दल में आंतरिक लोकतंत्र नहीं होता, वह देश के लोकतंत्र की रक्षा नहीं कर सकता। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो शैलेन्द्र सिंह आजाद ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जहां संगठनात्मक चुनाव नीचे से ऊपर की प्रक्रिया से होते हैं। पहले वार्ड, फिर मंडल, जिला, प्रदेश और अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चयन किया जाता है। यही व्यवस्था भाजपा को अन्य दलों से अलग बनाती है। इस अवसर पर दुर्गेश पाण्डेय, अम्बिकेश पाण्डेय, विनय जायसवाल, गोविंद मणि, पुनीत सिंह अमेठिया, अखिलेश मिश्रा, अशोक सिंह, राहुल मणि त्रिपाठी व अजय दूबे वत्स सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छात्रवृत्ति आवेदन अग्रसारण की अंतिम तिथि 27 तक

**देवरिया।** दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में ऑनलाइन सत्यापन एवं अग्रसारण की अंतिम तिथि 27 जनवरी निर्धारित की गई है। मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि यह योजना उत्तर प्रदेश के मूल निवासी सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए लागू है, जिनके लिए शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का भुगतान किया जाना है। उन्होंने जनपद के समस्त राजकीय, सहायता प्राप्त एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य, निदेशक व नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लंबित आवेदनों को शीघ्र नियमानुसार अग्रसारित करें तथा अपात्र आवेदनों को तत्काल निरस्त करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी संस्था स्तर पर आवेदन लंबित पाया गया तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित शिक्षण संस्था की होगी।

## सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर हो पीएसपी का गठन : डॉ. प्रभात

**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पथरदेवा सभागार में सीएचओ व संगिनियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रभात रंजन ने की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ब्लॉक के पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेमरी, बंजरिया, महुअवा बुजुर्ग, रामपुर शुक्ल एवं गरीब पट्टी पर पीएसपी का गठन किया जा चुका है। अब शेष सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर शीघ्र पीएसपी का गठन कराया जाएगा। सहायक मलेरिया अधिकारी हसम्तुल्लाह खान ने बताया कि पीएसपी के माध्यम से फाइलेरिया सहित अन्य मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम, एमएमडीपी प्रशिक्षण, एमडीए अभियान एवं स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण में पीएसपी सदस्यों ने अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम में सहायक मलेरिया अधिकारी नवीन भारती, सीफार जिला प्रतिनिधि नीरज, बीपीएम नागेन्द्र मल्ल, बीसीपीएम आशुतोष त्रिपाठी, बीएचडब्ल्यू राकेश सहित सीएचओ, एएनएम व आशा संगिनी उपस्थित रहीं।

## उ.प्र. सहकारी ग्राम विकास बैंक की शाखा प्रतिनिधि निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सहकारी समिति अधिनियम 1965 एवं सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली 2014 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड, लखनऊ की 323 शाखाओं के शाखा प्रतिनिधियों का निर्वाचन कराया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड देवरिया सदर कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई। इस दौरान श्रीनिवास पुत्र रामनक्षत्र, निवासी ग्राम विक्रमपुर बांसपुर, विकास खंड बैतालपुर, जनपद देवरिया द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। निर्धारित समयावधि में किसी अन्य अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। सायं 3 बजे नामांकन प्रक्रिया समाप्त घोषित की गई। नामांकन से संबंधित सूचना सूचनापट्ट पर चस्पा कर दी गई है।

# विधानसभा खजनी के वार्ड संख्या 31 से जिला पंचायत सदस्य पद की तैयारी में शिवम पांडेय, युवाओं के साथ मैदान में उतरे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी /गोरखपुर।** विधानसभा खजनी क्षेत्र के वार्ड संख्या 31 से जिला पंचायत सदस्य पद को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में क्षेत्र के युवा चेहरा शिवम पांडेय ने पूरी तैयारी के साथ चुनावी मैदान में उतरने का संकेत दे दिया है। शिवम पांडेय, पुत्र हृदय नारायण पांडेय, मूल निवासी साखडॉड बाबु, इन दिनों क्षेत्र में लगातार सक्रिय दिखाई दे रहे हैं और युवाओं के बीच उनकी मजबूत पकड़ साफ नजर आ रही है। बताया जा रहा है कि शिवम पांडेय लंबे समय से क्षेत्र में सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। शिक्षा, रोजगार, खेल और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर उनकी सक्रियता ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में नवयुवक उनके साथ खड़े होकर जिला पंचायत सदस्य की तैयारी में जुट गए हैं। क्षेत्र में उनके समर्थन में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

आज चुनावी तैयारी के बीच समर्थकों ने एक अनोखे अंदाज में खुशी जाहिर की। युवाओं ने नई थार गाड़ी के साथ विधिवत पूजन कर शिवम पांडेय के समर्थन में एकजुटता दिखाई। यह दृश्य क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया और लोगों के बीच यह संदेश गया कि शिवम पांडेय की दावेदारी अब खुलकर सामने आ चुकी है। समर्थकों का कहना है कि यह सिर्फ शुरुआत है और आने वाले दिनों में समर्थन का दायरा और भी बढ़ेगा। स्थानीय युवाओं का मानना है कि शिवम पांडेय एक पढ़े-लिखे, ऊर्जावान और जमीनी नेता हैं, जो क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से समझते हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, साफ-सफाई और रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर उनकी स्पष्ट सोच है। यही वजह है कि वार्ड संख्या 31 में उन्हें एक मजबूत विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।

राजनीतिक जानकारों की मानें तो खजनी विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य का यह चुनाव काफी रोचक होने वाला है। शिवम पांडेय की एंट्री से समीकरण बदलते नजर आ रहे हैं। फिलहाल शिवम पांडेय ने औपचारिक घोषणा भले ही न की हो, लेकिन जिस तरह से तैयारी और समर्थन सामने आ रहा है, उससे यह साफ हो गया है कि वार्ड 31 से जिला पंचायत सदस्य पद की दौड़ में उनका नाम मजबूती से उभर चुका है। आने वाले दिनों में उनका जनसंपर्क अभियान और तेज होने की संभावना है, जिससे चुनावी माहौल और गर्माने के आसार हैं।

## गोला क्षेत्र महुआपार में 24 जनवरी से अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आगाज़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ग़ोला / गोरखपुर।** पूर्व विधायक एवं 'शेरे पूर्वांचल' स्व. वीरेंद्र प्रताप शाही की स्मृति में अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 जनवरी से 31 जनवरी तक गांधी इंटर कॉलेज महुआपार के मैदान में किया जाएगा। यह आठ दिवसीय प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें देश की कुल आठ पंजीकृत टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के मुख्य संरक्षक एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक राजेश त्रिपाठी हैं। उद्घाटन 24 जनवरी को प्रातः 10 बजे पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह एवं पूर्व मंत्री राजकिशोर सिंह द्वारा किया जाएगा, जो हेलीकॉप्टर से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे। आयोजन समिति के महासचिव ने बताया कि स्व. वीरेंद्र प्रताप शाही खेल प्रेमी थे और अपने जीवनकाल में अपनी माता जी के नाम से फुटबॉल प्रतियोगिता कराते थे।

उनके निधन के बाद यह परंपरा जारी रही, लेकिन पारिवारिक कारणों से कुछ समय के लिए आयोजन बाधित हो गया था। अब उनके चाहने वालों ने पुनः नए उत्साह के साथ प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किया है। प्रतियोगिता फेडरेशन से पंजीकृत है। इसमें सीआईएसएफ दिल्ली, बक्सर क्लब, गाजियाबाद, यूनाइटेड क्लब सिवान, डीएफए गोरखपुर, बहराइच क्लब, डीएफए मऊ और यूनाइटेड क्लब भोपाल की टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मैच फेडरेशन द्वारा नियुक्त रेफरी व मैच कमिश्नर की देखरेख में होंगे। 31 जनवरी को समापन अवसर पर विजेता टीम को एक लाख रुपये, उपविजेता को 50 हजार रुपये नकद, ट्रॉफी एवं खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रमेश शाही सहित सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## वंदे मातरम् के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेखुआनी स्थित कम्पोजिट विद्यालय में मंगलवार को सेवतरी एसएसबी की 22वी वाहिनी द्वारा छात्र-छात्राओं को वन्दे मातरम् कार्यक्रम के तहत जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को देश के प्रति प्रेम, सम्मान और देशभक्ति की भावना को जागृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में एसएसबी के जवानों ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों के साथ राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् गाकर देश के प्रति गहरा प्रेम व्यक्त किया। वहीं एसएसबी के जवानों ने सभी छात्र-छात्राओं को देश के प्रति शपथ दिलाई। इस अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश्वर सिंह, सहायक अध्यापक राजेन्द्र चौधरी, जगदीश प्रसाद सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## रामगढ़ताल बचाओ अभियान तेज, 21 जनवरी को उपवास कर सरकार की नीतियों का होगा विरोध : विश्वबिजय सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** गोरखपुर की ऐतिहासिक पहचान और पर्यावरणीय धरोहर रामगढ़ताल आज अपने अस्तित्व के सबसे बड़े संकट से गुजर रहा है। सरकार की दोषपूर्ण नीतियों और लापरवाही के चलते बिना शोधित सीवेज लगातार ताल में गिराया जा रहा है, जिससे ताल का पानी जलीय जीव-जंतुओं और वनस्पतियों के लिए ज़हरीला बनता जा रहा है। हालात इतने भयावह हैं कि आए दिन मछलियों की मौत की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे पर्यावरणविदों और शहरवासियों में गहरी चिंता व्याप्त है। इस गंभीर स्थिति के विरोध और रामगढ़ताल के संरक्षण की मांग को लेकर 21 जनवरी, बुधवार को एक व्यापक जन-अभियान की शुरुआत की जा रही है। इसी क्रम में प्रातः 10:30 बजे से पैडलेगंज से नौका विहार रोड पर एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस उपवास का नेतृत्व उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह करेंगे। विश्वविजय सिंह ने कहा कि रामगढ़ताल केवल गोरखपुर ही नहीं, बल्कि पूरे पूर्वांचल की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह ऐतिहासिक ताल आने वाली पीढ़ियों के लिए केवल इतिहास बनकर रह जाएगा। उन्होंने सरकार से तत्काल प्रभाव से ताल में गिरने वाले सीवेज को रोकने, प्रभावी शोधित व्यवस्था लागू करने और स्थायी संरक्षण योजना बनाने की मांग की। उपवास कार्यक्रम में सामाजिक, राजनीतिक और पर्यावरणीय कार्यकर्ताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में शहर के जागरूक नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों का कहना है ।

## बाजार में गेहूं बेचने जा रहे युवक से वसूली का आरोप, विडियो वायरल

**● पूरा मामला बना जांच का विषय ऐसे में उठ रहा सवाल क्या सच में किया जा रहा था एक विभागीय वसूली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत शीशगढ़ टोला खैरटवा निवासी रघुनंदन गुप्ता अपनी बाइक पर दो बोरी गेहूं लादकर बरगदवा बाजार में बेचने जा रहा था। आरोप है कि इस दौरान एक युवक रास्ते में मिला और बाइक रोकवाकर कस्टम विभाग की वसूली के नाम पर पैसे मांगने लगा। वहीं पैसे नहीं देने व इसका विरोध करने पर कस्टम विभाग को बुलाकर बाइक सहित गेहूं को सौंप दिया। वहीं कस्टम विभाग की टीम कार्यवाही के लिए बाइक सहित गेहूं को कब्जे में लेकर कस्टम कार्यालय चली गई। ऐसे में खुलेआम वसूली का मामला जांच का विषय बना हुआ है। युवक ने बरगदवा पुलिस व मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसका शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

**सोशल मीडिया पर पैसे का विरोध करने का विडियो वायरल**

बरगदवा थाना क्षेत्र के स्थानीय बरगदवा से एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि दो युवक अपनी बाइक पर दो-दो बोरी खाद्यान्न लादकर कहीं जा रहे थे जिसे रास्ते में एक युवक द्वारा रोककर विडियो बनाया जा रहा है। 29 सेकेंड के वायरल वीडियो में कहते सुना जा रहा है कि एक हजार रुपए किस चीज का दें। साथ ही वायरल वीडियो में वसूली का विरोध भी किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जो युवक विडियो में दिखाई दे रहा है वह स्थानीय निवासी हैं तथा वह किसी विभाग का वसूली करता है। हालांकि स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इस संबंध में थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## बुंदेली कलाकारों की प्रस्तुति से सजा श्री वैष्णव मोबाइल शॉप का शुभारंभ, जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** नगर में श्री वैष्णव मोबाइल शॉप का भव्य उद्घाटन मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। शुभारंभ से पूर्व विधिवत सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन ने बुंदेली कलाकार विश्वनाथ पटेल 'पप्पू भैया' (दमोह) एवं राघवेंद्र सिंह लोधी 'हल्ले दाऊ' (सागर) के साथ फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवाओं को परिश्रम और लगन से निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। नगर में नए प्रतिष्ठानों के खुलने से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और आमजन को बेहतर सेवाएं उचित दरों पर मिलेंगी।

कार्यक्रम में उपस्थित बुंदेली कलाकारों ने बुंदेली अंदाज में शुभकामनाएं देते हुए समां बांध दिया। उन्होंने कहा कि स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने से क्षेत्रीय व्यापार को मजबूती मिलती है तथा वे सोशल मीडिया के माध्यम से बुंदेली भाषा और संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में निहाल सिंह राजपूत (प्रबंधक, सेंट्रल बैंक) उपस्थित रहे। श्री वैष्णव मोबाइल के संरक्षक वीरेंद्र निरंजन ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रोपराइटर बृजेंद्र पटेल एवं पुष्पेंद्र पटेल ने सभी आगंतुकों, नगरवासियों और मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बेहतर गुणवत्ता और विश्वसनीय सेवा का आश्वासन दिया। उद्घाटन समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष पण्डा, महेंद्र पटेल, आरएसएस नगर प्रचारक राघवेंद्र जी, डॉ. नरेंद्र सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, व्यापारी एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

## रिक्शे के सामने आकर किया मोबाइल से नाक पर हमला

**जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर दीं गालियां, जान से मारने की धमकी दी**

**ललितपुर।** मोहल्ला नेहरू नगर निवासी नरेश कुमार अहिरवार पुत्र रामचरन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 जनवरी को वह रिक्शे से सब्जी लेने मंडी जा रहा था। तभी पिसनारी निवासी जुबेर खान पुत्र रफीक खान रिक्सा के सामने आकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर गालियां देने लगा। विरोध करने पर उक्त व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट करते हुए मोबाइल नाक में मार दिया, जिससे उसकी नाक से खून निकल आया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जुबेर खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (3) व एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ) व 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## गोवंश आश्रय स्थलों की स्थापना, क्रियान्वयन, संचालन एवं प्रबंधन को ले सीडीओ ने की समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** गांधी सभागार, विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के समस्त ग्रामीण, शहरी एवं स्थानीय निकाय क्षेत्रों में संचालित गोवंश आश्रय स्थलों की स्थापना, क्रियान्वयन, संचालन एवं प्रबंधन के अनुश्रवण हेतु जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, परियोजना निदेशक, उपायुक्त मनरेगा, जिला कृषि अधिकारी, समस्त पशुचिकित्साधिकारी एवं उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी तथा नगर पंचायत व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में पिछली बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा के साथ जनपद के सभी गो-आश्रय स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे की स्थापना, हरे चारे की नियमित उपलब्धता, केयर टेकर के मानदेय भुगतान, जिन स्थलों पर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध नहीं है वहां शीघ्र विद्युत कनेक्शन कराए जाने तथा अवस्थापना सुविधाओं, संचालन एवं प्रबंधन से संबंधित सूचनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी बिंदुओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण अनुपालन किया जाए, ताकि गोवंश आश्रय स्थलों का संचालन सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी ढंग से किया जा सके।

## भूमि विकास बैंक के प्रतिनिधि के चुनाव में की गई लोकतंत्र की हत्या

**●पूर्व सभासद भाजपा नेता अरविन्द शुक्ला ने सरकार पर लगायें गंभीर आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रूद्रपुर, देवरिया।** उप नगर निवासी पूर्व सभासद व भाजपा नेता अरविंद शुक्ला ने भूमि विकास बैंक के प्रतिनिधि के चुनाव में कुछ लोगों द्वारा मनमानी किए जाने के विरोध में गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की हत्या की गई है। श्री शुक्ला खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर पर्चा भरने गए तो वहां खण्ड विकास अधिकारी व कार्यालय कर्मचारी गायब मिले। उन्होंने कहा कि कुछ दबंग किस्म के लोगों ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत वीडियो का अपहरण कर लिया और पूरी चुनाव प्रक्रिया को बाधित करते हुए अपने लोगों के पक्ष में व्यवस्था बनाई। इधर सूत्रों से पता चला है कि बीडियो एजाज अहमद ने केवल एक ही पर्चा बेचा और उसके बाद उन्होंने कार्यालय छोड़ दिया। पता चला है कि क्षेत्रीय विधायक के नजदीकी एक व्यक्ति को निर्विरोध भूमि विकास बैंक का प्रतिनिधि चुन लिया गया है। भाजपा नेता अरविंद शुक्ला ने खंड विकास अधिकारी सहित इस खेल में शामिल अन्य नेताओं पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं और तत्काल चुनाव कराए जाने की मांग की है। श्री शुक्ला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लाइव आकर अपनी आप बीती सुना रहे हैं और लोगों पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। वायरल वीडियो में लोगों के जमकर कमेंट आ रहे हैं। कुछ लोग मामले को लेकर कोर्ट में जाने की बात कह रहे हैं तो कुछ लोग जिलाधिकारी से इसकी शिकायत की बात भी कर रहे हैं। कुछ लोगों ने भाजपा राज में ब्राह्मणों के साथ हो रहे अन्याय को भी कमेंट बॉक्स में लिखा है। ज्यादातर भाजपा नेता चुप्पी साधे हैं और अपनी कोई राय व्यक्त नहीं कर रहे हैं। कुल मिलाकर भूमि विकास बैंक के प्रतिनिधित्व के चुनाव में आचार संहिता के उल्लंघन और मानक विहीन चुनाव का मामला प्रकाश में आया है।

# गोवध के लिए ले जा रहे तस्करों की बड़ी साजिश नाकाम, आठ पशु बरामद व चार की मौत

**●पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन में जुटी पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** पुलिस की सघन चेकिंग के दौरान गोवंशीय पशुओं को गोवध के लिए क्रूरता से ले जा रहे तस्करों की बड़ी साजिश नाकाम कर दी गई। बरगदवा व ठूठीबारी पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में एक पिकअप वाहन से आठ गोवंशीय पशु बरामद किए गए, जिनमें चार की मौत हो चुकी थी, जबकि चार को जीवित बचा लिया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे गोतस्करी रोकने के उद्देश्य से बरगदवा व ठूठीबारी पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद रंग की पिकअप में गोवंशीय पशुओं को गड़ौरा बाजार से होते हुए ठूठीबारी क्षेत्र से सीहाभार होते हुए खैरहवा जंगल टोला की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम खैराटी चौराहे के पास पहुंची। और घेराबंदी कर जांच में जुट गई। वहीं कुछ ही देर बाद सीहाभार की ओर से आता हुआ एक संदिग्ध पिकअप को देखकर पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक पुलिस को देखकर वाहन तेज गति से बेलहिया की ओर भगाने लगा। पीछा करने पर सेमरहना गांव के चकरोड पर पिकअप पलट गई। वहीं मौके का फायदा उठाकर चालक व अन्य आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो पीछे ढाले में आठ गोवंशीय पशु अत्यंत क्रूरता से बंधे मिले। सूचना पर पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी ने जांच के बाद तीन गाय और एक बछड़े को मृत घोषित कर दिया जिनका मौके पर ही पोस्टमार्टम कराया गया। शेष एक गाय और तीन बछड़े जीवित पाए गए, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षित कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई। इस मामले में बरगदवा पुलिस ने धारा 3/5ए/8 उत्तर प्रदेश गोवध निवारण अधिनियम तथा धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गई। पुलिस ने पिकअप वाहन संख्या यूपी 57 बीटी 3844 को कब्जे में ले लिया है। वहीं पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि आठ गोवंशीय पशुओं को बरामद किया है जिसमें से चार पशु मृत घोषित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिकअप वाहन को कब्जे में लिया गया है तथा सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।

## डीएम ने सीएमओ कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा

**●अभिलेख प्रबंधन, बजट उपयोग व दवा स्टॉक व्यवस्था सुधारने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, बजट प्रबंधन एवं औषधि भंडारण व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल बोर्ड कक्ष, डिस्पैच रजिस्टर, पीसीपीएनडीटी कक्ष, वैक्सीन स्टोर, लेखा कक्ष, आईडीएसपी सेल, क्वालिटी सेल, आयुष्मान भारत कक्ष, जिला मलेरिया कक्ष एवं मेडिसिन स्टोर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (एसीएमओ) का स्पष्ट कार्य-विभाजन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक जिम्मेदारी निर्धारित हो और कार्यों में पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता बनी रहे। उन्होंने कार्यालय में अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देशित किया कि सभी अलमारियों/रेक में रखे अभिलेखों की सूची/जानकारी स्पष्ट रूप से चस्पा की जाए, जिससे आवश्यकता के समय दस्तावेज शीघ्र उपलब्ध हो सकें।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल रिम्बर्समेंट से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसी सभी फाइलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कर्मचारियों/हितग्राहियों को अनावश्यक विलंब न हो। जिलाधिकारी ने विभिन्न मदों में उपलब्ध बजट की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के निकट है, अतः सभी स्वीकृत बजट का समयबद्ध एवं प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यकतानुसार फर्नीचर व्यवस्था एवं रंग-रोगन हेतु उपलब्ध बजट का नियमानुसार उपयोग किया जाए, जिससे स्वास्थ्य संस्थानों में बेहतर वातावरण व सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। मेडिसिन स्टोर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टॉक पंजिका का अवलोकन कर दवा स्टॉक का मिलान किया तथा निर्देश दिए कि स्टॉक रजिस्टर नियमित रूप से मेंटेन एवं अपडेट रखा जाए, ताकि किसी भी स्तर पर औषधियों की उपलब्धता प्रभावित न हो। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## युवक व युवतियों को एसएसबी भर्ती के लिए किया गया प्रशिक्षित

**●सोनौली व भगवानपुर की एसएसबी द्वारा क्षेत्र के 150 युवक व युवतियों को प्रमाणपत्र देकर किया गया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत श्यामकाट स्थित मनरेगा पार्क में चल रहे सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन मंगलवार को सकुशल संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सोनौली व भगवानपुर की 22वीं एसएसबी द्वारा क्षेत्र के 150 युवक व युवतियों को केंद्रीय सशस्त्र सीमा बल की भर्ती में सक्षम बनाने को लेकर प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि द्वितीय कमान अधिकारी नरेश कुमार जांगिड़ ने प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी 150 युवक व युवतियों को प्रमाणपत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए द्वितीय कमान अधिकारी नरेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं एवं युवतियों को केंद्रीय सशस्त्र बल में भर्ती हेतु सक्षम, आत्मनिर्भर एवं अनुशासित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। कार्यक्रम के दौरान इंस्पेक्टर अरूण कुमार पाण्डेय, ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया, विजय मद्धेशिया, राजकुमार समेत एसएसबी के जवानों के अलावा क्षेत्रीय युवक-युवतियां व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## दीपक चौधरी चुने गए भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष



**टूण्डला-** ब्लॉक कार्यालय टूण्डला में भूमि विकास बैंक अध्यक्ष पद के चुनाव में भाजपा जिला महामंत्री दीपक चौधरी निर्विरोध अध्यक्ष चुने गये। मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय टूण्डला में भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष पद का नामांकन




हुआ, जिसमें भाजपा जिला महामंत्री दीपक चौधरी ने दलबल के साथ अपना नामांकन किया, अन्य किसी और का नामांकन न होने पर उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। बैंक प्रबंधक ने उनके निर्वाचित होने की घोषणा की व तहसीलदार राखी शर्मा ने उन्हें जीत का प्रमाणपत्र सौंपा। अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समर्थकों ने साफ बांध फूल मालाओं से ढोल नगाड़े बजा कर मिष्ठान वितरण कर नव निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, विधानसभा संयोजक शिव शंकर शर्मा, गुड्डू बघेल, पूर्व विधायक शिव सिंह चक, राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष मा.देशराज सिंह, राम तीर्थ चक, रूपेश शुक्ला, संजय परमार, रिंकू उपाध्याय, लाल बहादुर सिंह लालन, देवेंद्र बेनीवाल, अनिल कुमार चौधरी, अजीत जुरैल आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

## इस्कॉन लखीमपुर में प्रेरणा यूथ फेस्टिवल सफलतापूर्वक संपन्न



**लखीमपुर खीरी।** इस्कॉन लखीमपुर में आयोजित प्रेरणा यूथ फेस्टिवल सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक 'कैलाश' से हुई, जिसमें यह संदेश दिया गया कि साधु की उत्तम सलाह की उपेक्षा और इन्द्रिय-सुख में आसक्ति जीव को पुनर्जन्म के बंधन में ले जाती है।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इस्कॉन झांसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रिय गोविंद प्रभु जी रहे। उन्होंने युवाओं में बढ़ते तनाव के कारणों प्रतिस्पर्धात्मक मानसिकता, गलत संगति, अस्वस्थ जीवनशैली, आध्यात्मिक रिक्तता और अत्यधिक अपेक्षाओं– पर प्रकाश डाला।इस्कॉन लखीमपुर के संचालक सुनील मुकुंद प्रभु ने बताया कि प्रिय गोविंद प्रभु जी ने तनाव से मुक्ति हेतु स्माइल सूत्र प्रस्तुत किया, जिसमें सेल्फ केयर, माइंड ऐंड बॉडी केयर, आइडेंटिटी तथा लर्निंग नज़रिया को अपनाने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर युवा तनावमुक्त होकर सफलता प्राप्त कर सकते हैं।कार्यक्रम में युवाओं के साथ संवाद सत्र, विषय-आधारित क्विज प्रतियोगिता एवं अंत में प्रसाद वितरण किया गया।आयोजकों के अनुसार यह फेस्टिवल युवाओं में आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और उद्देश्यपूर्ण जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा।यह जानकारी इस्कॉन लखीमपुर के मीडिया प्रभारी नूतन मिश्रा एवं सह मीडिया प्रभारी स्पर्श सिन्हा द्वारा दी गई।

## अमीर नगर में संदिग्ध स्थिति में अजीत का शव पड़ा मिला



**बरेली/**क्यों लड़ियां थाना क्षेत्र के सीमावर्ती ग्राम अमीर नगर में ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को सूचित किया गया गांव के अजीत पुत्र बेचेलाल 26 वर्ष जिस शराब पीने आदि होना दर्शाया गया है उसके मृतक अवस्था में गांव के एक बाग में पड़े होने की जानकारी पुलिस को दी गई। जिसके पास से शराब की कई खाली बोतले पड़ी होने की बात कही गई थी जिस पर प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक रणवीर सिंह समेत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने जानकारी की तो पता चला कि मृतक की दूसरी शादी भी11 नवंबर 2025 को शीतल कुमारी पुत्री मनोहर लाल निवासी कान्हा को के साथ हुई थी। पहली पत्नी बीमारी के कारण करीब 5 वर्ष पूर्व ही मृत्यु हो चुकी है प्रभारी निरीक्षक ने अजीत के सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है इसके लिए पुलिस ने फील्ड यूनिट टीम को बुलाकर पूरा सर्वेक्षण कराया गया जिसके तहत किसी भी तरह का भ्रम उत्पन्न ना हो सके इस घटना से परिवार में कोहरा मच गया इसी गांव के एक व्यक्तिका शव कुछ दिन पूर्व शारदा सागर खड नहर पर बने अप्सरानदी के बनेबांध से से मिला था उसकी मौतका कारण भी शराब पीना हीबताया गया था इस गांव में अब यह दूसरी मृत्यु है जो शराब के नशे की तरफ इंगित करती है।

# दहेज के लिए प्रताडित करने के साथ मारपीट का आरोप पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पसगवां जिला खीरी को रिपोर्ट दर्ज किये जाने हेतु पीड़िता अंजली सोनी पत्नी रसिक सोनी उर्फ अमन सोनी पुत्री कृष्ण कुमार ने प्रार्थना देकर कहा है कि उसकी शादी दिनांक 06 मार्च 2025 को रसिक सोनी उर्फ अमन सोनी निवासी ग्राम बेहटा पकौरी थाना तम्बौर जिला सीतापुर के साथ कस्बा बरवर में तय हुयी थी शादी सीवी मैरिज लान सीतापुर में सम्पन्न हुई थी पीड़िता का मायका सुभाषनगर कस्बा बरवर थाना पसगवां में है जोकि पीड़िता के पिता का पैत्रक निवास है।पीड़िता का आरोप है कि उसके पिता ने काफी दान दहेज वर पक्ष की डिमाण्ड पर दिया था जिसमे मुख्यतः गाड़ी ग्रैंड विटारा तथा अन्य काफी कीमती सामान व दस लाख रु नगद दिये थे शादी में कुल खर्चा 40 से 42 लाख रुपये हुआ था।पीड़िता जब शादी के वाद ससुराल विदा होकर गई तो उसके पति रसिक सोनी ने कोई बातचीत नहीं की न कोई सम्बन्ध सरोकार किया तथा न ही कभी शारीरिक सम्बन्ध बनाने के प्रयास किये।पीड़िता की सास गीता सोनी पत्नी विनोद कुमार सोनी विनोद कुमार सोनी पुत्र जगमोहन लाल सोनी (ससुर), मीना उर्फ अनीता पत्नी संतोष कुमार सोनी, संतोष कुमार पुत्र जगमोहन लाल ने अधिक दहेज़ की मांग की तथा कहा दहेज कम मिला 2,00,0000 रु अधिक की मांग की जब पीड़िता अपने मायके बरवर आई तो उसने अपने पिता से उक्त बात बताई लेकिन उन्होंने अधिक दहेज देने में असमर्थता जाहिर की पुनः जब पीड़िता विदा होकर ससुराल गई तो पुनः उक्त के सास ससुर, पति, ताऊ, ताई ने उसे अतिरिक्त दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।आरोप है कि हद तो जब हो गई जब पीड़िता को बाथरूम में गीजर के तार खोलकर मार डालने का प्रयास किया लेकिन पीड़िता को मौके पर वर्तन धोने वाली महरिन के आगाह करने पर जान बच गई जबकि उक्त लोगो ने जान से मारने का असफल प्रयास किया उसके बाद उक्त विपक्षीगणों ने मार पीट करना शुरू कर दिया तब 22 नवंबर 2025 को सूचना पर उसके मायके वाले विदा करा ले गये दिनांक 11 जनवरी 2026 को पीड़िता का पति रसिक सोनी उर्फ अमन सोनी अपने रिश्तेदारो के साथ बरवर आया तथा पुनः कोई प्रताड़ना न करने के आश्वासन देकर विदा करा ले गया लेकिन उक्त विपक्षीगण लगातार दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे तथा 13 जनवरी 2026 को सारे जेवरात व कपडे लेकर काफी मारा पीटा उसके मायके बरवर छोड़ गए।आरोप है कि विपक्षीगणों ने मिलकर पीड़िता के साथ धोखाधड़ी की व दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया तथा जान से मारने का असफल प्रयास किया।

जिससे पीड़िता काफी परेशान है उसके पास रहने व जीवन यापन का कोई सहारा नहीं है।पीड़िता ने उक्त घटना की सूचना पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है जिस पर



कोतवाली पुलिस ने पीड़िता अंजली सोनी पत्नी रसिक सोनी उर्फ अमन सोनी पुत्री कृष्ण कुमार नि मो सुभाषनगर क़स्बा बरवर थाना पसगवां खीरी की तहरीरपर, रसिक सोनी उर्फ अमन सोनी, पिता का नाम विनोद कुमार सोनी,ग्राम बेहटा पकौरी, तम्बौर, सीतापुर, उत्तर प्रदेश, गीता सोनी, पति का नाम विनोद कुमार सोनी, ग्राम बेहटा पकौरी, तम्बौर, सीतापुर, उत्तर प्रदेश,विनोद कमार सोनी,पिता का नाम जगमोहन लाल सोनी,ग्राम बेहटा पकौरी, तम्बौर सीतापुर,मीना उर्फ अनीता,पति का नाम संतोष कुमार सोनी,ग्राम बेहटा पकौरी, तम्बौर, सीतापुर,संतोष कुमार पिता का नाम जगमोहन लाल,ग्राम बेहटा पकौरी, तम्बौर, सीतापुर के ऊपर न्याय संहिता बी एन एस 2023 की धारा 85,भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023,115 (2),भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023,351(3) दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961,3, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961,4 के तहत मुकदमा दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है।

# मृतक महिला के प्रेमी के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**● प्रेमी ने महिला को गर्भपात कराने के लिए दी थी दवा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही खीरी।** गांव ऐली में शादी शुदा महिला के पेट में पांच माह से गर्भवती महिला का गर्भपात करने के लिए दी गई दवा से हुई ब्लीडिंग से शरीर से अधिक खून बह जाने से जच्चा बच्चा की मौत की घटना में सिंगाही पुलिस ने महिला के प्रेमी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सोमवार को शिव देवी उम्र 38 वर्ष पत्नी सूरज निवासी गांव ऐली ग्राम पंचायत नौरंगाबाद के पति सूरज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की पत्नी शिव देवी का प्रेम प्रसंग जाबिर अली निवासी सिंगाही के साथ काफी दिनों से चल रहा था। जब पति सूरज घर से बाहर मजदूरी करने के लिए घर से बाहर चला जाता था। तो दोनों प्रेमी प्रेमिका आपस में मिलते जुलते थे। पति एक साल से घर से बाहर मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। इधर पत्नी शिव देवी के पांच माह का गर्भ ठहर गया। महिला का गर्भपात कराने के लिए उसके प्रेमी जाबिर ने उसको किसी मेडिकल स्टोर्स से दवा लाकर खिला दिया। जिसे गर्भवती महिला की तबीयत बिगड़ गई और उसके शरीर से अधिक ब्लीडिंग हुई जिसके कारण शरीर से अधिक खून बह गया। जिससे कठिन परिस्थितियों में महिला की मौत हो गयी ! सिंगाही थाना अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक महिला की पति की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है !

# लेखपाल की जांच रिपोर्ट मिलने के बाद भी अवैध

**● कब्जा धारकोंपर, कार्रवाई शून्य**

**खेल मैदान पर काबिज लोगों को खुला संरक्षण दे रहे तहसील दार गोला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** तहसील गोला में बच्चों के हकों पर डाका डालने वाला एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जो तहसील प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करने के लिए काफी है। विकास के नाम पर विनाश के सौदागरों ने चंद कागज़ के टुकड़ों की खातिर दबंग भू माफियाओं से साठ गांठ करके राजस्व अभिलेखों में दर्ज खेल मैदान पर आलीशान पक्के मकान और दुकान बना दिए गये। और इसकी रक्षा को नियुक्त लोक सेवक स्वयं भक्षक की भूमिका में नजर आते हुए भू माफिया के ताल पर थिरकते देखे जा रहे हैं।

**आखिर कौन है इस खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला भूमि की तबाही का मास्टरमाइंड**

खबर मिली है कि ग्राम पंचायत जटपुरा में खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित, जमीन पर ठाकुर प्रसाद, शौकत अली, अयूब, सुरेंद्र यादव, किताबदीन, शिवकुमार आदि राशूखदार दबंग किस्म लोगो ने प्रधान, लेखपाल से लेकर तहसीलदार तक से मिलीभगत करके ग्राम पंचायत की रिक्त पड़ी खेल मैदान का वजूद मिटाने की सुपारी ले रखी है। हैरानी की बात यह है कि बिना किसी सरकारी परमिशन और बगैर बिना किसी भय के खुले आम अवैध कब्जा करके आलीशान मकान और दुकान खड़ी कर ली गई ।मौके पर जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो वहां मौजूद अवैध कबजेदारों द्वारा दादागिरी दिखाई जाने के आरोप भी लगाए जा रहे हैं जबकि उक्त अवैध कब्जा धारकों के पास दिखाने के लिए एक कागज का टुकड़ा तक नहीं है।

**आखिर कब जागेगा कुंभकर्णी नीद में सोया सिस्टम?**

ग्रामीण लोगों ने इस अपराध के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। और मुख्यमंत्री सहित शासन प्रशासन को शिकायती पत्र देकर पूछा है क्या दबंग और रसूखदारों को कानून से ऊपर रहने और खेल मैदान ,प्राइमरी पाठशाला के नाम दर्ज कागजात सरकारी भूमि पर कब्जा करने की खुली छूट मिली हुई है? जनता पूछ रही है ह्लआखिर किसकी सह पर खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित देश कीमती जमीन पर बनाए जा रहे मकान और दुकान?

ऐसी क्या मजबूरी है जो खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला के आरक्षित जमीन पर किए गए पक्के निर्माण का ध्वस्थिकरण नहीं किया जा रहा है? क्या प्रशासन ने अवैध कबजेदारों के सामने घुटने टेक दिए हैं? क्या योगी सरकार खेल मैदान का वजूद मिटाए जाने का तमाशा देखती रहेगी। उपरोक्त मामले में ग्रामीण और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने साफ कर दिया है कि यदि खेल मैदान से अवैध कब्जा न हटाया गया और खेल मैदान तथा प्राइमरी पाठशाला के नाम दर्ज कागजात जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले दोषी लोगों पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो यह मामला कागजों तक ही सीमित नहीं रहेगा जन आंदोलन की आंच मुख्यालय तक पहुंचेगी ।अब देखना यह है कि ऊट किस करवट बैठता है खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला के नाम दर्ज जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराया जाता है या फिर यूं ही पूर्व की भाती लीपापोती तथा शिकायत कर्ता को धमकाकर शिकायत पर दस्तखत करवाकर मामले को फाइलों में दफन कर दिया जाएगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**मैलानी-खीरी।** मैलानी खीरी स्थित सिद्धिविनायक पब्लिक स्कूल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में वृंदावन धाम से पधारे आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी ने बताया कि भगवान का अवतार क्यों होता है? जब पृथ्वी पर आतंक अत्याचार बढ़ जाता है, तब पृथ्वी गाय का रूप धारण करके ब्रह्मा जी के पास जाती है और कहती है मेरी ऊपर अधर्म की वृद्धि हो रही है, उन अधर्म का भार सहन नहीं होता, आप कृपा करें। भगवान नारायण से ब्रह्मा ने कहा कि क्या करना है,भगवान ने कहा देखो ब्रह्मा मेरा मथुरा में जन्म होने वाला है,जितने भी देवता हैं,उन सबको यह सूचना भेज दो, ताकि वह लोग वहां पर जन्म ले लें,हमारी लीला में सहयोग करेंगे, इस पृथ्वी का भार को हल्का करेंगे, भगवान ने वासुदेव के अष्टम संतान के रूप में भगवान श्री हरि का जन्म हुआ, मथुरा में जेल के अंदर भगवान ने वासुदेव और देवकी को चतुर्भुज रूप में दर्शन दिया।आपने तपस्या की थी,तो हमने आपको कहा था,हम आपके ही पुत्र बनाकर के आएगें, हम आपके पुत्र बनाकर के आए हैं, कंस आतंक से छुटकारा पाना मिले,कृष्ण को वासुदेव जी एक डालियां में रखकर के मथुरा से गोकुल की ओर गए,पहरेदार हथकड़ियां सब कुछ छूट गये, कन्या को लेकर के आए और पुत्र को गोकुल में छोड़कर के आए,कन्या को लेकर के आए सब पहरेदार जाग गए, सब जगह यही होने लगा आठवां हो गया।वासुदेव जी जब कन्या को लेकर के गए तो कंस के हाथ से कन्या छूट करके, अष्टभुजी देवी बनाकर के आकाश मार्ग में चली गई और कहने लगी कि अरे कंस तू क्या मारेगा,तेरे मरने वाला इस ब्रज में पैदा हो चुका है,कंस ने सोचा कि हमने इतनी सुरक्षा के बाद भी कुछ नहीं कर पाया,तब कंस ने एक अपनी पूरी टीम बुलाई और टीम बुलाकर के सोच कैसे अपने शत्रु को खोजा जाए। नंद महाराज के यहां 90 वर्ष की आयु में जब बालक हुआ, तो नंदोत्तसव का आयोजन हुआ वहां के बड़े बृजवासी लोग आए वृद्ध जन आए। गोपियां हल्दी, दही, दूध की आई थीं।बाबा नंद बड़े



धूमधाम के साथ में सभी को बधाई दे रहे हैं, जो जिसको सामग्री चाहिए वही बधाई दे रहे हैं। हर्ष और उल्लास के साथ में यहां पर जन्म उत्सव का आनंद सभी ने लिया है। अंकित गोयल ने वासुदेव का रूप,काजल गोयल ने यशोदा का रूप तथा संतोष भारद्वाज के भांजे ने भगवान श्री कृष्ण के रूप में नजर आए।मौके पर नगर के बाहर से आए हुए भक्तों ने भी कथा का रसपान किया। नगर की नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी, समाजसेवी भवानी शंकर महेश्वरी, पवन मित्तल, अशोक अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष गुरुमीत कौर, द्वारका प्रसाद गोयल और भी बहुत से लोग कथा में पहुंचे।

## सुल्तान गाजी को राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया गया सम्मानित



**लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के सामाजिक कार्यकर्ता एवं विश्व मानवाधिकार परिषद संगठन के जिला अध्यक्ष सुल्तान गाजी को उनके द्वारा किए गए कार्यो के लिए विश्व मानवाधिकार परिषद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर एम आर अंसारी के द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर विश्व मानवा अधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सुल्तान गाजी जब से संस्था के जिला अध्यक्ष बने हैं। सबसे हुआ लगातार सामाजिक कार्यो में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। और लगातार लोगों की मदद कर रहे हैं। संगठन को लगातार मजबूती प्रदान कर रहे हैं। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सईद बेग वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता साजिद मंसूरी जिला उपाध्यक्ष अब्दुल्लाह खान, ब्लॉक अध्यक्ष पलिया प्रदीप राय, के अलावा अन्य सैकड़ों लोगों ने सुल्तान गाजी को सम्मानित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# अग्रवाल महिला संघ द्वारा हाथ मिलाएं खुशियां फैलाएं का किया आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** अग्रवाल महिला संघ की पिकनिक अग्रवाल महिला संघ द्वारा हाथ मिलाएं खुशियां फैलाएं की कड़ी के अंतर्गत वीर बाबा मंदिर के परिसर में एक भव्य एवं आनंदमय पिकनिक का आयोजन किया गया। इस पिकनिक का नेतृत्व संघ की अध्यक्षा श्रीमती राशि अग्रवाल एवं उनकी पूरी टीम द्वारा किया गया, जो पूरी तरह से सफल और यादगार रहा।इस आयोजन में संघ की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दिनभर हंसी-मजाक, मेल-मिलाप और मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम की खास बात रही मंजरी अग्रवाल एवं नूपुर अग्रवाल द्वारा की गई जोरदार और ऊर्जा से भरपूर एंकरिंग, जिसने पूरे माहौल को जीवंत बनाए रखा।

टीम द्वारा विभिन्न प्रकार के जोशीले और मनोरंजक गेम्स कराए गए। तंबोला ने सभी सदस्यों में खासा उत्साह भर दिया। साथ ही लंच, चाय और गरम-गरम पकौड़ों की व्यवस्था ने पिकनिक के स्वाद को और भी खास बना दिया।इस सफल आयोजन में टीम के रूप में राशि अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, मीतिका गर्ग,श्वेता अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल मीना अग्रवाल ,नूपुर अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, मंजरी अग्रवाल, नीलम गर्ग , श्वेता अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, ने मिलकर बेहतरीन समन्वय के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया। पूरी टीम ने बहुत अच्छे से गेम्स संचालित किए, जिससे सभी मेंबर्स खुश नजर आए और आपस में हिल-मिलकर एन्जॉय किया।पूरा माहौल बसंती रंग उत्सव की तरह उल्लास और उमंग से भरा हुआ प्रतीत हो रहा था। यह पिकनिक न केवल मनोरंजन का माध्यम बनी, बल्कि आपसी सौहार्द, एकता और खुशियों को साझा करने का सुंदर उदाहरण भी रही।

# भाजपा पार्टी के नितिन नवीन को निर्विरोध निर्वाचित होने पर टूण्डला नगर कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संगठन पर्व के अंतर्गत पार्टी के नितिन नवीन को निर्विरोध निर्वाचित होने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े आतिशबाजी एवं मिष्ठान वितरण कर जश्न मनाया इस दौरान टूण्डला नगर कार्यालय पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्रित हुए जिन्हें संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है हमारे यहां कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को मौका मिलता है



नितिन नवीन एवं समान परिवार से जन्मे विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री बिहार युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विधायक वर्तमान में बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं आपका संगठनात्मक अनुभव ही प्रशासनिक अनुभव है भाजपा से सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं उन्होंने आगे कहा भाजपा सदैव कार्यकर्ताओं का सम्मान मिलता है। इस उपलक्ष में वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष भंवर सिंह चौधरी, दीपक चौधरी, हनुमंत बघेल, शिव शंकर शर्मा, दिनेश गुप्ता, टूण्डला ब्लॉक प्रमुख सतीश बघेल,नारखी ब्लॉक प्रमुख सुशील चक, शिव सिंह चक, दीपक राजोरिया, नीलम दिवाकर, योगेंद्र चौहान, देवेंद्र बेनीवाल, महिपाल निषाद, पुष्पेंद्र पाल सिंह, पूरन सिंह निषाद,अनंत प्रताप, संध्या गौतम, रिंकू उपाध्याय, सुनील पाठक, जुबिन भारद्वाज, विष्णु तिवारी, महेंद्र झा, मुकेश धामा आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटना में मौत, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पसगवां खीरी को दिए गए शिकायत पत्र में रामलडैते पुत्र छुटकुन्नू कश्यप निवासी ग्राम मुनफ्फरपुर थाना पसगवां खीरी द्वारा बताया गया है कि घटना दिनांक 14 जनवरी 26 को समय लगभग 7 बजे शाम को उसके सगे भाई रामासरे पुत्र छुटकुन्नू उम्र लगभग 56 वर्ष मस्तीपुर गुड्डू के घर से अपने घर वापस आ रहे थे तभी पीछे से बेहद तेजी व लापरवाही पूर्वक मोटरसाईकिल सं0 यूपी 31 सीडी 8366 के चालक पवन पुत्र रामकिशोर निवासी ग्राम पतवन थाना पसगवां खीरी ने जोरदार टक्कर भाई रामासरे को मार दी है जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गये।घायल अवस्था में ग्रामीणो की मदद से मेरे भाई को जिला चिकित्सालय शाहजहांपुर भर्ती कराया गया जहां उनकी उपचार के दौरान 18 जनवरी 26 को प्रातः 4 बजे उनकी मृत्यु हो गयी है जिनका पीएम हो चुका है। उपरोक्त मोटरसाईकिल चालक के साथ उसका साथी दिनेश पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम पतवन बैठा था।पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।पुलिस ने तहरीर आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।वहीं दूसरी तरफ थाना पसगवां जनपद खीरी के रहने वाले महावीर जो दिनांक 17.12.2025 को पीड़ित का पुत्र महावीर अपने मामा अनुज के साथ मोटर साईकिल सं0 यूपी 27 बी ए 1012 पर सवार होकर अपनी रिस्तेदारी खिरिया अपने हाथ पर धीरे धीरे जा रहे थे तभी रास्ते मे समय करीव 6 बजे शाम स्थान सुखवसा थाना पसगवां जिला लखीमपुर खीरी को अन्तर्गत पहुंचे तभी सामने से आ रहे एक ट्रक संख्या एचआर 38 एक्स 2427 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चला कर पीड़ित के पुत्र की मोटर साईकिल में टक्कर मार दी जिससे दुर्घटना में पीड़ित के पुत्र को गम्भीर चोटे आई जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी तथा उसके साले अनुज के भी चोटे आयी जिसका जिला अस्पताल शाहजहांपुर में ईलाज चला तबियत में सुधार होने के बाद घटना करने वाले उक्त ट्रक का नम्बर अनुज ने पीड़ित को बताया था।दिनांक 18.12.2025 को पीड़ित के पुत्र का पोस्टमार्टम लखीमपुर मे हुआ था प्रार्थी अपने पुत्र के मृत्यु उपरान्त कार्यो से निर्गत होकर तथा ट्रक का नम्बर ज्ञात होने पर थाने में सूचना दी है और बताया है कि ट्रक चालक ट्रक को लेकर मौके से भाग गया था। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## बाइक सवार को बचाते समय ट्रैक्टर ट्राली खाई में गिरा

**ट्रैक्टर चालक तो बचा लेकिन बैठा किशोर हुआ गम्भीर रूप से घायल।**

**सिंगाही।** थाना क्षेत्र के पनवारी स्टेट हाईवे सिंगाही बेलराया रोड पर सिंगहा पंचायत में बने आदर्श तालाब के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पास में ही खाई में पलट गई ,ट्रैक्टर ट्राली पलटने से मौके पर अफरा तफरी मच गई। सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक बाल बाल बच गया वहीं ट्रैक्टर पर सवार एक 15 वर्षी किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस नें सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल किशोर को अपने वाहन से निघासन सीएचसी में भर्ती कराया जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने घायल किशोर का प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सड़क हादसे में किशोर का दाहिना पैर टूट गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक संजय निवासी खैरिगढ़ थाना सिंगाही अपने 15 वर्षीय भतीजे शोभित के साथ बेलराया चीनी मिल गन्ना लेकर गया था। मिल से वापस आते समय सिंगाही बेलराया मार्ग पर सिद्ध बाबा सिंगहा कला आदर्श तालाब के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में, ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया जिससे ट्रैक्टर पर बैठ किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका दाहिना पैर भी टूट गया।

# भूमि विकास बैंक प्रतिनिधि चुनाव में नवाबगंज भदपुरा निर्विरोध हुए प्रत्याशी विजई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/**भूमि विकास बैंकों के प्रतिनिधियों के चुनाव हेतु आज नामांकन पत्र दाखिल करने का अवसर था इस पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष नवाबगंज भूमि विकास बैंक निर्देशक रविंद्र सिंह राठौड़ नवाबगंज भदपुरा से पूर्व ब्लाक प्रमुख हर प्रसाद गंगवार के नामांकन पत्र दाखिल किए गए इनके विपरीत किसी भी राजनीतिक दल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करने की जनमत नहीं जुटाई। इस चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का समय 3:00 बजे था 3:00 बजे तक किसी भी दूसरे प्रत्याशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया जिसके तहत दोनों प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित मान लिया गया परंतु चुनावी प्रक्रिया के तहत इनको 22 जनवरी को निर्विरोध निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा।

भदपुरा से पूर्व ब्लाक प्रमुख हर प्रसाद गंगवार के निर्विरोध निर्वाचित होने पर ब्लॉक प्रांगण में ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने प्रत्याशी के निर्विरोध होने पर उन्हें फूल मलाई पहनकर एवं मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार विधायक आर्य के अनुज लेखराज गंगवार भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव गंगवार मंडल अध्यक्ष गणेश प्रसाद गन्ना समिति अध्यक्ष निर्भय गंगवार गन्ना समिति डायरेक्टर पीतांबर सिंह राकेश गंगवार गन्ना समिति उपाध्यक्ष सर्वेश गंगवार के साथ ही अनेकों प्रधान गण उपस्थित थे। नवाबगंज से रविंद्र सिंह राठौड़ के निर्विरोध जीतने पर उनके फार्म हाउस बायपास रोड स्थित पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य नवाबगंज पालिका अध्यक्ष पति भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह राठौड़ शशि कपूर रोहित गंगवार समेत अनेकों लोगों ने उनकी जीत पर बधाई दी और हर्ष व्यक्ति किया।

इधर भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार दोनों प्रत्याशियों के निर्विरोध निर्वाचित होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा




देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारियों की वजह से विरोधियों के साहस टूटे जा रहे हैं अब जनता भाजपा के साथ मजबूती से खड़ी है जिसका परिणाम स्वरूप दोनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित किए गए हैं इसके लिए उन्होंने देश व प्रदेश का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के कार्यों की सराहना करते हुए कहा यह उनके कार्य कुशलता का परिणाम है जिसके तहत दोनों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध खनन पर सख्ती, दो ट्रैक्टर सीज, पहले जेसीबी पर दर्ज हो चुका है मुकदमा


**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चौकी मोढ़ एवं खनन विभाग की संयुक्त टीम ने थाना भदोही क्षेत्र में अवैध खनन के मामलों पर प्रभावी कार्रवाई की। दिनांक 15 जनवरी को ग्राम डुहिया में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर मौके से एक जेसीबी वाहन कब्जे में लेकर जेसीबी मालिक संजय दुबे के विरुद्ध थाना भदोही में संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसी अभियान के तहत 19 जनवरी को ग्राम मकनपुर की राजस्व भूमि पर अवैध मिट्टी खनन करते हुए मिट्टी से भरी ट्राली सहित दो ट्रैक्टर वाहन पकड़े गए। पकड़े गए ट्रैक्टर अश्वनी कुमार दुबे व विजय सरोज के बताए गए हैं, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में लेकर सीज कर दिया है।

### भटके बालक को पुलिस ने आधे घंटे में मिलाया



**भदोही।** थाना औराई क्षेत्र के ग्राम जोगीबारी से गुम हुए 08 वर्षीय बच्चे को पीआरवी 5075 के पुलिसकर्मियों ने सूचना मिलते ही सक्रियता दिखाते हुए मात्र 30 मिनट में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की तत्परता व मानवतापूर्ण कार्य की परिजनों ने सराहना की। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पीआरवी कर्मियों आ. मनोज सहरावत व हो. जटाशंकर मौर्य की सराहनीय कार्यवाही की प्रशंसा की।

### अवैध मदिरा तस्करी के खिलाफ आबकारी विभाग की सख्त कार्रवाई, देर रात चला चेकिंग अभियान



**भदोही।** आबकारी आयुक्त एवं जिलाधिकारी भदोही के आदेश तथा संयुक्त आबकारी आयुक्त वाराणसी जोन और उप आबकारी आयुक्त मीरजापुर के निर्देश पर जनपद भदोही में अवैध मदिरा की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु लगातार प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम सोमवार की रात एक बजे तक आबकारी विभाग द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक रजनीश कुमार पाण्डेय एवं आबकारी निरीक्षक अनिल कुमार सूर्यभान ने स्टाफ के साथ लालानगर चेकपोस्ट पर वाहनों की गहन जांच की। अभियान में प्रधान आबकारी सिपाही/आबकारी सिपाही उदय सिंह, पवन मिश्रा, भाई लाल सरोज, तौकीर खां एवं अरशद जमाल शामिल रहे। इसके अतिरिक्त कौलापुर स्थित कम्पोजिट दुकान, देशी शराब दुकान कौलापुर एवं गोपीगंज नंबर-4 की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्यूआर कोड का मिलान कर स्टॉक का सत्यापन किया गया तथा विक्रेताओं को नियमों के अनुरूप दुकान संचालन के निर्देश दिए गए।

### भदोही में निजी बस अड्डा स्थापना का अवसर, निवेशकों से मांगे गए आवेदन

**भदोही।** नगर पालिका भदोही/गोपीगंज सीमा क्षेत्र से 5 किमी के भीतर, न्यूनतम 2 एकड़ भूमि तथा 7 मीटर से अधिक चौड़ी सड़क के किनारे जमीन रखने वाले निजी निवेशकों से बस अड्डा स्थापना हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रक्रिया उत्तर प्रदेश स्टेज कैरिज, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क नीति-2025 के तहत जिलाधिकारी शैलेष कुमार के अनुमोदन के बाद शुरू की गई है। नव स्थापित बस अड्डे में 70% खुला क्षेत्र तथा 30% भाग में यात्री सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, कैंटीन, सुरक्षा एवं प्रकाश व्यवस्था शामिल होंगी। आवेदन उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीड़ा) कार्यालय में किए जा सकते हैं। एआरटीओ राम सिंह ने बताया कि अधिक जानकारी हेतु सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, भदोही कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

# गणतंत्र दिवस को पारंपरिक उल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से मनाए जाने की तैयारियों विषयक एडीएम ने की बैठक

**● भव्यता के साथ वंदेमातरम के 150 वर्ष थीम पर मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस**

**● संवैधानिक मूल्यों व आदर्शों पर होंगे विविध कार्यक्रम-अपर जिलाधिकारी**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही 20 जनवरी 2026** :-गणतंत्र दिवस को पारंपरिक उल्लास एवं गरिमापूर्ण ढंग से भव्यता के साथ वंदेमातरम के 150 वर्ष थीम पर मनाए जाने की तैयारियों विषयक जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) कुंवर वीरेंद्र मौर्य व अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या ( 25 जनवरी 2025 ) को विभूति नारायण राजकीय इण्टर कालेज ज्ञानपुर में स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों की स्मृति में प्रधानाचार्य द्वारा सायं 05 बजे दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पित कराया जायेगा । प्रातः7 बजे जिला स्टेडियम से देवनाथपुर तक क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे ।इसके लिए ट्रैफिक पुलिस व एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

अपर जिलाधिकारी द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भदोही को निर्देशित किया गया कि एन0सी0सी0 कैडेट स्काउट लखनो तिराहे से कलेक्ट्रेट मुख्यालय तक प्रातः 7:00 से 8:00 तक प्रभात फेरी का आयोजन कराना सुनिश्चित करेंगें। समस्त सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालयों/लिमिटेड एवं भवनों पर ध्वजारोहण तथा संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण एवं राष्ट्रगान किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण दी सेण्ट्रल वार एसोसिएशन कलेक्ट्रेट मुख्यालय केशवपुर सरपतहा में किया जायेगा। श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में ध्वजारोहण एवं नेहरू बाल उद्यान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम एवं ध्वजारोहण जिलाधिकारी द्वारा किया जाएगा प्रातः 9:30 बजे पुलिस लाईन में परेड एवं ध्वजारोहण आदि किया जाएगा।

समस्त शिक्षण संस्थाओं में इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिनमें राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' का सामूहिक गायन भी सम्मिलित हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाये और सशस्त्र सैन्यबलों के बलिदान को नमन करते हुये, देशभक्तों के जीवन के प्रेरक-प्रसंग दोहराये जायें, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। नाटक, विचार गोष्ठी तथा निबन्ध लेखन की प्रतियोगितायें भी यथासम्भव आयोजित करायी जायें। 11:30 से 12 बजे तक जिलाधिकारी द्वारा जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर में मरीजों को फल वितरण तथा जिला कारागार ज्ञानपुर में कैदियों को मिष्ठान एवं फल वितरण किया जाएगा।


नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों में मलिन बस्तियों की सफाई नगर पालिका एवं नगर पंचायत के समन्वय से किया जायेगा तथा अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने नगर पंचायतों के किस-किस वार्डो में सफाई आदि का कार्यक्रम किया जायेगा चिन्हित कर अवगत कराये जाने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक विकासखण्डों के ग्रामों की सफाई एवं श्रमदान का कार्य खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा कराया जायेगा । खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सफाई हेतु एक-एक स्थान चिन्हित कर सूचित करायेगें। समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत अपने-अपने नगरों में सफाई का कार्य करायेगें ।

गणतन्त्र दिवस के अवसर पर 25 व 26 जनवरी की रात्रि में सरकारी / गैर सरकारी भवनों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर इमारतों को तिरंगा के रंगो से प्रकाशमान किया जायेगा जिनका प्रकाशमान अच्छा रहेगा उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। प्रकाश की व्यवस्था हेतु अधिशासी अभियन्ता, विद्युत को विद्युत आपूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारी सम्मिलित होगें तथा निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी इस पर्व पर होने वाले समारोह में अवश्य प्रतिभाग करेंगे। बैठक में यह निर्देशित किया गया कि गणतंत्र दिवस के पूर्व ही सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी/अधिशासी अभियन्ता उक्त स्थानों/सड़कों को ठीक करा दे जिससे होकर उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अधिशासी अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारीगण एवं समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे उक्त पर्व पर नगर/ग्रामों की सफाई व्यवस्था अवश्य सुनिश्चित करा लें। गणतंत्र दिवस को पूर्व उल्लास व गौरव के साथ सम्पन्न कराया जाय तथा जिलाधिकारी द्वारा प्रभारी अधिकारी स्वन्तन्त्रता संग्राम सेनानी को निर्देशित किया गया कि दिनांक 26 गणतंत्र दिवस पर ससम्मान अधिक से अधिक स्वन्तन्त्रता संग्राम सेनानियों को बुलवाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल सहित सभी सम्बन्धितगण अधिकारी उपस्थित रहें।

## 'मिशन शक्ति' के तहत पुलिस द्वारा महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही** कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0' दिनांक-20.01.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर



अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

## औराई में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज



**भदोही।** तहसील औराई के ग्राम कैयरमऊ में अवैध खनन की सूचना पर प्रशासन द्वारा छापेमार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध मिट्टी का परिवहन करते हुए 06 ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। पकड़े गए सभी वाहनों को पुलिस की सहायता से थाना औराई में सीज कर दिया गया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सड़क सुरक्षा, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में मंगलवार को सड़क सुरक्षा, चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ माधवी शुक्ला ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया । प्राचार्य नेअपने सम्बोधन में कहा कि सड़क सुरक्षा का मुख्य उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं (चालकों, यात्रियों,पैदल चलने वालों, साइकिल चालकों) के जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करना है, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके,मौतों और चोटों को कम किया जा सके,और सड़कों पर यातायात का सुचारु व व्यवस्थित प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके, जो यातायात नियमों के पालन और जागरूकता से प्राप्त होता है।यह लोगों को सुरक्षित घर पहुंचाने और सड़क से जुड़े आघात को कम करने का एक प्रयास है।सड़क सुरक्षा के नियम को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी पाण्डेय, द्वितीय स्थान आंचल पाठक एवं तृतीय स्थान पायल गुप्ता ने प्राप्त किया। इसी प्रकार क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नवीन शर्मा एवं शालू सिंह,द्वितीय स्थान साहिबा बानो एवं तृतीय स्थान लवकुश विश्वकर्मा एवं अंजलि गुप्ता ने प्राप्त किया।डॉ अमित कुमार यादव ,डॉ मंजुला शुक्ला तथा डॉ विद्या सिंह ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन किया। रोड सेफ्टी प्रभारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन कर आप अपने साथ दूसरे की जिंदगी को भी सुरक्षित बनाते हैं । कार्यक्रम का संचालन करते हुए सह- संयोजक डॉ चंदन कुमार द्विवेदी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन अपनी और दूसरों की जान बचाने



का एक तरीका है एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ अवधेश सिंह यादव ने कहा कि ट्रैफिक सिग्नल, हेलमेट, सीटबेल्ट का पालन करें और गति सीमा में वाहन चलाएं ताकि सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके और मौतों व चोटों को रोका जा सके।इस अवसर पर आइक्यूएसी प्रभारी डॉ चंदन साहू,डॉ रजनीश,डॉ दीप नारायण,डॉ अरूणेश कुमार, डॉ अरविन्द कुमार,डॉ नलिनी सिंह, डॉ रीता मिश्रा,धर्म चन्द्र सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## डॉ एस पी सिंह पटेल उ प्र सहकारी ग्राम विकास बैंक शाखा लालगंज के निर्विरोध अध्यक्ष चयनित

मीरजापुर। मंगलवार को उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लालगंज शाखा के अध्यक्ष का चुनाव नामांकन विकास खंड कार्यालय लालगंज में संपन्न हुआ जिसमें अपना दल एवं एनडीए प्रत्याशी डॉ एस पी सिंह पटेल पुत्र राजनारायन सिंह पटेल ग्राम व पोस्ट लालगंज मीरजापुर का एकमात्र नामांकन हुआ जिसके प्रस्तावक शिवकुमार और समर्थक रामनरेश थे। एकमात्र नामांकन होने से चुनाव को निर्विरोध मानते हुए उपस्थित आज के चुनाव प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री दिनेश वर्मा जी व अखिलेश सिंह जी, रमाशंकर सिंह पटेल जी रमाकांत पटेल, उदय पटेल जी, बसंत पाल जी, गुलाबबहादुर जी, तुलसी पाल जी, अखिलेश बिंद जी, जनार्दन कोल जी, रामलखन पटेल जी, मनोज सिंह बबलू जी, अशोक पटेल जी, दिलीप सिंह पटेल जी, शशी पटेल जी, धनंजय पटेल जी, हौसला पटेल जी, दीनानाथ पटेल जी, रमेश सिंह महाजन जी, मोतीलाल सिंह जी, मनीष पटेल जी, विकास सोनकर जी, फ़ुलेल पटेल जी, गुलाब सिंह जी, शमसुद्दीन जी, संतोष विश्वकर्मा जी बृजभान मौर्य जी, पप्पू पटेल जी, राजेंद्र मौर्य जी, चंद्रशेखर पटेल जी, विजय शंकर सिंह जी, राजू कोल जी, वीरेंद्र बहादुर सिंह जी, शिवशंकर सिंह जी, दयाशंकर मिश्र जी, रामचंद्र सिंह जी,आदि लोग उन्हें माला फूल पहनाकर ज़ोरदार स्वागत किया और इस जीत को एनडीए की नीतियों का जीत बताया।

## वरिष्ठ अधिवक्ता को पत्नी शोक

**आदर्श ब्राह्मण मंच ने जताया शोक**

**चुनार, मीरजापुर।** नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येंद्र नाथ द्विवेदी की 81 वर्षीय पत्नी का देहांत सोमवार की शाम ग़ाज़ियाबाद में हो गया। वो कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। उनका इलाज दिल्ली के श्री गंगाराम अस्पताल में चल रहा था। उनके निधन पर ब्राह्मण एकता मंच ने नगर अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु प्रार्थना किया गया। इस दौरान कोषाध्यक्ष सौरभ पुजारी, महामंत्री डॉ बंगलेश चंद पांडे, सुनील कुमार मिश्रा, लक्ष्मी शंकर पांडे, गौरी नाथ दीक्षित, गोपी नाथ मिश्रा,शिवाकांत पाठक, अनिल मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे।

## फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में बड़ी कार्रवाई, पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा गैंग के सदस्य पर मुकदमा

**भदोही।** उत्तर प्रदेश सरकार की संगठित अपराध की रीढ़ पर प्रहार नीति के तहत भदोही पुलिस व प्रशासन द्वारा संगठित एवं पेशेवर अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा गैंग के सक्रिय सदस्य आशीष मिश्रा के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर जन्मतिथि में हेराफेरी कर फर्जी तरीके से दो शस्त्र लाइसेंस निर्गत करा लिए थे। जांच में अभियुक्त के शैक्षिक अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों पर जन्मतिथि में विसंगतियां पाई गईं। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में थाना गोपीगंज पर अभियुक्त के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संगठित अपराध से जुड़े किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## भारत सरकार की कैशलेस दुर्घटना उपचार योजना पर थाने पर नियुक्त कंप्यूटर ऑपरेटर को दिया गया प्रशिक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

भारत सरकार सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस उपचार योजना लागू करने जा रही है,जिसके तहत हादसे में घायल व्यक्ति को 7 दिन तक 1.50 लाख का इलाज बिना एक रुपया दिए मिलेगा।

आज दिनांक 20.01.2026 मा0मुख्यमंत्री, उ0प्र0 की अध्यक्षता में उ0प्र0 राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की दिनांक 20.12.2025 को सम्पन्न समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त दिनांक 30.12.2025 में सड़क दुर्घटनाओं एवं दुर्घटनाओ से प्रभावित व्यक्तियों की संख्या में त्वरित गति से कमी लाने हेतु प्रभावी कार्यवाही किये जाने एवं एक सप्ताह के अन्दर कार्यशाला का आयोजन कराकर जनपद में गठित क्रिटिकल कॉरिडोर टीम (सीसी टीम) के पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित कराये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। उक्त निर्देश के क्रम में जनपद भदोही के पुलिस लाइन्स,ज्ञानपुर स्थित सीसीटीएनएस कक्ष में जनपद की सभी CC team के प्रभारीव कंप्यूटर ऑपरेटर को मय टीम स्रष्ठ के अंतर्गत उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से *प्रशिक्षण देकर उपकरणों के बारे में जानकारी देते हुए



कैसे वह कार्य करेंगे व मेडिकल टीम के साथ फर्स्ट एड तथा CPR व अन्य जानकारी देकर सीसी टीम को जनपद में सड़क दुघर्टनाओं में कमी व उसके पश्चात की कार्यवाही के उद्देश्य से उनके दायित्वों के बारे बताया गया। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं से प्रभावित व्यक्तियों की संख्या में त्वरित गति से कमी लाये/प्रभावी कार्यवाही किये जाने जाने हेतु जनपद के 03 थानों क्रमशः गोपीगंज, भदोही व औराई (क्रिटिकल पुलिस स्टेशन/क्रिटिकल कॉरिडोर) हेतु क्रिटिकल कॉरिडोर टीम (सीसी टीम) का गठन किया गया है, जिसके नोडल अधिकारी राजीव कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात नियुक्त किया गया है।

## महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भदोही और कानपुर की शानदार जीत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र स्थित महर्षि आज़ाद स्टेडियम, मेढ़ी में तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आज़ाद राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन मंगलवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। प्रतियोगिता के अंतर्गत दो मैच खेले गए, जिनमें पहले मुकाबले में मास्टर एकेडमी भदोही और सुल्तानपुर की टीमें आमने-सामने रहीं, जबकि दूसरे मैच में वाराणसी और कानपुर के बीच कड़ा संघर्ष हुआ। पहले मैच में मास्टर एकेडमी भदोही की घातक गेंदबाजी के आगे सुल्तानपुर की पूरी टीम मात्र 43 रन (10.5 ओवर) पर सिमट गई। भदोही की ओर से गेंदबाज अश्विनी रावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मास्टर एकेडमी भदोही की टीम ने मात्र 5.4 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। वैभव ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 5 गेंदों में नाबाद 21 रन बनाकर टीम को 8 विकेट से शानदार जीत दिलाई। दिन के दूसरे मुकाबले में वाराणसी और कानपुर की टीमें आमने-सामने रहीं। टॉस जीतकर वाराणसी के कप्तान ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कानपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 145 रन बनाए। कानपुर की ओर से दीपांशु ने 37 रन, अमन चौबे ने 21 रन तथा वेद प्रकाश ने नाबाद 22 रन की उपयोगी पारी खेली।

वाराणसी की ओर से गेंदबाजी में हरि ओम चौबे ने 3 विकेट और कप्तान अजीत भाई ने 2 विकेट लेकर रनगति पर अंकुश लगाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाराणसी की टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 123 रन ही बना सकी। टीम की ओर से अनुभव जय प्रकाश सिंह ने 37 रन और करण पाल ने 22 रन का योगदान दिया। अंत में एम.आर. आर्यन पटेल (नाबाद 12) और अंश भारद्वाज (10) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।

कानपुर की ओर से गेंदबाजी में आदित्य ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि राज सोनी ने 3 विकेट लेकर



विपक्षी टीम को दबाव में रखा। इस तरह कानपुर की टीम ने 22 रनों से जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता का अगला मैच आजाद स्पोर्ट्स क्लब बनाम एमआरसीसी विंध्याचल तथा सोनभद्र बनाम सेवा श्रम इंटर कॉलेज सुरियावां के बीच खेला जाएगा। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह, विजयशंकर राय, राजमणि पांडेय, राजकुमार सरोज, जेपी सिंह, रामजीत यादव, श्याम बहादुर यादव, दिनेश यादव 'दादा', परमेंद्र गौतम सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## 33 रन से इंडियन बैंक को हराया देवरी पुरब

**● फाइनल मैच में हर छक्के पर संजय शुक्ला ने दिया ?50 का इनाम**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया, मीरजापुर।** जय श्री महाकाल क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल मैच खेला गया जिसमें देवरी पुरब ने 33 रन से इंडियन बैंक खिलाड़ियों को हराते हुए जीत हासिल किया फाइनल मैच जीतने वाले कैप्टन जगत चौबे ने जीत हासिल कर अपना इनाम प्राप्त किया वही उपविजेता को भी पुरस्कृत टीम के द्वारा किया गया उपविजेता के कप्तान रहे राजू शुक्ला ने अपना इनाम प्राप्त किया साथी साथ मुख्य अतिथि पूर्व मिर्जापुर जिले से सांसद प्रतिनिधि मनीष त्रिपाठी व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धीरज मिश्रा ने टीमों को पुरस्कृत करते हुए टीम को बधाई दिया और पुनः कहीं भी मैच हो तो जीत हासिल करने की बधाई दिए साथ ही साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धीरज मिश्रा उर्फ बबलू मिश्रा ने हर छक्के पर टीम को ?100 का पुरस्कार दिए वही संजय शुक्ला बाबाजी ने हर छक्के पर ?50 का पुरस्कार देते हुए खिलाड़ियों



का मनोबल बढ़ाया हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी टूर्नामेंट के संयोजक सुरेश शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष बड़े अच्छे ढंग से खिलाड़ी आकर हमारे टूर्नामेंट में भाग लेते हैं और हमें साल में एक बार खिलाड़ियों के बीच में रहने का अवसर मिलता है जिससे हमें भरपूर संतुष्टि मिलता है इस मौके पर इंडियन बैंक के ब्रांच मैनेजर लखबीर सिंह व साथ में बैंक के फाइनेंसर परमेश्वर कुमार मनीष त्रिपाठी धीरज मिश्रा विवेक कुमार मिश्रा विवेक शुक्ला मुकेश सिंह वीरेंद्र प्रताप सिंह विनय दुबे मिथिलेश मिश्रा कॉमेंटेटर अशोक कुमार दुबे रघु प्रसाद चंद्र मोहन राजेंद्र प्रसाद मिश्रा राजू शुक्ला सुरेश शुक्ला संजय शुक्ला बाबा जी संजय तिवारी सुशील पटेल सहित तमाम क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## दो पक्षों में हुए मारपीट के चार अभियुक्त गिरफ्तार

**चुनार, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के रायपुरिया ग्राम सभा के चेरा के पुरा मौजा में बीते रविवार को हुए मारपीट के कारण गांव में व्यापक तनाव व्याप्त था। इसी क्रम में मंगलवार चुनार पुलिस द्वारा चार अभियुक्त भोले शंकर सोनकर पुत्र शिव बली सोनकर और आधा सुनकर उम्र 20 वर्ष, मनोज सोनकर पुत्र जयराम सोनकर उमरान 38 वर्ष, शिव बली सोनकर उर्फ अद्धदा पुत्र स्वर्गीय कालीचरण उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम सरैया सिकंदरपुर थाना चुनार जनपद मिर्जापुर व भीम उर्फ आशीष यादव पुत्र पारस निवासी रायपुरिया थाना चुनार जनपद मिर्जापुर को जमुई अंडरपास थाना चुनाव के पास से गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया।

## सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

**सीखड, मीरजापुर।** चुनार कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कठेरवा निवासी युवक अपने मित्र के साथ वाराणसी जा रहा था रोहनिया थाना क्षेत्र के बछांव में ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। तथा उसके साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार चंदन यादव पुत्र मिठाई यादव उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी कठेरवा थाना चुनार जनपद मीरजापुर घर से अपने साथी नितेश के साथ वाराणसी जा रहा था कि रोहनिया थाना क्षेत्र के बछांव में पास लेते समय ट्रक के चपेट में आ गया, जिससे चंदन का मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका साथी नितेश गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची वाराणसी पुलिस ने घायल नितेश को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी लें गई तथा मृतक चंदन के परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया वहीं परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

## जमीन विवाद में पीड़ित ने लगायी पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद आजमगढ़ के तहसील सगड़ी अंतर्गत थाना महराजगंज क्षेत्र के ग्राम रामपुर पोस्ट महराजगंज की निवासी श्रीमती अंशू सिंह पत्नी संतविजय ने स्थानीय पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रार्थिनी का पुत्र अमन सिंह भारतीय सेना में कार्यरत है।

प्रार्थिनी का आरोप है कि उनके पुत्र द्वारा अपनी समस्या को लेकर कमांडिंग ऑफिसर के माध्यम से उच्चाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को पत्र लिखा गया, बावजूद इसके शासन-प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जब भी रिपोर्ट तलब की जाती है, तो गलत एवं भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की जाती है।

प्रार्थिनी का कहना है कि थानाध्यक्ष महराजगंज एवं दरोगा अशोक सिंह ने विपक्षियों के प्रभाव में आकर कार्यरत फौजी के माता-पिता के साथ गाली-गलौज, मारपीट और घसीटने जैसी अमानवीय हरकतें कीं। इतना ही नहीं, दोनों को हथकड़ी लगाकर लगभग 3 घंटे तक थाना में बंद रखा गया, जिसके बाद कई धाराओं में पति-पत्नी का चालान कर दिया गया।



पीड़िता का यह भी आरोप है कि पट्टीदारों द्वारा उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है, लेकिन इस मामले में भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिणामस्वरूप प्रार्थिनी का परिवार पिछले 9 महीनों से खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर है।

प्रार्थिनी ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कार्यरत फौजी के माता-पिता को न्याय दिलाया जाए, थाना महराजगंज में लगे सीसीटीवी कैमरों की संबंधित तिथि की जांच कराई जाए, तथा दोषी पुलिस अधिकारी/कर्मचारी (दरोगा अशोक सिंह) के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्याय नहीं मिला तो वे उच्च न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग की शरण लेने को विवश होंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### सोमेश्वर महादेव मंदिर के समीप विशाल भंडारे का आयोजन



**नैनी, प्रयागराज।** सोमेश्वर महादेव मंदिर के समीप विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक उदयभान करवरिया पहुंचे जहां उन्हें ने अपने हाथों से सभी को भंडारे का प्रसाद वितरित किया। भंडारे के आयोजक राम बाबू सिंह यादव, लालू यादव, संजय यादव, शिव कुमार यादव, बुद्ध, पत्रकार हजारी लाल कुशवाहा, पत्रकार राहुल जायसवाल, पत्रकार अखिलेश शुक्ला, रामबाबू आदि रहे।

### बुराईयों से दूर रहें संगम की धार्मिकता खूबसूरती पर दाग न लगायें- सरदार पतविन्दर



**नैनी, प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने माघ मेला संगम क्षेत्र में प्ले कार्ड पर सूक्ति वाक्य लिखकर पदयात्रा करते हुए कहा कि नशा, अभ्रद्र टिप्पणी, अभद्रता सामाजिक बुराईयों से दूर रहें। संगम की धार्मिकता खूबसूरती पर दाग न लगायें। युवाओं का एक बड़ा समूह आज किसी ने किसी नशे का आदी हो चुका है हमारे पारिवारिक संस्कार में कहीं ना कहीं कमी आई है समाज में यह कोढ की तरह फैल रहा है नशा न सिर्फ युवा पीढ़ी की सोचने समझने की शक्ति छीन लेता है बल्कि उसके भविष्य को भी पूरी तरह बर्बाद कर देता है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि आईए हम शपथ ले कि हम किसी नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे, अपने परिवार व समाज को नशीले पदार्थों से दूर रखने के लिए कार्य करेंगे, अपने समाज व क्षेत्र में नशे के विरुद्ध जन जागरूकता फैला ने के लिए कार्य करेंगे द्य जन जागरूकता पदयात्रा में सौरभ, सपना, हरमनजी सिंह, सरदार पतविंदर सिंह, कुलदीप, नारायण कारन जन जागरूकता करते रहे।

### कौशांबी प्रयागराज को जोड़ने वाले पीपा पुल पर आवागमन शुरू, सफर होगा आसान



**ब्यूरो प्रयागराज।** बारा तहसील क्षेत्र स्थित प्रतापपुर से कौशांबी जिले को जोड़ने वाला यमुना नदी पर बनाया जाने वाला पीपा पुल 90 प्रतिशत से ज्यादा आवागमन के लिए तैयार हो चुका है। वहीं कौशांबी जिले में नंदा का पुरवा पीपा पुल दूसरे जिले प्रयागराज को जोड़ने वाला लगभग 90 प्रतिशत बनकर तैयार हो गया है। इस पुल पर अब आवागमन शुरू हो गया है, जिससे स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिली है।यह पुल कौशांबी और प्रयागराज जिलों को सीधे जोड़ता है। इसके निर्माण से दोनों जिलों के बीच की दूरी कम हो गई है, जिससे यात्रा का समय और लागत दोनों में बचत होगी।स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले यह मार्ग लंबा और दुर्गम था। अब वाहन चालकों और पैदल यात्रियों दोनों के लिए आवागमन सुगम हो गया है। व्यापारियों को भी इससे लाभ मिलेगा, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।स्थानीय प्रशासन ने बताया कि पुल का निर्माण सभी सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर किया गया है। अधिकारियों ने यात्रियों को सुरक्षित आवागमन का आश्वासन दिया है।यह पुल न केवल यातायात को सुगम बनाएगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को शहरों और अन्य जिलों तक पहुंचने में भी मदद करेगा। स्थानीय निवासियों और व्यापारिक समुदाय ने इस परियोजना पर संतोष व्यक्त किया है, और पूरी तरह से पुल के चालू होने के बाद परिवहन और आर्थिक गतिविधियों में और वृद्धि की उम्मीद जताई है।

# एनडीटीवी केसः हाईकोर्ट ने प्रणय और राधिका रॉय को भेजे आयकर नोटिस रद्द किए, विभाग पर जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एनडीटीवी के संस्थापकों प्रणय रॉय और राधिका रॉय को मार्च 2016 में जारी किए गए इनकम टैक्स री-असेसमेंट नोटिस रद्द कर दिए हैं. इसके अलावा अदालत ने आयकर विभाग पर कुल 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए निर्देश दिया है कि प्रत्येक याचिकाकर्ता को 1-1 लाख रुपये दिए जाएं। ज्ञात हो कि ये नोटिस एनडीटीवी के प्रमोटर समूह की कंपनी आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड को कथित रूप से बिना ब्याज दिए गए ऋण से जुड़े थे. इस मामले में विस्तृत फैसला अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है।

जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनोद कुमार की खंडपीठ ने माना कि आयकर विभाग द्वारा आरआरपीआर होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े लेन-देन को दोबारा खंगालने की कोशिश गलत थी, क्योंकि इनकी पहले ही जांच हो चुकी थी।

अदालत ने रॉय दंपति की इस दलील से सहमति जताई कि एक ही मामले का दोबारा आकलन करना आयकर अधिनियम के तहत 'राय में बदलाव' (चेंज ऑफ ओपिनियन) के बराबर है, जो स्वीकार्य नहीं है।

बिज़नेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, आयकर विभाग ने आरोप लगाया था कि विश्वप्रधान कमर्शियल प्राइवेट लिमिटेड से आरआरपीआर को दिया गया 403.85 करोड़ रुपये का ब्याज-मुक्त ऋण, साथ ही आरआरपीआर और रॉय दंपति के बीच हुए शेयर ट्रांसफर की एक श्रृंखला, कर से बचने के उद्देश्य से की गई 'दिखावटी लेन-देन' (कलरेबल ट्रांजैक्शन) थे।

रॉय दंपति ने नवंबर 2017 में इस री-असेसमेंट के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया था. उन्होंने बताया कि आयकर विभाग जुलाई 2011 में पहले ही आकलन दोबारा खोल चुका था और उस दौरान इन्हीं मुद्दों की जांच की गई थी, जिसका निपटारा मार्च 2013 में पारित री-असेसमेंट आदेश के साथ हो गया था। रॉय दंपति ने नवंबर 2017 में हाईकोर्ट का रुख किया था. उनका कहना था कि यह री-असेसमेंट की कार्यवाही उसी आकलन वर्ष (असेसमेंट ईयर) के लिए दूसरी बार आकलन दोबारा खोलने के बराबर है।

उन्होंने दलील दी थी कि विभाग पहले ही जुलाई 2011 में आकलन दोबारा खोल चुका था, जिसका निपटारा मार्च 2013 में पुनर्मूल्यांकन आदेश के साथ हो गया था. पीठ ने माना कि आयकर विभाग पहले की पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में जांचे जा चुके मुद्दों को दोबारा नहीं उठा सकता।

अदालत ने आयकर विभाग के अधिकारियों पर जुर्माना भी लगाया और कहा कि ऐसे मामलों में कोई भी राशि पर्याप्त नहीं हो सकती, लेकिन एक प्रतीकात्मक जुर्माना लगाना ज़रूरी है। रिपोर्ट में बताया गया कि री-असेसमेंट नोटिस से जुड़ी सभी आगे की कार्यवाहियों को भी रद्द कर दिया गया है. अदालत ने आदेश दिया, 'दोनों रिट याचिकाएं स्वीकार की जाती हैं. याचिकाकर्ताओं को 31 मार्च 2026 को जारी नोटिस तथा उनके आधार पर पारित कोई भी आदेश या शुरू की गई कोई भी कार्यवाही रद्द की जाती है।

## शंकरगढ़ में पागल कुत्ते ने 37 लोगों को किया घायल, बच्चों, महिलाओं समेत कई भर्ती



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दया शंकर त्रिपाठी

**ब्यूरो प्रयागराज।** शंकरगढ़ क्षेत्र में एक पागल कुत्ते का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। पटहट रोड रेलवे फाटक से लेकर रानीगंज की ओर तक फैले इस आतंक ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया है। अब तक यह कुत्ता 37 लोगों को काटकर घायल कर चुका है, जिनमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल हैं। घटना के बाद से ग्रामीण में दहशत का माहौल है और लोग अपने घरों से निकलने में भी डर महसूस कर रहे हैं।स्थानीय लोगों के अनुसार पागल कुत्ता अचानक लोगों पर हमला कर रहा है, और तेजी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर घूम रहा है। सुबह और शाम के समय जब लोग कामकाज या बच्चों को स्कूल भेजने के लिए निकलते हैं, उसी दौरान हमले की घटनाएं अधिक हो रही हैं। सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि घायलों में कई मासूम बच्चे भी शामिल हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता और बढ़ गई है।घटना में घायल सभी 37 लोगों को सीएससी शंकरगढ़ लाया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायलों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं, और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर इलाज मिलने से घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है, लेकिन रेबीज जैसे घातक रोग को देखते हुए पूरी सावधानी बरती जा रही है।इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि आवारा कुत्तों की समस्या पहले से ही गंभीर थी, लेकिन समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अब पागल कुत्ते के हमलों ने स्थिति को और भयावह बना दिया है। ग्रामीणों और नगरवासियों ने मांग की है कि संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई करते हुए कुत्ते को पकड़ने या निष्क्रिय करने की व्यवस्था करे, ताकि आगे किसी की जान खतरे में न पड़े।प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई है कि यदि कहीं भी पागल कुत्ता दिखाई दे या किसी पर हमला करे, तो तुरंत इसकी सूचना प्रशासन या पुलिस को दें।

## प्रेमी ने भेजा मौत का झूठा वीडियो, प्रेमिका ने दी जान

### फिर प्रेमी ने भी कर लिया आत्महत्या

**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद चित्रकूट धाम कर्वी मऊ तहसील क्षेत्र से सटे बरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित एक गांव में एक प्रेमी युगल ने आत्महत्या कर ली। 17 फरवरी को उनकी शादी होनी थी। प्रेमी ने अपनी मौत का झूठा वीडियो प्रेमिका को भेजा, जिसके बाद प्रेमिका ने व्हाट्सएप कॉल पर जान दे दी। यह देखकर प्रेमी ने भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना बरगढ़ थाना क्षेत्र और जयपुर से जुड़ी है।बरगढ़ थाना क्षेत्र निवासी अंकित तिवारी (25वर्ष)का एक कस्बे की 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

परिजनों को जानकारी होने पर उन्होंने दोनों की शादी तय कर दी थी, जो 17 फरवरी को होनी थी।परिजनों के अनुसार, जयपुर में काम कर रहे अंकित और चित्रकूट में रह रही युवती के बीच रविवार रात करीब एक बजे फोन पर बातचीत हो रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई।कहासुनी के बाद अंकित ने अपनी मौत का स्वांग रचते हुए एक झूठा वीडियो प्रेमिका को भेज दिया। इस वीडियो को देखकर डरी हुई प्रेमिका ने व्हाट्सएप कॉल पर ही अपनी जान दे दी। प्रेमिका को ऐसा करते देख अंकित ने भी फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस प्रकार अनायास ही हंसी-मजाक करने के दौरान ही एक प्रेम कहानी का दुखद अन्त हो गया।

## जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की खराब रैकिंग पर जतायी कड़ी नाराजगी

**● फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य को शीघ्रता से करायें पूर्ण।**

**निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र लाभार्थियों को करायें लाभान्वित। जिलाधिकारी।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की खराब रैकिंग पर नाराजगी व्यक्त की तथा सभी अधिकारियों को अपने-अपने विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए रैकिंग में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कहा बी, सी व डी रैकिंग है, ऐसे विभागों के सम्बंधित अधिकारियों को खराब रैकिंग होने का स्पष्टीकरण एवं रैकिंग में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभाग की सभी योजनाओं की नियमित समीक्षा करें तथा जिन कार्यों में उनके स्तर से कार्यवाही अपेक्षित है, उनकी प्रत्येक सप्ताह पत्रावली के माध्यम से समीक्षा कराये जाने के निर्देश दिए है।

बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कराये जाने को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माणकार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार नहीं होगी। निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि जो कार्य समय सीमा के अन्तर्गत है, उन्हें गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण किया जाये तथा जिन परियोजनाओं में समय के विस्तार की आवश्यकता है, उनका उचित कारण देते हुए समयसीमा का विस्तार कराये जाने एवं ऐसी परियोजनाओं जिसमें अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता है, उसके लिए डिमांड भेजे जाने और ऐसी परियोजनाओं जिन्हें पूर्ण नहीं कराया जा सकता है, उन्हें डैशबोर्ड से हटाये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा है।

जिलाधिकारी ने विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए पीएम सूर्यघर योजना में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किये जाने के पीओ नेडा को पीएम सूर्यघर योजना का अन्य विभागों एवं वेण्डरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार व जागरूक कराये जाने एवं खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से समन्वय करते हुए ज्यादा से ज्यादा सोलर कनेक्शन कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने बैठक में उपस्थित विद्युत नोडल से पीएम सूर्यघर योजना के लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए कहा है। उन्होंने अल्पसंख्यक कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, पूर्व दशम छात्रवृत्ति (कक्षा-9 एवं 10), अनुसूचित जाति दशमोत्तर एवं पूर्वदशम, जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना से सम्बंधित खराब रैकिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षण संस्थाओं के साथ बैठक कर रैकिंग में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों को अपूर्ण आवासों के कार्य की प्रगति में तेजी लाते हुए पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है।


जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य में खराब प्रगति एवं सीएम डैशबोर्ड पर सी रैकिंग होने पर जिला विकास अधिकारी को खण्ड विकास अधिकारियों के द्वारा अभियान चलाकर फैमिली आईडी बनाये जाने के कार्य को पूर्ण करने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी निराश्रित गौवंश सड़कों पर टहलते हुए न मिले। उन्होंने सभी निराश्रित गौवंशो को गौसंरक्षण केन्द्रों में संरक्षित किए जाने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, परियोजना अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार सहित अन्य सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने सहकारी समिति व विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश सिंह ने सोमवार को सदर विकास खंड अंतर्गत बहु-उद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड पिपरा चन्द्र भान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों के लिए उपलब्ध खाद की स्थिति का जायजा लिया गया, जहां खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाई गई। सीडीओ ने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए कि किसानों की मांग के अनुसार खाद की सतत आपूर्ति की जाए, कोई भी किसान खाद के अभाव में वापस न लौटे। उन्होंने वितरण में पारदर्शिता, निर्धारित दरों का पालन तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात सीडीओ ने प्राथमिक विद्यालय सोनू घाट, सुविखर, उच्च प्राथमिक विद्यालय सुविखर एवं प्राथमिक विद्यालय पार्वतीपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मिड-डे मील की गुणवत्ता की जांच कर भोजन चखा साथ ही समय से ड्रेस व पाठ्य-पुस्तक उपलब्ध कराने तथा शिक्षण व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।

## आज हमारा संगठन भटकते हिंदू को एकजुट करते हुए जोड़ने का काम कर रहा है- डॉ प्रवीण तोगड़िया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
राहुल जायसवाल की रिपोर्ट



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी स्थित एडीए के अतिथि गृह में मंगलवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक डॉ प्रवीण तोगड़िया ने कहा की आज हमारा संगठन भटकते हिंदू को एकजुट करते हुए जोड़ने का काम कर रहा है। हिंदू समाज भटक रहा है। हिंदुओं को जोड़ने के लिए एक लाख गांव में हनुमान चालीसा पाठ अनवरत चल रहा है। इसके बाद अभियान चला कर दो करोड़ हिंदुओं को जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से हिंदुओं की जनसंख्या है उन्हें एक होने की जरूरत है। आज हिंदू समाज भटक रहे है। हिंदुओं को जोड़ने के लिए एक लाख गांव में जाकर दो करोड़ हिंदुओं के एक करने के लिए मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ कराया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास किय जा रहा है। गरीबों को राशन, शिक्षा, इलाज हर संभव मदद की जा रही है। इसी प्रयास के साथ हिंदुओं को जोड़ने का काम किया जा रहा है। बांग्लादेश में हुई घटना को लेकर प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि बांग्लादेश में हुई घटना को लेकर कई आंदोलन किए गए। इसके साथ सरकार से मांग की गई जल्द से जल्द कार्रवाई हो। वहां पर रहने वाले हिंदू भाइयों की जान की सुरक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूर्ण भरोसा ही नहीं विश्वास भी है कि वह देश के तमाम हिंदू नागरिकों की रक्षा करने का बीड़ा उठाएंगे।

# संस्कृति उत्सव का जनपद स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट







**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 20 जनवरी को विकास भवन के सभागार में किया गया। निर्धारित विधाओं के अन्तर्गत किशोर वर्ग की आयु पंजीकृत प्रतियोगी कलाकार/कलाकार दलों की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न करायी गई।

**प्रतियोगिता की विधाए।-** गायन(शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन, लोक गायन, सुगम संगीत एवं काव्य पाठ), -

वादन। (स्वर वाद, ताल वाद्य, जनजाति वाद्य यंत्र / लोक वाद्य) एवं 3-नृत्य (शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, लोक नाटय) में कुल 21 प्रतिभागियों ने प्रस्तुति दी। सान्वी बसु को एकल नाट्य में प्रथम, नंदिनी पाठक व शौम्य श्री को क्रमशः द्वितीय और तृतीय घोषित किया गया। विजेताओं को श्री अशोक कुमार गुप्ता, डीसी - एनआरएलएम, प्रयागराज द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। चयनित विजेताओं को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जाएगा। उन विजेताओं को लखनऊ में प्रस्तुति हेतु प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा तथा वहाँ सम्मानित भी किया जाएगा। जनपद स्तरीय संस्कृति उत्सव प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में सुश्री शांति प्रिया, सुश्री अनुभूति दीक्षित, अभयराज यादव व गुलाम सरवर पांडुलिपि अधिकारी उपस्थित थे द्य उन सभी के द्वारा प्रतिभागियों का चयन किया गया।

प्रतियोगिता का संयोजन गुलाम सरवर प्रभारी संस्कृत विभाग प्रयागराज व संचालन हरिश्चंद्र दुबे द्वारा किया गया द्य कार्यक्रम में राकेश कुमार वर्मा प्राविधिक सहायक रोशन लाल वरिष्ठ सहायक अजय कुमार कनिष्ठ सहायक, अभिषेक कुमार आदि उपस्थित रहे।

## महिला वकील से सिपाही ने छेड़खानी करते हुए गाड़ी में बैठाने की किया कोशिश

**● पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** एक सिपाही ने महिला वकील से छेड़खानी की। उससे फोन पर अश्लील बातें की और मिलने का दबाव बनाया। हत्या की धमकी देकर डराया धमकाया और मिलने कचहरी तक चला गया। उसकी जानकारी पर अधिवक्ताओं ने उसे पकड़ लिया और फिर भीड़ ने उसे जमकर पीटा।फिलहाल कर्नलगंज पुलिस ने महिला वकील की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।आरोपी पुलिसकर्मी रवि सिंह डायल 112 में तैनात है और जार्जटाउन का रहने वाला है। पीड़िता थाना बारा क्षेत्र की रहने वाली हैं और जिला न्यायालय में वकील के रूप में कार्यरत हैं। पीड़िता के अनुसार, 17 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया।कॉल करने वाले ने अपना नाम रवि सिंह निवासी जार्जटाउन बताया। इसके बाद आरोपी लगातार फोन कॉल, अश्लील मैसेज और वीडियो कॉल कर मिलने का दबाव बनाने लगा। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ अश्लील हरकतें करते हुएजातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया। पीड़िता का आरोप है कि 19 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे आरोपी ने फोन कर धमकी दी कि यदि वह नहीं मिली तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। इससे घबराई पीड़िता ने आरोपी से मिलने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद आरोपी जबरन चुंगी के पास बुलाने लगा और बाद में न्यायालय परिसर के पास स्थित डाकघर पहुंच गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने जबरदस्ती उसका हाथ पकड़कर अपनी गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर मौके पर अधिवक्ता आ गए और किसी तरह उसे आरोपी की गाड़ी से उतारा। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। घटना के बाद मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने आरोपी को पकड़ लिया और उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुद को पुलिसकर्मी बताया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने आरोपी को कर्नलगंज थाना पहुंचाया। कर्नलगंज थाने में की गई जांच में आरोपी की पहचान डायल 112 में तैनात पुलिसकर्मी के रूप में हुई। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पुलिस हिरासत में है,और उससे पूछताछ की जा रही है। *महिला वकील से सिपाही ने छेड़खानी करते हुए गाड़ी में बैठाने की किया कोशिश

एक सिपाही ने महिला वकील से छेड़खानी की। उससे फोन पर अश्लील बातें की और मिलने का दबाव बनाया। हत्या की धमकी देकर डराया धमकाया और मिलने कचहरी तक चला गया। उसकी जानकारी पर अधिवक्ताओं ने उसे पकड़ लिया और फिर भीड़ ने उसे जमकर पीटा।फिलहाल कर्नलगंज पुलिस ने महिला वकील की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।आरोपी पुलिसकर्मी रवि सिंह डायल 112 में तैनात है और जार्जटाउन का रहने वाला है। पीड़िता थाना बारा क्षेत्र की रहने वाली हैं और जिला न्यायालय में वकील के रूप में कार्यरत हैं। पीड़िता के अनुसार, 17 जनवरी को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया।कॉल करने वाले ने अपना नाम रवि सिंह निवासी जार्जटाउन बताया। इसके बाद आरोपी लगातार फोन कॉल, अश्लील मैसेज और वीडियो कॉल कर मिलने का दबाव बनाने लगा। इस दौरान आरोपी ने पीड़िता के साथ अश्लील हरकतें करते हुएजातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया।पीड़िता का आरोप है कि 19 जनवरी को सुबह करीब 11 बजे आरोपी ने फोन कर धमकी दी कि यदि वह नहीं मिली तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। इससे घबराई पीड़िता ने आरोपी से मिलने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद आरोपी जबरन चुंगी के पास बुलाने लगा और बाद में न्यायालय परिसर के पास स्थित डाकघर पहुंच गया।पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने जबरदस्ती उसका हाथ पकड़कर अपनी गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर मौके पर अधिवक्ता आ गए और किसी तरह उसे आरोपी की गाड़ी से उतारा। इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देने लगा।घटना के बाद मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने आरोपी को पकड़ लिया और उससे पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुद को पुलिसकर्मी बताया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने आरोपी को कर्नलगंज थाना पहुंचाया। कर्नलगंज थाने में की गई जांच में आरोपी की पहचान डायल 112 में तैनात पुलिसकर्मी के रूप में हुई। थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पुलिस हिरासत में है, और उससे पूछताछ की जा रही है।

# नजूल भूमि पर अवैध कब्जे का पर्दाफाश

**● पीडीए- नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई, नवाब यूसुफ रोड से अवैध दुकानें जमींदोज**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** शहर के सबसे व्यस्त इलाकों में शामिल नवाब यूसुफ रोड पर नजूल भूमि पर वर्षों से चले आ रहे अवैध अतिक्रमण पर आखिरकार प्रशासन का बुलडोज़र चला। मंगलवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के अनुरोध पर नगर निगम प्रयागराज ने सख्त कार्रवाई करते हुए रॉयल होटल के बगल स्थित नजूल भूमि पर बनी सभी अवैध दुकानों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। सूत्रों के अनुसार, उक्त भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्व में ही दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया था, लेकिन चेतावनी के बावजूद कब्जाधारियों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके बाद पीडीए ने नगर निगम से सहयोग मांगा।

अनुरोध के क्रम में नगर निगम के अपर नगर आयुक्त श्री अरविन्द कुमार राय के नेतृत्व में अतिक्रमण दस्ता मौके पर पहुंचा और पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान चलाकर समस्त अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए स्थानीय थाना पुलिस को भी अलर्ट पर रखा गया। अधिकारियों ने संबंधित थाने को लिखित सूचना देकर भविष्य में पुनः अतिक्रमण न होने के निर्देश दिए हैं। अभियान में नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता, अतिक्रमण प्रभारी कर्नल दिनेश तनवर, स्थानीय पुलिस बल तथा प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता भी मौजूद रहे। प्रशासनिक हलकों में इस कार्रवाई को नजूल भूमि संरक्षण की दिशा में एक सख्त और स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सरस्वती पूजा को लेकर बरही थाना में शांति समिति की बैठक आज


**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** आगामी सरस्वती पूजा के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण आयोजन को लेकर बरही थाना परिसर में आज बुधवार को अपराह्न 3 बजे शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना, आपसी समन्वय को मजबूत करना तथा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से पूर्व ही आवश्यक सावधानियां सुनिश्चित करना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि सरस्वती पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा पंडालों में पहुंचते हैं, ऐसे में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन और समाज दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बैठक में पूजा समितियों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी वर्ग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है, ताकि सभी के सुझावों के आधार पर बेहतर व्यवस्था बनाई जा सके। उन्होंने संबंधित लोगों से निर्धारित समय पर बैठक में उपस्थित होकर अपने विचार, सुझाव एवं सहयोग देने की अपील की है, ताकि सरस्वती पूजा का आयोजन क्षेत्र में शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

### विद्या की महादेवी माता सरस्वती की पूजा को लेकर की जा रही है उत्साहपूर्ण तैयारियाँ



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड :-**बसंत पंचमी की अति पावन एवं मंगलमयी बेला में विद्या की महादेवी माता वागीश्वरी की अर्चना हेतु पाकुड़िया प्रखंड में भव्यता एवं उत्साह के साथ तैयारियाँ की जा रही हैं। प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया स्थित नवयुवक संघ सहित कई संगठनों द्वारा, तथा सार्वजनिक दुर्गा पूजा मंदिर में माता सरस्वती की पूजा की तैयारियाँ पूर्ण लगन एवं श्रद्धा के साथ की जा रही हैं। वहीं दूसरी ओर, प्रखंड के मोंगलाबांध, राजदाहा, फुलझिंझरी, गनपुरा, सिंहपुर, बेनाकूड़ा, बनडीगा, लखीजोल, बनो ग्राम, राधानगर, तेगुड़िया, रामघाटी, चौकीसाल, पारलिया, तेतुलिया, लागडुम, छोटा बरमसिया, तालवा सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी वीणापाणि मां की पूजा की तैयारियाँ जोरों पर हैं। प्रखंड के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों में भी मां सरस्वती की पूजा की तैयारियाँ निरंतर की जा रही हैं। इस वर्ष मां सरस्वती की पूजा 3 फरवरी को संपन्न होगी। पूजा के निमित्त सरस्वती प्रतिमाओं को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने के लिए मूर्तिकार पूर्ण समर्पण भाव से कार्य में तल्लीन दिखाई दे रहे हैं। सरस्वती पूजा को लेकर पाकुड़िया बाजार में भी उत्साह और उल्लास की झलक स्पष्ट रूप से देखी जा रही है।

### गैसड़ी विधानसभा में 5.17 करोड़ की सड़क मरम्मतःबदलेगा आवागमन का हाल, 3 लाख आबादी को मिलेगा लाभ



**बलरामपुर –** जिले की गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र में सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए चार प्रमुख सड़कों की मरम्मत को मंजूरी मिल गई है। इन कार्यों पर कुल 5.17 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र की लगभग तीन लाख आबादी को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।मंजूर की गई सड़कों में उतरौला-पचपेड़वा-चंदनपुर से मदरहिया गांव को जोड़ने वाली सड़क शामिल है, जिस पर 45.10 लाख रुपये खर्च होंगे। इसी मार्ग से मोतिहवा गांव को जोड़ने वाली सड़क के लिए 48.80 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, थारू बहुल ग्राम महरी लिंक सड़क और केवलपुर-मिश्रौलिया लिंक सड़क की मरम्मत पर प्रत्येक पर 47.80 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे।प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता कुमार शैलेंद्र ने बताया कि गैसड़ी क्षेत्र की इन सड़कों की मरम्मत प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। टेंडर सहित सभी आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी कर ली जाएंगी। विभाग का लक्ष्य है कि बारिश के मौसम से पहले इन सभी कार्यों को पूरा कर लिया जाए। इन सड़कों के दुरुस्त होने से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी, आवागमन सुगम बनेगा और स्थानीय निवासियों को दैनिक यात्रा में बड़ी राहत मिलेगी। विशेष रूप से थारू बहुल गांवों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

# हजारीबाग सांसद व बरही विधायक के प्रयास से प्रवासी मजदूर लौटेंगे अपने घर

**●भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी व सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार की अहम भूमिका, बंधकों को कराया गया मुक्त**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के प्रवासी मजदूरों के बंधक बनाए जाने का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक व राजनीतिक स्तर पर त्वरित पहल करते हुए मजदूरों को मुक्त कराने में सफलता मिली है। हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल एवं बरही विधायक मनोज कुमार यादव के संयुक्त प्रयास से अब सभी प्रवासी मजदूर सुरक्षित अपने घर लौट सकेंगे। इस पूरे मामले में भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी और सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार की भूमिका भी काफी सराहनीय रही। जानकारी के अनुसार, बीते दिनों बरही के खोड़ाहर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार अकेले ही घटनास्थल पर पहुंचकर बंधक बनाए गए मजदूरों को छुड़ाने का प्रयास किया। हालांकि, इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें घेर लिया गया, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसके बाद मंगलवार को स्थानीय पुलिस के सहयोग से कार्रवाई की गई और सभी बंधक मजदूरों को सुरक्षित मुक्त कराया गया। बताया जाता है कि मजदूरों के बंधक होने की सूचना भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार को दी गई थी, जिसके बाद वे तत्काल सक्रिय हुए और पूरे मामले को गंभीरता से आगे बढ़ाया। बंधक बनाए जाने की खबर मिलते ही बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने भी तुरंत संज्ञान लिया और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर मजदूरों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। वहीं, हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के स्तर से भी आवश्यक पहल की गई, जिसके परिणामस्वरूप यह मानवीय संकट समाप्त हो सका। स्थानीय लोगों और मजदूरों के परिजनों ने सांसद, विधायक, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी और सामाजिक कार्यकर्ता अनूप कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय रहते की गई पहल से मजदूरों की जान बच सकी और अब वे सुरक्षित अपने घर लौट पाएंगे।

# हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने बरही विधानसभा के लिए प्रतिनिधियों का किया मनोनयन

**●संगठन को मजबूत करने व जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से की गई नियुक्ति**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने संगठनात्मक मजबूती और क्षेत्र की जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान के उद्देश्य से बरही विधानसभा क्षेत्र में अपने प्रतिनिधियों का मनोनयन किया है। सांसद द्वारा जारी सूची के अनुसार विभिन्न पदों पर अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सांसद मनीष जयसवाल ने मुकुंद साव को बरही विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मनोनीत किया है। वहीं गुरुदेव गुप्ता को जिला परिषद हजारीबाग के लिए सांसद प्रतिनिधि की जिम्मेदारी दी गई है। रितेश कुमार को बरही विधानसभा मीडिया प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त बरही विधानसभा सह-प्रतिनिधि के रूप में मणिलाल यादव, रामस्वरूप पासवान एवं रंजीत चंद्रवंशी को मनोनीत किया गया है। पदमा प्रखंड प्रतिनिधि के रूप में अजय मेहता को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बरही पूर्वी मंडल प्रतिनिधि के रूप में मोतीलाल चौधरी, बरही पश्चिमी मंडल के लिए भगवान केशरी, चौपारण पूर्वी मंडल के लिए सहदेव यादव, चौपारण मध्य मंडल के लिए रितेश कुमार बर्णवाल, चौपारण पश्चिमी मंडल के लिए आशीष सिंह तथा चंदवारा मंडल के लिए सुखदेव साव को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर सांसद मनीष जयसवाल ने कहा कि सभी मनोनीत प्रतिनिधि जनता और संगठन के बीच सेतु का कार्य करेंगे। वे क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित विभागों तक पहुंचाएंगे तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। सांसद ने सभी नवमनोनीत प्रतिनिधियों से ईमानदारी, समर्पण और सेवा भावना के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई।

# एबीवीपी ने सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य फाइनल समापन का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया था जिसका समापन बीते मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोबा विश्वविद्यालय के कुलपति चंद्रभूषण शर्मा, संत कोलंबा महाविद्यालय प्राचार्य विमल रिबन, अभाविप विभाग प्रमुख डॉ मनोज कुमार जिला प्रमुख देवेंद्र कुमार नगर अध्यक्ष रंजन कुमार पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रितेश यादव नगर मंत्री साहिल सिंह ने विद्या की देवी मां सरस्वती और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर फाइनल मुकाबला का उद्घाटन किया। इस पूरे टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया जिसमें फाइनल मुकाबला संत कोलंबस कॉलेज ओर टाइगर डिफेंस एकेडमी बीच खेला गया जिसमें टाइगर डिफेंस एकेडमी के टीम विजेता हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. चन्द्र भूषण शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास करते हैं।अभाविप के पदाधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर बल दिया। टूर्नामेंट में विभिन्न महाविद्यालयों एवं टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का मंच संचालन बाबूलाल मेहता ने कुशलतापूर्वक किया। आयोजन को सफल बनाने में परिषद के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। मौके पर नवलेश सिंह, रितेश यादव, बाबूलाल मेहता, प्रभात कुमार , विक्रम राठौर, साकेत सिंह, अनीश सिंह, यशवंत कुमार, प्रेम, पवन, विवेक, रंजीत यादव, संतोष, अंशुल, मोंटी, शिबू, करण मंडल, टिंकू, अनुश्री, संतोष, ऋषभ , सौरभ, बिपिन, मौजूद थे।

# जिला परिषद सभागार में विकास व जनसमस्याओं को लेकर बैठक, जिप उपाध्यक्ष ने उठाई प्रमुख मांगें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिला परिषद सभागार में आज जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष श्री किशुन यादव, उप विकास आयुक्त सुश्री रिया सिंह सहित सभी जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में संचालित विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। इसी क्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने अपने क्षेत्र से जुड़ी कई ज्वलंत जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बिजैया क्षेत्र में एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखते हुए कहा कि आपातकालीन स्थिति में लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। उपाध्यक्ष द्वारा औरपरता पहाड़ी से गरजामू तक जर्जर सड़क की मरम्मत कराने की मांग भी रखी गई। साथ ही धोबघट क्षेत्र में पेयजल संकट को देखते हुए बोरिंग चापाकल लगाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने हरिजन स्कूल से बाझेडीह तक नीचे आ चुके विद्युत तारों की मरम्मत कराने तथा सड़क में बनी पुलिया के पास बने गड्ढे की शीघ्र रिपेयरिंग की मांग की। इसके अतिरिक्त बरही बस स्टैंड में दुकानों के निर्माण को लेकर प्रस्ताव रखा गया, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें। वहीं बरही चौक में साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग भी उपाध्यक्ष द्वारा उठाई गई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई करने एवं योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

# राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस तीस जनवरी को

**●तेरह फरवरी तक चलाया जायेगा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** प्रभारी सीएमओ ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अन्तर्गत 30 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस, 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बताया कि आगामी स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के दौरान कुष्ठ रोग से संबंधित जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां की जाएगी। जिला कुष्ठ अधिकारी डा.प्रदीपसिंह यादव ने बताया कि त्वचा पर हल्के या तांबाई रंग के धब्बे जिनमे सुन्नपन्न हो, हाथ या पैरों में झनझनाहट का अनुभव, नसों में दर्द, हाथ-पैर या पलकों की कमजोरी कुष्ठ रोग के कारण हो सकती है। सभी कुष्ठ रोगियों को ससमय पहचान कर, इलाज दिलाकर दिव्यांगता से बचाना पहली प्राथमिकता है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट एवं उप जिला कुष्ठ अधिकारी डा.सौरभ सक्सेना ने बताया कि कुष्ठ एक दीर्घकालिक संक्रामक रोग है जो कि माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु से होता है। इसको हेन्सन रोग के नाम से भी जाना जाता है जो कि मुख्यता हाथों, पैरों की परिधीय तंत्रिका, त्वचा, नाक की श्लेश्मा और ऊपरी श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। कुष्ठ रोग का यदि समय पर उपचार न किया जाए तो दिव्यांगता हो सकती है। अतएव कुष्ठ के लक्षण होने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर तुरन्त सम्पर्क करना चाहिए। वर्ष 2026 के लिए स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान की निर्धारित थीम भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें है। प्रभारी सीएमओ ने सभी जनमानस से आगामी स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान कि सफलता हेतु सहयोग की अपील की।

# देशी-अंग्रेजी शराब की दुकानों के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**●कलेक्ट्रेट पहुंचकर की नारेबाजी, डीएम को सौंपा ज्ञापन**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** ग्राम जीरोंन में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकानों के कारण गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि शराब पीकर लोग गांव में उत्पात मचाते हैं। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और झगड़े आम बात हो गई है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और महिलाओं को असुरक्षा महसूस होती है। शराब की वजह से घरेलू कलह और पारिवारिक हिंसा की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकानें आबादी क्षेत्र के पास होने से गांव की शांति व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। शाम के समय महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार शराबी तत्व रास्ते में खड़े होकर छींटाकशी करते हैं, जिससे महिलाओं को मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ती है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनहित, महिलाओं की सुरक्षा और गांव की शांति व्यवस्था को देखते हुए ग्राम जिरोंन में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को तत्काल बंद कराया जाए अथवा उन्हें आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे। ज्ञापन पर पुष्पा, संगीता, अनीता, सरस्वती, रचना देवी, सुशीला और उर्मिला, अमित, सचिन, अभिषेक, अंकित सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर बताए गए।

# पंचायत सहायकों का शक्ति प्रदर्शन, पांच सूत्री मांगों को लेकर लोक भवन के सामने धरना प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** झारखंड राज्य पंचायत सहायक संघ ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को राजधानी रांची स्थित लोक भवन के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के माध्यम से संघ ने राज्य सरकार पर वर्षों से लंबित मांगों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए इस बार केवल आश्वासन नहीं, बल्कि ठोस गारंटी की मांग की। धरना स्थल पर संघ के अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव, प्रदेश सचिव बलदेव करमाली और कोषाध्यक्ष अकबर अंसारी ने कहा कि पंचायत सहायक लगातार राज्य सरकार से अपनी समस्याओं को लेकर याचना करते आ रहे हैं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब पंचायत सहायक केवल वादों से संतुष्ट नहीं होंगे, बल्कि अपनी मांगों के कैबिनेट से पारित होने की गारंटी चाहते हैं। संघ ने बताया कि पंचायत सहायक वर्ष 2016 से अत्यंत कम प्रोत्साहन राशि पर पंचायतों में सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान महंगाई के दौर में इतनी कम राशि में परिवार का भरण-पोषण करना बेहद कठिन हो गया है, इसके बावजूद पंचायत सहायक सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

पांच सूत्री मांगों में प्रमुख रूप से पंचायत सहायकों को वर्तमान में मिल रही 2500 की प्रोत्साहन राशि के स्थान पर न्यूनतम 20,000 प्रतिमाह वेतनमान देने की मांग की गई है। इसके साथ ही लगभग दस वर्षों की सेवा को देखते हुए स्थायी सेवा नियमावली के तहत पंचायत सहायकों का स्थायीकरण कर उन्हें सरकारी कर्मी का दर्जा देने की मांग भी शामिल है। संघ ने प्रतिवर्ष ग्राम सभा से अनुमोदन की प्रक्रिया को समाप्त करने की भी अपील की है। इसके अलावा पंचायत स्तर के सरकारी पदों जैसे पंचायत सचिव और राजस्व कर्मचारी की बहाली में पंचायत सहायकों को 80 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग रखी गई है। संघ ने पंचायत सहायकों के लिए गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में निःशुल्क इलाज की सुविधा तथा मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को 10 लाख की बीमा राशि देने की भी मांग की है। धरना प्रदर्शन के दौरान संघ ने पंचायत सहायकों के लिए एक पारदर्शी, जवाबदेह और वैध मॉनिटरिंग आयोग के गठन की आवश्यकता पर भी जोर दिया। साथ ही लंबित सभी प्रकार की प्रोत्साहन राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने की मांग सरकार के समक्ष रखी गई। संघ के नेताओं ने कहा कि पंचायत सहायक राज्य सरकार की योजनाओं की रीढ़ हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय बनी हुई है। उन्होंने राज्य सरकार से सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए सभी मांगों को जल्द से जल्द कैबिनेट से पारित कराने का आग्रह किया।

## यज्ञ सहयोग राशि को लेकर उपजा विवाद सुलझा, विधायक की पहल से बनी सहमति

**●सड़क निर्माण में देरी से लोग परेशान, विधायक व प्रशासन ने लिया संज्ञान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना अंतर्गत रसोईया धमना स्थित टोल प्लाजा के समीप अंसारनगर एवं कोयली गांव के युवाओं के बीच यज्ञ को लेकर सहयोग राशि लेने के दौरान उत्पन्न विवाद को मंगलवार को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बैठक कर सुलझा लिया। रसोईया धमना मोड़ पर बैठकर विधायक ने दोनों पक्षों से बातचीत की और शांति बनाए रखने की अपील की। बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी गलती को स्वीकार किया और भविष्य में आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मिलजुल कर रहने का निर्णय लिया। विवाद सुलझने के बाद क्षेत्र में पुनः शांति का माहौल कायम हो गया। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि यज्ञ और ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं, न कि तोड़ने का, ऐसे कार्य में किसी भी प्रकार का विघ्न उत्पन करना गलत है, किसी भी समस्या का समाधान आपसी संवाद और समझदारी से ही संभव है। क्षेत्र में शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्थानीय लोगों ने विधायक की पहल की सराहना करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर बरही विधायक मनोज कुमार यादव के साथ विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, अंचलाधिकारी बरही चंद्रशेखर कुणाल, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरही विनोद कुमार, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया गोविंद प्रसाद, भंडारों मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सह कांग्रेस नेता तौकीर रजा, तबरेज अंसारी, मुकेश साव, सीताराम साव, शंकर कुमार, शनिहाल कुमार, सूरज कुमार, निरंजन कुमार, शंकर राणा, मो जुनेद आदि उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब ऑफ मधुपुर ने प्रस्तुत की मानवीय सेवा की प्रेरणादायक मिसाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर द्वारा निरंतर किए जा रहे सेवा कार्यों की कड़ी में एक अत्यंत सराहनीय एवं संवेदनशील पहल सामने आई है। इंडियन बैंक, शाखा मधुपुर में अस्थायी रूप से कार्यरत फागो मोड़ निवासी शंकर महतो लंबे समय से सुनने की क्षमता में कमी से जूझ रहे थे, जिसके कारण उन्हें दैनिक जीवन एवं कार्यस्थल पर गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सक्रिय सदस्य लायन विकास डालमिया ने अपने माता-पिता की स्मृति में मानव सेवा की भावना से प्रेरित होकर शंकर महतो को श्रवण यंत्र (सुनने की मशीन) उपलब्ध कराई। इस सहयोग से महतो के जीवन की गुणवत्ता एवं कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार की संभावना व्यक्त की जा रही है। इस सेवा कार्य में लायन मनीषा डालमिया का भी विशेष सहयोग एवं समर्थन रहा। दोनों का यह प्रयास समाज के प्रति संवेदना, करुणा और सेवा भाव का उदाहरण है। श्रवण यंत्र प्राप्त करने पर शंकर महतो ने लायंस क्लब ऑफ मधुपुर एवं लायन विकास डालमिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उनके जीवन को नई दिशा मिली है। इस अवसर पर लायन विकास डालमिया ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। यदि हमारे प्रयास से किसी जरूरतमंद के जीवन में थोड़ी भी राहत और मुस्कान आ सके, तो यही सबसे बड़ा संतोष है। कार्यक्रम में लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक, सचिव लायन विजय आनंद लछिरामका, सह-सचिव लायन राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा, लायन दीपक जयसवाल, लायन मनीषा डालमिया, लायन मनोज डालमिया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर द्वारा किए जा रहे ऐसे सेवा कार्य समाज में मानवीय मूल्यों को सशक्त करने के साथ-साथ अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रहे हैं।

# बलरामपुर में अधिवक्ताओं का सड़क पर प्रदर्शनःकिया पैदल मार्च, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर –** नगर कोतवाली क्षेत्र में वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ हुई मारपीट और डकैती की घटना के आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी न होने से अधिवक्ता समुदाय में भारी आक्रोश है। 15 जनवरी को हुई इस घटना के विरोध में मंगलवार को अधिवक्ताओं ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया।सैकड़ों अधिवक्ता न्यायालय परिसर से तहसील गेट तक पैदल मार्च करते हुए पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिसमें 'आरोपी गिरफ्तार करो' और 'पुलिस प्रशासन होश में आओ' जैसे नारे शामिल थे। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तहसील और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात रहा। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

यह घटना 15 जनवरी की रात की है, जब अधिवक्ता सूर्य प्रकाश अपने परिवार के साथ रात्रि भोज में जा रहे थे। बड़े पुल चौराहे के पास नशे में धुत कुछ अराजक तत्वों ने विवाद के बाद उनके साथ बेरहमी से मारपीट की और डकैती की वारदात को अंजाम दिया। रातभर चले धरने के बाद पुलिस ने 7 नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। अधिवक्ता अजय बहादुर सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों को गंभीर धाराओं में चालान करने के बजाय धारा 151 के तहत छोड़ने की तैयारी कर रही है। वहीं, अधिवक्ता रमेश त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस ने दबाव में मुकदमा तो दर्ज किया, लेकिन प्रभावशाली लोगों के दबाव में कार्रवाई करने से कतरा रही है। इससे पहले भी अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव का एक दिन बहिष्कार किया था और सोमवार को भी दीवानी न्यायालय से कलेक्ट्रेट तक जुलूस निकालकर घेराव किया था। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) को हटाने की मांग करते हुए कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, अधिवक्ता समाज चुप नहीं बैठेगा और आंदोलन जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### जमालपुर में पूरे परिवार पर जानलेवा हमला

**जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर घर में तोड़फ़ोड़**

**महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली के ग्राम जमालपुर में रहने वाली राधा पत्नी नन्दलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 18 जनवरी की शाम करीब 6 बजे वह अपने पुत्र परमानन्द पुत्र नन्दलाल, बहू नेहा के साथ घर पर थी, तभी गांव के दीपेन्द्र सिंह पुत्र गोपाल सिंह, यादवेन्द्र सिंह, रीकेन्द्र सिंह, वीकेन्द्र सिंह पुत्र शत्रुघन सिंह ठाकुर ने रंजिश के चलते अपने-अपने हाथों में लाठी-डण्डा, कुल्हाड़ी, गैस सिलेण्डर लेकर आये और घर में घुसकर तोड़फ़ोड़ कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने घर को आग लगाकर सभी को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें वह चोटिल हो गयी। शोरगुल होने पर पड़ौसियों ने मौके पर आकर उसे बचाया और घायल को एम्ब्युलेंस के जरिए उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 115 (2), 352, 351 (3), 324 (2) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (2)(व्ही.ए.), 3 (1)(द), 3 (1)(घ) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### टैक्सी की टक्कर से वृद्धा घायल, मामला दर्ज

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ के ग्राम अस्तौन में रहने वाले प्रतिपाल सिंह पुत्र लाखन सिंह ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 29 दिसंबर 2025 को अपराह्न 1 बजे वह अपनी मां चन्द्रकुंवर को बाइक पर बैठाकर मौसी के यहां ग्राम बगौरा जिला झांसी जा रहा था। वह जैसे ही रामनगर नहर के पास हाई-वे से गुजरा तो उसी समय टैक्सी संख्या यू.पी.94 ए.टी. 3179 के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसकी मां गिरकर घायल हो गयी। राहगीरों ने डायल 112 के जरिए पुलिस को बुलाकर उसकी मां को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी मां को झांसी रेफर कर दिया गया। 4 जनवरी को उसकी मां को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। प्रतिपाल सिंह की शिकायत पर पुलिस ने टैक्सी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### मोबाइल देने युवती के घर पहुंचा युवक

**माता-पिता ने दिया उलाहना तो कर दी मारपीट**

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम में रहने वाली महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 19 जनवरी को उसके माता-पिता नरेगा में काम करने गये हुए थे और वह अपने घर में थी। तभी पड़ोस में रहने वाला देवेन्द्र पुत्र फूल कुशवाहा उसके घर आया और उससे कहा कि वह फोन देने आया है। जब उसने फोन लेने से मना कर दिया तो देवेन्द्र ने उसे गालियां दीं। माता-पिता जब घर आये, तो उन्हें पूरी घटना बतायी। इसके बाद जब उलाहना देने उसके घर पहुंची तो उक्त देवेन्द्र व गम्पू पुत्रगण फूल, गुडडन पत्नी फूल उल्टे ही उसे गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 115 (2), 351 (2) व एससीएसटी एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(घ) व 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से पैर टूटा

**कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मामला**

**ललितपुर।** थाना बार के ग्राम खैरा (भावनी) निवासी जुगलकिशोर पुत्र जसरथ ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि 21 अगस्त 2025 को वह खैरा से पत्नी के साथ मायके मोतीखेरा पैदल जा रहा था। तभी 12 बजे ग्राम तुर्का के आगे मरदन सिंह, अमोल व उत्तम पुत्रगण जिबले एक राय होकर आए और मोटरसाइकिल संख्या यू.पी.94 डब्ल्यु 1929 को तेजी से आया और उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पैर टूट गया, वह मौके पर बेहोश हो गया। घटना को उसकी पत्नी व अन्य लोगों ने देखा और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना एसपी के समक्ष उसने 13 अक्टूबर 2025 को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) व 351 (3) के तहत मामला दर्ज किया है।

# कमिश्नर/रोल ऑब्जर्वर ने जिले में एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों व प्रशासन के साथ की बैठक

**●अन्य जिलों की अपेक्षा ललितपुर में अनमैप्ड मतदाताओं की संख्या कम, राजनैतिक दलों व प्रशासनिक टीम ने किया अच्छा काम : कमिश्नर**

**अनमैप्ड मतदाताओं की मैपिंग में सहयोग हेतु राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से की अपील**

**31 जनवरी व 1 फरवरी को पोलिंग बूथों पर आयोजित होगा विशेष बूथ अभियान, अधिक से अधिक भरवाएं फार्म-6**

**12 उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का डाटा तैयार कर उन्हें नये मतदाता बनाये जाने के दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी/रोल प्रेक्षक विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के संबंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की और एसआईआर कार्य का फीडबैक लिया। रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों एवं अधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा लगभग 22 वर्ष बाद एसआईआर हो रहा है, इसमें हमें मिलकर काम करना है और मतदाता सूची की शत प्रतिशत शुद्ध कराना है राजनैतिक दलों और प्रशासनिक टीम ने मिलकर एसआईआर में बहुत अच्छा काम किया है, इसका परिणाम यह है कि अन्य जिलों की अपेक्षा हमारे यहां अनमैप्ड मतदाताओं की संख्या कम है। इसलिए यहां नोटिस दिए जाने की संख्या भी बहुत कम है। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि स्थानीय होने के नाते उन्हें मतदाताओं के बारे में अधिक जानकारी है, ऐसे में वे मृतक व शिफ्टेड मतदाताओं की मैपिंग में प्रशासनिक टीम का सहयोग करें, आगामी 31 जनवरी व 1 फरवरी को पुनः विशेष बूथ दिवस आयोजित किया जाएगा, इसमें अपने अपने बीएलए के माध्यम से बीएलओ को मृतक व शिफ्टेड मतदाताओं का सही डेटा उपलब्ध करा दें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के 12 पास बच्चों का डेटा तैयार कर सभी के फार्म 6 भरवा दें, इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में वार्डवार मृतक मतदाताओं की सूची राजनैतिक दलों के सहयोग से तैयार कर उसे एएसडी सूची के मिलान करके डिलीशन की कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद समय समय पर राजनैतिक दलों के साथ बैठकें आयोजित कर एसआईआर का डेटा उपलब्ध कराया गया है और उनसे सुझाव एवं आपत्तियां मांगी गई हैं। अभी भी अगर कोई त्रुटि रह गई हो तो उपलब्ध करा दें, संबंधित फार्म भरवाकर उसे सुधार लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन हेल्प के माध्यम से मतदाता स्वयं अपना फार्म भर सकते हैं। बैठक में राजनैतिक दलों से उनके सुझाव व आपत्तियों के बारे में पूछा गया, जिस पर अवगत कराया गया कि विकासखंड बिरधा के ग्राम कल्यानपुरा में नाले पर पुलिया न होने के कारण पत्थर लगाकर निकलना पड़ता है, बच्चे व बुजुर्गों के लिए खतरा अधिक होता है, इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल दूरभाष पर खण्ड विकास अधिकारी को नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। राजनैतिक दलों ने यह भी सुझाव दिया कि सहरिया बाहुल्य ग्रामों में अधिकारियों की टीम भेजकर वहां मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए, जिस पर उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे ग्रामों का चिन्हीकरण कर वहां मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कराये जायें और फार्म 6, 7 व 8 के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए। बैठक में एडीएम, सहायक निर्वाचन अधिकारी, डीआईओ के अलावा राजनैतिक दलों के श्रीकान्त, सुरेन्द्र, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., बसपा से अनेक सिंह, रामकिशन बैजनाथ, भाजपा से बंशीधर श्रीवास, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से जसपाल सिंह व पंकज हुण्डैत, अपना दल जिला महासचिव सोहन लाल निरंजन उपस्थित रहे।

# तहसील तालबेहट के अधिवक्ताओं को वितरित की गईं विधि पुस्तकें और कैलेंडर

**● बार काउंसिल चुनाव को लेकर जिला बार के पूर्व महामंत्री की उपस्थिति में हुई अहम बैठक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तालबेहट (ललितपुर)।** तहसील तालबेहट के अधिवक्ता संघ के लिए आज का दिन शैक्षणिक और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय द्वारा भेजी गई कानून की नवीनतम पुस्तकें और वर्ष 2026 के कैलेंडर आज तालबेहट तहसील के अधिवक्ताओं को वितरित किए गए। सामग्री वितरण का यह कार्यक्रम जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के पूर्व महामंत्री महेंद्र जैन झब्बू के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए तालबेहट बार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल नरवरिया ने कहा कि कानून की नई किताबों से युवा और वरिष्ठ दोनों ही अधिवक्ताओं को कानूनी बारीकियों को समझने और न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने में मदद मिलेगी। उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय के इस कदम की सराहना करते हुए उन्होंने इसे अधिवक्ता हित में एक सराहनीय प्रयास बताया। वितरण समारोह के बाद अधिवक्ताओं ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक का मुख्य केन्द्र 27 और 28 जनवरी को जनपद ललितपुर में होने वाले उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्यों के चुनाव रहे। चुनावों की तैयारी और अधिवक्ताओं की एकजुटता को लेकर गहन मंथन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने चुनाव के सफल क्रियान्वयन और मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान तहसील तालबेहट बार संघ अध्यक्ष बाबूलाल नरवरिया, अजय उपाध्याय, गजेंद्र नायक, प्रदीप अगरिया, हरिराम श्रीवास, लक्ष्मण श्रीवास, रामगोपाल झां, शैलेन्द्र त्रिपाठी, मनोहर शर्मा, कपिल पुरोहित, मनीष पुरोहित, एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, रविन्द्र घोष, कमलेश लोधी, आकाश झा अधिवक्ताओं ने इस आयोजन को आपसी भाईचारे और पेशेवर विकास के लिए एक सकारात्मक मंच बताया।


## शिकायत होने के बावजूद युवती की फोटो वायरल करने का आरोप

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसे गल्ला मण्डी के पीछे कांशीराम आवास कालोनी व हाल नेहरू नगर निवासी शिवपूजन अहिरवार ने उसकी फोटो को ए.आई. के जरिए एडिट कर अपनी फोटो के साथ मिलाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर रहा है। जिसे लेकर वह उसे शादी करने का दबाव भी डाल रहा है, जिसका वह विरोध करती है तो उक्त व्यक्ति उसे बदनाम करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल कर रहा है। पीड़िता ने बताया कि पूर्व में इसे लेकर शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी, जिस पर 19 दिसम्बर को धारा 351 (3) में मामला दर्ज किया गया था, बावजूद इसके अब उक्त व्यक्ति उसे परेशान करते हुए धमकाये जा रहा है। आरोप है कि शिवपूजन अपने साथी नेहरू नगर निवासी साहिल चौधरी, करन रैकवार, विशाल व यश के साथ उसकी फोटो भेजकर बदनाम करा रहा है। इस सम्बन्ध में भी 17 जनवरी को शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया था। जिस पर शिवपूजन ने फिर से अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसकी गन्दी तस्वीर अपलोड कर दी। युवती की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (2) व आईटी एक्ट की धारा 67 ए के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट तोड़ना धार्मिक आस्था पर सीधा प्रहार : हरदयाल लोधी

**●आम आदमी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** काशी के मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन मंदिरों के ध्वस्तीकरण, धार्मिक आस्था पर हो रहे हमले तथा दोषियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. के नेतृत्व में एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को भेजा है। ज्ञापन में बताया कि काशी में मणिकर्णिका घाट को तोड़कर धार्मिक आस्था पर सीधा प्रहार किया गया है। बताया कि यह भारत की सनातन परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार का भी घोर उल्लंघन है। इससे भी अधिक चिंताजनक तथ्य यह है कि यह कृत्य किसी विदेशी आक्रांता या औपनिवेशिक शासन के दौरान नहीं, बल्कि स्वतंत्र भारत में, केंद्र की सरकार के कार्यकाल में और प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र काशी में हुआ है। इसके बावजूद केन्द्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अब तक न कोई स्पष्ट जवाब सामने आया है और न ही कोई कठोर कार्रवाई की गई है। यह चुप्पी आस्था के साथ हुए अपराध को मौन स्वीकृति देने जैसी प्रतीत होती है। आम आदमी पार्टी का स्पष्ट मत है कि विकास के नाम पर इतिहास, परंपरा और धार्मिक विरासत को मिटाने की अनुमति किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को नहीं दी जा सकती। यदि आज प्राचीन मंदिरों को तोड़ने जैसे कृत्यों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो भविष्य में देश के अन्य पौराणिक और धार्मिक स्थलों पर भी इसी प्रकार के हमले किए जाएंगे, जिससे सामाजिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को गंभीर खतरा उत्पन्न होगा। उन्होंने राष्ट्रपति से संविधान के तहत विशेष अधिकारों का प्रयोग कर इस सम्बन्ध में तत्काल निर्देशित करने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., अनूप ताम्रकार, रमेश कुमार, इन्द्रसिंह, संजय दीक्षित, पूनम राजा, मीना, जगदीश, भागवती, हजारीलाल राजपूत, प्रमोद कुमार नामदेव के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# सावरकर चौक से तालाबपुरा तक अतिक्रमण का कहर, आमजन का चलना हुआ दुश्वार

**● फुटपाथ गायब, सड़क पर पैदल चलने को मजबूर लोग**

**दुकानों का फैलाव और बेतरतीब पार्किंग बनी बड़ी वजह**

**झगड़ों से तनाव तक, जिम्मेदारों की चुप्पी सवालों के घेरे में**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** सावरकर चौक स्थित अटा मंदिर से लेकर तालाबपुरा चौराहा तक का इलाका इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। यह मार्ग कभी शहर की प्रमुख और सुगम सड़कों में गिना जाता था, लेकिन आज हालात ऐसे हो गए हैं कि यहां से गुजरना लोगों के लिए रोज़ की परेशानी बन चुका है। सड़क के दोनों ओर खड़ी गाडियों ने फुटपाथ को पूरी तरह खत्म कर दिया है, वहीं दुकानदारों ने अपनी दुकानों से बाहर कई फीट तक अतिक्रमण कर रखा है। नतीजा यह है कि पैदल चलने वालों के लिए कोई सुरक्षित रास्ता नहीं बचा। मजबूरन लोग सड़क के बीच से निकलते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है। यह समस्या केवल असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे यह सामाजिक तनाव का कारण भी बनती जा रही है। भीड़ और तंग रास्तों के चलते आए दिन वाहन चालकों और राहगीरों के बीच कहासुनी हो जाती है, जो कई बार झगड़े में बदल जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहनों को भी रास्ता मिलने में काफी समय लग जाता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। नगर पालिका और यातायात विभाग कभी-कभार औपचारिक अभियान चलाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं, लेकिन अतिक्रमण कुछ ही दिनों में फिर पहले जैसा हो जाता है। जनता में यह सवाल लगातार उठ रहा है कि आखिर कब तक इस समस्या को नजरअंदाज किया जाता रहेगा। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो यह इलाका किसी बड़ी दुर्घटना का केंद्र बन सकता है।

**पैदल यात्रियों की पीड़ा, हर कदम पर खतरा**

इस मार्ग से गुजरने वाले पैदल यात्रियों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। फुटपाथ पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में है, जिससे लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है। तेज रफ्तार वाहन, ऑटो और बाइक के बीच से निकलना किसी जोखिम से कम नहीं। महिलाएं और बुजुर्ग कई बार गिरते-पड़ते नजर आते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाम के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब बाजार की भीड़ बढ़ जाती है। बच्चों को स्कूल भेजते समय अभिभावकों की चिंता दोगुनी हो जाती है। कई बार लोग वैकल्पिक रास्ते अपनाने को मजबूर होते हैं, जिससे उनका समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद होते हैं। यह स्थिति साफ तौर पर बताती है कि अतिक्रमण ने आमजन की रोजमर्रा की जिंदगी को किस कदर प्रभावित किया है।

**व्यापार की आड़ में सड़क पर कब्जा**

अटा मंदिर से तालाबपुरा तक दुकानों के बाहर रखा सामान, ठेले और अस्थायी निर्माण सड़क को लगातार संकरा कर रहे हैं। दुकानदारों ने अपनी दुकान की सीमा से बाहर निकलकर सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा जमा लिया है। इससे न केवल ट्रैफिक बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। कई दुकानदार इसे अपनी मजबूरी बताते हैं, लेकिन सवाल यह है कि इसकी कीमत आमजन क्यों चुकाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सभी दुकानदार नियमों का पालन करें, तो सड़क पर काफी हद तक राहत मिल सकती है। मगर बिना सख्त कार्रवाई के हालात सुधरने की उम्मीद कम ही नजर आती है।

**प्रशासनिक उदासीनता, कब मिलेगी राहत**

सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की भूमिका को लेकर है। लोगों का कहना है कि शिकायतें करने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकल रहा। कभी-कभार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होती है, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। इससे जनता में नाराजगी बढ़ रही है। लोग यह मानने लगे हैं कि बिना सख्त और नियमित कार्रवाई के इस समस्या से निजात नहीं मिलेगी। यदि जिम्मेदार विभाग समय रहते ठोस कदम उठाएं और नियमों का कड़ाई से पालन कराएं, तो यह मार्ग फिर से सुगम बन सकता है। फिलहाल, आमजन प्रशासन की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है।

# हत्या के नामजद आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार

**●पति की मौत के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा अब भी फरार**

**फरार आरोपी से जान का खतरा, पीड़िता ने धाराएं बढ़ाये जाने की उठाई मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम पटा विजयपुरा निवासी महिला ने पति की संदिग्ध मौत के मामले में नामजद आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि एक आरोपी की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन दूसरा नामजद आरोपी खुलेआम घूम रहा है और परिवार को जान से मारने की धमकियां दे रहा है। पीड़िता पुष्पा पत्नी स्व.ग्यासी रैकवार ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि थाना महरौनी में अभियोग संख्या 0029/2026, धारा 108 बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज है। यह मामला उनके पति की मृत्यु से जुड़ा हुआ है, जिसमें नरेश रजक और ललित रजक को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस द्वारा नरेश रजक को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि ललित रजक अब तक गिरफ्तारी से बच रहा है। पीड़िता का आरोप है कि फरार आरोपी ललित रजक गिरफ्तारी से बचते हुए उनके घर आकर गोली मारने की धमकी दे रहा है और बयान बदलने का दबाव बना रहा है। इसके बावजूद अभी तक मामले में आपराधिक धमकी, गवाहों को डराने जैसी आवश्यक धाराएं नहीं बढ़ाई गई हैं, जिससे पूरे परिवार की जान को गंभीर खतरा बना हुआ है। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि फरार आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया जाए, उसके खिलाफ दी जा रही धमकियों के आधार पर अतिरिक्त धाराएं जोड़ी जाएं और उन्हें व उनके परिवार को तुरंत पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए। पीड़िता का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल विवाह घर का हुआ लोकार्पण

**●ब्लॉक प्रमुख मोहित निरंजन ने फीता काटकर जनता को समर्पित किया विवाह घर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिरधा।** विकास खण्ड बिरधा के ग्राम पंचायत पिपरिया पाली में क्षेत्र पंचायत द्वारा आम जनता के लिए सामूहिक विवाह घर बनाया गया जिसका लोकार्पण ब्लॉक प्रमुख मोहित निरंजन और खण्ड विकास अधिकारी इरशाद अहमद द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया ब्लॉक प्रमुख मोहित निरंजन ने बताया कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विकसित उत्तर प्रदेश की परिकल्पना को लेकर क्षेत्र पंचायत को अपनी आय में वृद्धि करने के लिए क्षेत्र पंचायत की परिसंपत्ति में व्यवसायिक दुकान और सार्वजनिक विवाह घर के निर्माण कराने के निर्देश दिए गए थे उसी क्रम में ग्राम पंचायत पिपरिया पाली में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सामूहिक विवाह घर बनवाया गया है यहां क्षेत्र के लोग अपने मांगलिक कार्यक्रम आयोजित कर सकते है इससे जनता को जो अभी ललितपुर जाकर लॉज या बड़े होटल मंहगे दाम पर किराए पर लेकर शादी विवाह इत्यादि कार्यक्रम आयोजित करते थे अब वह अपने गांव में ही इसका आयोजन कर सकते है इससे उनका समय भी बचेगा और बहुत कम धनराशि में उनका सफल आयोजन भी हो जाएगा इस विवाह घर से स्थानीय नीमखेरा हरपुरा कलौथरा सिंगेपुर सतौरा कुलुवा सहित स्थानीय गांव के लोगो को लाभ मिलेगा पिपरिया पाली में आज से ही श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह की भव्य कलश यात्रा भी गांव में निकाली गई जो गांव में सभी मंदिर से होकर कथा स्थल पर समापन हुई इस अवसर पर जयराम सिंह निरंजन पूर्व ब्लॉक प्रमुख बिरधा कैलाश नारायण झा मुन्नालाल विश्वनाथ पटेल जगभान सिंह रामकुमार खुशाली मिट्ठू रामचरण द्वारिकाप्रसाद पीटू लाखन सिंह कल्याण कुशवाहा इत्यादि अनेक लोग मौजूद रहे।

# व्यापारियों के उत्पीडऩ पर हुआ विचार, अतिक्रमण को बताया कैंसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल की जिला कार्य समिति की एक बैठक कृष्णा व्यापार मंडल क्षेत्र में मुख्य अतिथि महेंद्र जैन मयूर के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता व अनिल जैन के संचालन में सम्पन्न हुई। जिसमें व्यापारियों की समस्यायों, उत्पीडऩ पर विचार विमर्श किया गया तथा संगठन को मजबूत बनाने पर विचार विमर्श किया गया। ईश वंदना के बाद प्रारंभ हुई बैठक में व्यापारीयों की समस्यायों के साथ ही नगर में हटाए जा रहे अतिक्रमण अभियान के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए व्यापारियों से अपनी सीमा में व्यापार करने का अनुरोध किया गया तथा दुकानों के ऊपर रोड की चौड़ाई के आधार पर अधिकतम 4 फुट की चद्दर बिल्डिंग की सपोर्ट पर लगाने का अनुरोध किया गया। नेताओं ने कहा कि अतिक्रमण एक कैंसर है जो धीरे-धीरे व्यापारियों के व्यापार को समाप्त कर रहा है अतः रोड को आवागमन के लिए ही उपयोग करें नाली के ऊपर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण ना करें। आज देखने में आता है कि सड़क पर अस्थाई अतिक्रमण के कारण रोड़ों पर चलना दूभर हो गया है। जगह-जगह पर सब्जी फल कपड़ों की दुकानें सजी हुई है जिससे रोड पूरी तरह अतिक्रमणकारियों ने घेर रखा है आज प्रशासन द्वारा सड़क के चौड़ीकरण एवं पैदल हेतु पटरी का निर्माण किया जाना है। हम आप सभी को इसमें सहयोग करना चाहिए। अतिक्रमण के नाम पर यदि व्यापारियों को नाजायज परेशान किया जाता है तो संगठन व्यापारियों के साथ है और किसी भी प्रकार के संघर्ष के लिए भी सहयोग करेगा। व्यापार मंडल ने निर्णय लिया कि शीघ्र ही पूरे जिले में सदस्यता अभियान युद्ध स्तर से शुरू किया जाएगा और सभी जगह बैठक करके संगठनों का पुनर्गठन कराया जायेगा ।जिससे संगठन में और सक्रियता बढ़ सके। व्यापारी नेता महेंद्र जैन मयूर ने कहा कि 29 जनवरी गुरुवार को उरई में प्रदेश कार्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया है जिसमें प्रदेश, जिला, नगर, युवा आईटी, आदि संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों को सम्मिलित होना आवश्यक है और आप सभी का निकटतम जनपद है तथा जो भी पदाधिकारी उसमें अपनी उपस्थित दर्ज करना चाहते हो और वह किस साधन से वह वहां पहुंच रहे हैं जिला संगठन अथवा प्रदेश पदाधिकारियो को 25 जनवरी तक सूचित करने का कष्ट करें जिससे वहां पर आपकी उत्तम व्यवस्था की जा सके। श्री मयूर ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी एक हफ्ते पूर्व जयपुर में संपन्न हुई भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में प्रदेश चेयरमैन ने देश के व्यापारियों की ओर से प्रस्ताव रखते हुए व्यापारियों को प्राकृतिक आपदा , आगजनी, चोरी,की स्थिति में शासन द्वारा मुआवजा निर्धारित किए जाने, आयुष्मान बीमा का लाभ दिए जाने, व्यापारियों को वृद्धावस्था पेंशन दिए जाने आदि तीन बिंदुओं पर व्यापारी कल्याण बोर्ड का ध्यान आकर्षित कराया है और उनसे अनुरोध किया है कि भारत सरकार से उपयुक्त तीन बिंदुओं पर देशभर के व्यापारियों को राहत एवं सुविधा दिलायें। बैठक में अनेकों व्यापारी मौजूद रहे।

# तालबेहट में दो सड़क हादसे, एयरफोर्स जवान की मौत, किशोर ने तोड़ा दम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** सोमवार की रात राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में एक वायुसेना के जवान और एक किशोर की मौत हो गई, जबकि एक अन्य वायु सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली घटना ग्राम पवा साइन बोर्ड के पास हुई। कानपुर से बाइक द्वारा भोपाल जा रहे दो वायु सैनिकों की बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे वायु सैनिक पुष्कर मिश्रा (40) पुत्र शिवगनेश मिश्रा, निवासी महाराजपुर, जिला कानपुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके साथी जितेंद्र सिंह कुशवाहा (42) पुत्र अशोक, निवासी झरोली थाना बर्रा, जिला कानपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल सैनिक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

बताया गया कि दोनों सैनिक बाइक से भोपाल एयरफोर्स की ट्रेनिंग के लिए जा रहे थे। मृतक पुष्कर मिश्रा वायुसेना में बेंगलुरु में तैनात थे और दो वर्ष पूर्व ही उनका विवाह हुआ था। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार सुबह जिला मुख्यालय पहुंचे परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को पैतृक गांव ले जाकर अंतिम संस्कार किया। वहीं दूसरी घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर ही ग्राम जमालपुर के पास हुई। सड़क पार कर रहे किशोर मुकेश (17) पुत्र हन्नु सहरिया को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल किशोर को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मंगलवार को उपचार के दौरान किशोर ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### लाखों का सरिया चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को कल्याणपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पनकी रोड कल्याणपुर में एक सरिया के दुकान से लाखों का सरिया चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को मय चोरी के सरिया समेत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने पत्रकारों को बताया कि दिनांक 11/01/2026 को मनोज कुमार जैन निवासी स्वरूप नगर कानपुर नगर ने सूचना दी कि पनकी रोड़ कल्यानपुर पर मेरी सरिया की दुकान हैं, आज जब मैं अपनी दुकान पर गया तो आधे से ज्यादा सरिया चोरी हो गयी है। जिसकी कीमत लाखों रुपए में है। सूचना पर थाना कल्यानपुर पर मुकदमा पंजीकृत कर घटना का अनावरण व अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी । थाना कल्याणपुर पुलिस एवं सर्विलांस/स्वाट टीम पश्चिम जोन द्वारा ह्यूमन इंटेलिजेंस व ' ऑपरेशन त्रिनेत्र ' के अन्तर्गत लगाये गये कैमरों के माध्यम से घटना का सफल अनावरण कर अभियुक्त अखिलेश कुमार गुप्ता पुत्र दिनेश चन्द्र गुप्ता निवासी विसायकपुर थाना रनियां कानपुर देहात उम्र करीब 40 वर्ष रवि गुप्ता पुत्र दिनेश चन्द्र गुप्ता निवासी विसायकपुर थाना रनियां कानपुर देहात उम्र करीब 32 वर्ष आयुष शुक्ला पुत्र दीप शुक्ला निवासी पनकी रोड शुक्ला मार्केट थाना कल्यानपुर कानपुर नगर उम्र 22 वर्ष को मय चोरी का 30 कुन्तल सरिया के साथ दिनांक 19.01.2025 को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### कानपुर में किशोरी को उठाया, रेप किया और भाग गये, दो की तलाश जारी

**कानपुर।** यहां की लड़कियों पर दरिंदों का हमला लगातार जारी है। वे उन्हें सरेआम उठाते हैं। सामूहिक रूप से बलात्कार करते हैं और फिर भाग जाते हैं। ऐसी ही एक घटना बिल्हौर थाना क्षेत्र में हुई। यहां बीती रात करीब 10 बजे शौचालय गई 13 वर्षीय किशोरी को गांव के दो युवकों ने दबोच लिया। इसके बाद उसे पास के ही एक मकान में ले जा कर दुष्कर्म किया। आज मंगलवार भोर करीब तीन बजे किशोरी बदहवास रोती हुई घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस रिपोर्ट दर्ज करके आरोपियों की तलाश कर रही है। प्राप्त विवरण के मुताबिक गांव निवासी दो युवकों ने सोची समझी साजिश के तहत पड़ोसी की एक किशोरी को उस समय अपहृत कर लिया, जब वह सोमवार रात घर से बाहर बने शौचालय पहुंची। पीड़ित किशोरी के पिता ने गांव के ही दो युवकों को विरुद्ध कोतवाली बिल्हौर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दोनों युवक एक ही बिरादरी के बताए गए हैं। सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद गांव में सनसनी है। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़िता को चिकित्सकीय उपचार के लिए सीएचसी भी भेजा है। बताया कि मामले की जांचकर रिपोर्ट दर्ज करने की प्रक्रिया आरंभ की गई है। फिलहाल आरोपी युवक घर से लापता हैं और पुलिस उनकी तलाश का कर रही है। उनकी तलाश के लिए दो टीमें भी लगाई गई हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### वार्षिक विज्ञान मेले का भव्य आयोजन, छात्राओं ने प्रदर्शित की वैज्ञानिक प्रतिभा

**सिद्धार्थनगर-** जिले के सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में मंगलवार को वार्षिक विज्ञान मेले का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला बेसिक शिक्षा विभाग, कॉपर सर्जिकल एवं स्माइल फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। विज्ञान मेले में छात्राओं द्वारा विज्ञान, तकनीक, अभियांत्रिकी एवं गणित पर आधारित विभिन्न नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, जल संरक्षण, स्वच्छता, डिजिटल नवाचार एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान से संबंधित अनेक मॉडल प्रदर्शित किए, जिन्हें उपस्थित अतिथियों द्वारा सराहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र श्रीवास्तव, जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा) ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मक सोच एवं नवाचार की भावना विकसित होती है। उन्होंने छात्राओं को निरंतर सीखने, प्रयोग करने एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पुलिस की लापरवाही से तीसरे दिन हुआ हत्या की शिकार विवाहिता का पोस्टमार्टम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** पुलिस की लापरवाही अब उन लोगों को भी भारी पड़ रही है, जिनके परिजन हत्या के रूप में मौत का शिकार बन चुके हैं। जिसका ज्वलंत उदाहरण है महाराजपुर में अवैध संबंधों के शक में हत्या का शिकार बनाई गई विवाहिता का मामला। उसके शव का पोस्टमार्टम घटना के तीन दिन बाद आज सोमवार को किया गया। उसकी तीन दिन पहले उसके पति ने गला दबाकर हत्या कर दी थी। कुल मिलाकर हत्या के इस मामले में मामले में पुलिस की एक बड़ी लापरवाही देखने को मिली। घटना के तीसरे दिन पुलिस ने मृतका श्वेता का पोस्टमार्टम कराया, इस दौरान बॉडी डिकंपोज होने लगी। जानकारी देते हुए मृतका के चचेरे भाई आशीष सिंह ने बताया कि उन्होंने पुलिस से पंचायतनामा भरने की




बात कही, तो पुलिस ने शहर में वीआईपी मूवमेंट में हवाला दिया और रविवार देर शाम पंचायतनामा भरकर भेजा, लेकिन देर होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं सका ,जिससे परिजन पूरे दिन भटकते रहे।

इस दौरान गाजीपुर के मोहनपुर गांव निवासी श्वेता की मां ऊषा देवी ने कहा कि हत्यारोपी सचिन झूठ बोल रहा था कि बेटी के साथ कमरे में लड़के मौजूद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सचिन व उसके परिजन दहेज में 10 लाख रुपए की मांग करते थे। दहेज न देने पर सचिन ने परिजनों के साथ मिलकर बेटी को मौत के घाट उतार दिया। ऊषा ने बताया कि सचिन उनकी बेटी को खाने तक के लिए मोहताज रखता था। मृतका की माँ ने बिलखते हुए बताया कि बेटी चोरी छिपे उन्हें इंस्टाग्राम के जरिए कॉल करती थी। दामाद सचिन हम लोगों से बात करने को मना करता था, 10 जनवरी को बेटी से बात करने पर सचिन ने श्वेता की बेरहमी से पिटाई की थी। याद रहे की 3 दिन पहले अवैध संबंधों में शक में सचिन ने पत्नी श्वेता की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पत्नी की हत्या की इस घटना को अंजाम देने के बाद उसने महाराजपुर थाने में आत्म समर्पण भी कर दिया था, जिसके बाद पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है। घटना वाले दिन सचिन ने पुलिस को जो बयान दिया था। उसके मुताबिक उसने अपनी पत्नी श्वेता को दो लड़कों के साथ चारपाई पर बैठे हुए देखा थाजिसको लेकर ही विवाद होने के बाद उसने इस घटना को अंजाम दिया था।

## पुत्री की शादी तुड़वाने का युवक पर आरोप

### महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह पति की मृत्यु उपरान्त मेहनत-मजदूरी कर अपना व परिवार का भरण पोषण करती है। बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी पास के गांव में तय कर दी है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले आर्यन पुत्र तुलसी कुशवाहा ने 11 जनवरी को उसके होने वाले दामाद को फोन लगाकर उसकी पुत्री के बारे में अश्लील बातें करने लगा और शादी तुड़वाने का प्रयास किया, शादी न तोड़ने पर जान से मारने की धमकी दी। आर्यन कुशवाहा के परिजनों को उलाहना दिया तो उक्त लोगों ने 12 जनवरी को शाम करीब 5 बजे आर्यन उसके घर में घुस आया और उसकी पुत्री से जबरन शादी करने की धमकी देने लगा। जब उससे कहा कि वह पहले से शादीशुदा होने के बावजूद उसकी पुत्री की जिन्दगी क्यों खराब कर रहे हो तो आर्यन ने उसकी पुत्री का अपहरण करने की धमकी दी। आर्यन गालियां देते हुये वहां से चला गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आर्यन कुशवाहा के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 352, 115 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## घर-घर सत्यापन में सामने आए मामले, बूथ-19 पर 32 मतदाताओं को नोटिस तामीला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** किदवई नगर विधानसभा अंतर्गत भाजपा जूही मंडल के गोविंद नगर क्षेत्र स्थित बूथ संख्या-19 पर भारतीय जनता पार्टी के साहित्य प्रचार विभाग के जिला संयोजक प्रकाश वीर आर्य एवं अन्य भाजपाइयों ने मंगलवार को बीएलओ रत्नाकर निगम के साथ संयुक्त रूप से घर-घर संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण एसआइआर की निर्धारित प्रक्रिया के अंतर्गत मतदाता सूची का सत्यापन किया गया। अभियान के दौरान यह तथ्य सामने आया कि बूथ पर कुल 831 मतदाताओं के सापेक्ष 32 ऐसे मतदाता हैं, जिनकी मैपिंग वर्ष 2003 की मतदाता सूची से संभव नहीं हो पा रही थी। इसका मुख्य कारण यह रहा कि संबंधित मतदाताओं द्वारा स्वयं अथवा उनके परिजनों के वर्ष 2003 से जुड़े आवश्यक विवरण अथवा अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए थे।

नियमानुसार ऐसे सभी 32 मतदाताओं को नोटिस तामीला की गई तथा उन्हें आवश्यक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। बीएलओ रत्नाकर निगम एवं जिला संयोजक प्रकाश वीर आर्य ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुरूप संपन्न की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि नोटिस प्राप्त सभी मतदाताओं ने शीघ्र आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का आश्वासन दिया है। वर्तमान में प्राप्त आवेदनों में फॉर्म-6 के 7 आवेदन, फॉर्म-7 का कोई आवेदन नहीं तथा फॉर्म-8 के 5 आवेदन प्राप्त हुए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता लोकतंत्र की मजबूती का आधार है और इस उद्देश्य को लेकर पार्टी कार्यकर्ता प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## कैबिनेट मंत्री के 2016 से बंद पड़े कालेज में बच्ची की लाश मिली

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के बंद पड़े डिग्री कालेज में 09 वर्ष की बच्ची की लाश मिली, बच्ची क्लास रूम में दुपट्टे के फंदे पर लटकी मिली, कमरे में टीवी चल रही थी, चौकी दार ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी, फोरेंसिक टीम ने सबूत इकट्ठा किए,बाबा बैजनाथ डिग्री कालेज 2016 से बंद पडा है,,बच्ची नानी के साथ इसी कालेज में रहतीं थीं, घटना के बाद नानी फरार है, वैष्णवी प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो की छात्रा थी, पुलिस आईडी कार्ड देखकर हैरान रह गई, इसमें पिता की जगह नाना का नाम और मां की जगह नानी का नाम लिखा है, पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से जांच पड़ताल कर रही है, सौतेले पिता बोले



वैष्णवी नानी के साथ रहतीं थीं, वैष्णवी की मां लक्ष्मी की दूसरी शादी बाबू पुरवा निवासी मंजीत के साथ हुई थी, पिता मंजीत ने बताया कि पत्नी की दूसरी शादी से एक बेटी वैष्णवी थी, जिसकी देखरेख नानी करतीं थीं, हमारी और लक्ष्मी की दो बेटियां हैं दोनो बेटी हम पति-पत्नी एक साथ बाबू पुरवा में रहते हैं,नानी ममता के साथ घाटमपुर क्षेत्र के बरनाव गांव मोड़ के पास कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के बंद पड़े डिग्री कॉलेज में रहतीं हैं, पिता मंजीत ने बताया कि वैष्णवी क्रपालपुर के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो में पढ़ती थी , रक्षा बंधन पर हम लोग उससे मिलने गए थे तब भी उसने किसी परेशानी की बात नहीं बताई , सोमवार देर रात चौकीदार का फ़ोन आया कि वैष्णवी फांसी पर लटकी हुई है, इसके बाद मैं और पत्नी ममता तुरंत कालेज पहुंचे, घटना के बाद से नानी फरार है,नानी का फ़ोन बंद कर लिया है, बंद पड़े डिग्री कॉलेज में रात में रखवाली सजेती थाना क्षेत्र के धरमंगदपुर गांव निवासी कामता रहता है , उसने बताया कि रोज ममता एक बार पूछने आती थी कि गेट बंद हैं कि नहीं, लेकिन सोमवार की रात ममता काफी देर तक नहीं दिखीं, चौकीदार ने बताया कि दरवाजा खुला पड़ा था मैंने ममता और बच्ची को आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला, फिर मैं पास गया तो बच्ची का शव कमरे में दुपट्टे के सहारे पंखे से लटका मिला।

## महाराज पुर थाना क्षेत्र के कालेज में दिल्ली पुलिस भर्ती परीक्षा में हंगामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** महाराज पुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिल्ली पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान जमकर हंगामा हुआ,सर्वर फाल्ट के चलते सुबह पहली शिफ्ट की परीक्षा रद्द कर दी गई है, इससे नाराज अभ्यर्थियों ने कालेज परिसर में तोड़फोड़ कर दी, सर्वर रूम में घुसकर छात्रों ने कम्प्यूटर, कांच, दरवाज़े, कुर्सियां वायर तोड़ दिए, नाराज़ छात्रो ने बताया कि पहली शिफ्ट की परीक्षा सुबह नौ बजें से थी,, जबकि एंट्री सुबह 8,45 बजे से होनी थी,तय समय बीतने के बाद भी कालेज का मेन गेट नहीं खुला,गेट बंद होने से बाहर खड़े सैकड़ों छात्र छात्राएं नाराज़ हो गए,, और हंगामा शुरू कर दिया, कालेज प्रबंधन ने



सर्वर में खराबी की बात कह कर छात्रों को इंतजार करनें को कहा, फिर भनक लगी कि परीक्षा नहीं होंगी, सुबह करीब साढ़े दस बजे तक न तो कोई लिखित सूचना चस्पा की गई, और न ही परीक्षा रद्द होने को लेकर स्पष्ट जानकारी दी गई, इससे छात्र और भड़क गए, रोहित तिवारी ने बताया कि कालेज के लैब में सीपीयू आन थें, परीक्षा में कोई धांधली की जा रही है, कोई इलैक्ट्रिक समस्या नहीं थीं, महाराज पुर थाना क्षेत्र के पुरवा मीर स्थित एमजीए कालेज में सैकड़ों छात्रों ने कालेज का मेन गेट तोड़ कर अंदर घुस गए, हंगामे की सूचना पर उपजिलाधिकारी विवेक कुमार मिश्रा और एसीपी अभिषेक कुमार मिश्र, मैं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे,, एसडीएम ने बताया कि दो पाली की परीक्षा इंडी कुटी संस्था के सिटी हेड शुभम् दीक्षित से बात की गई तों उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस भर्ती परीक्षा होनी थी, टेक्निकल खराबी के कारण परीक्षा को एसएससी द्रारा निरस्त कर दिया गया है, इसकी सूचना वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है, छात्र छात्राओं की मांग है कि रद्द परीक्षा की नई तारीख जल्द घोषित की जाए।

## जिलाधिकारी के तहसील कुण्डा के सघन निरीक्षण से अधिकारियों कर्मचारियों में मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बुधवार को तहसील कुण्डा का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील के समस्त पटलों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित प्रकरणों तथा न्यायालयीन कार्यों की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न धाराओं में लंबित राजस्व पत्रावलियों, भूलेख पटल, खतौनी कक्ष, पट्टा रजिस्टर, आय एवं जाति प्रमाण पत्र पटल, नजारत, रिकॉर्ड रूम एवं न्यायालय से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि कई पत्रावलियाँ वर्षों से लंबित रखी गई हैं, जिनका समयबद्ध निस्तारण नहीं किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी कुण्डा को निर्देशित किया कि सभी लंबित राजस्व मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।





इसके उपरांत जिलाधिकारी ने तहसीलदार कुण्डा न्यायालय का निरीक्षण किया, जहां दाखिल-खारिज से संबंधित लंबित पत्रावलियों की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर प्रशासनिक एवं प्रक्रियात्मक कमियां सामने आईं। कुछ मामलों में लेखपाल के बयान दर्ज हो जाने के बावजूद आदेश महीनों से लंबित पड़े थे, जबकि कई पत्रावलियों में लेखपाल के हस्ताक्षर तक नहीं पाए गए। इसके अलावा कई वादों में वादकारियों को अंतिम अवसर दिए जाने के बावजूद भी निर्णय नहीं लिया गया था, कुछ पत्रावलियों में वादकारियों के सादे कागज पर हस्ताक्षर पाए जाने को जिलाधिकारी ने अत्यंत गंभीर विषय बताया, इन अनियमितताओं पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार कुण्डा के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि न्यायालयीन कार्यो में लापरवाही, अनियमितता और पारदर्शिता की कमी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायिक प्रक्रिया में समयबद्धता एवं निष्पक्षता बनाए रखना प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी का नैतिक और प्रशासनिक दायित्व है।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में उपस्थित अधिवक्ता संगठनों के पदाधिकारियों एवं फरियादियों से भी संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु उन्होंने उपजिलाधिकारी कुण्डा को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।इससे पूर्व जिलाधिकारी ने विकास खंड बाबागंज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय राजापुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तथा कक्षाओं में जाकर बच्चों से पठन-पाठन से संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों द्वारा प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर दिए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें मिठाई वितरित कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की तथा भोजन की स्वच्छता एवं पोषण स्तर बनाए रखने के निर्देश दिए। विद्यालय परिसर में लगे हैंडपंप से निकलने वाले पानी की गुणवत्ता ठीक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी बाबागंज को तत्काल हैंडपंप की पाइप की सफाई कराकर उसी दिन अवगत कराने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

## खेल प्रतिभाओं को मंच देने का सराहनीय प्रयासः कन्हैया पासवान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड शोहरतगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत लुचुइया के टोला नडौरा गांव के मैदान में आयोजित नडौरा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार को खेला गया। फाइनल मुकाबले में किंग एलेवेन नड़ौरा ने जहीर एलेवेन अलीगढ़वा को करारी शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम की।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जहीर एलेवेन अलीगढ़वा की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाए। टीम की ओर से रिंकू पाल ने शानदार 31 रनों की पारी खेलकर दर्शकों का दिल जीत लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी किंग एलेवेन नड़ौरा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मात्र 8 ओवर में 88 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। विजेता टीम की ओर से आमिर ने 29 रन, जबकि कृष्णा यादव उर्फ छोटू ने 19 रन बनाने के साथ ही 3 विकेट झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन




के लिए कृष्ना यादव उर्फ छोटू को मैन ऑफ द मैच चुना गया।मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। वहीं उपविजेता टीम जहीर एलेवेन अलीगढ़वा के कप्तान जहीर को ट्रॉफी के साथ 8000 नकद पुरस्कार दिया गया।

विजेता टीम किंग एलेवेन नड़ौरा के कप्तान अमित उपाध्याय को ट्रॉफी के साथ 16000 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपार खेल प्रतिभाएं छिपी हुई हैं। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक विकास में भी सहायक होता है।टूर्नामेंट के आयोजक अंशिका फर्टिलाइजर एंड ट्रेडर्स के प्रोपराइटर विवेक उपाध्याय एवं संजय मिश्रा रहे। कार्यक्रम में प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा, संतोष पासवान, थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, सूर्य प्रकाश पाण्डेय, शिवशक्ति शर्मा, राकेश तिवारी, अनिल कुमार श्रीवास्तव, मुस्तन शेरुल्लाह, कमलेश मिश्रा, राकेश राज, श्रवण कुमार पटवा, अरुण उपाध्याय, प्रकाश उर्फ चिंटू, राकेश बाबा, अमित उपाध्याय, श्रवण कुमार उपाध्याय, राजकुमार उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, अश्विनी मिश्रा, कुबेर नाथ उपाध्याय, कालीचरन, अर्जुन शर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत देवकली में चौपाल का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सदर ब्लाक के देवकली में एक चौपाल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी व मुख्य वक्ता मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला कोऑर्डिनेटर रवि भूषण सिन्हा रहे।चौपाल को संबोधित करते हुए डॉ नीरज त्रिपाठी और रवि भूषण सिन्हा ने संयुक्त बयान में कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और किसानों के लिए जीवनरेखा है। सरकार की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को समय पर काम और पूरा मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया



जाए। मनरेगा में किसी भी प्रकार की कटौती या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन लगातार जारी रहेगा।अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज एवं ब्लाक अध्यक्ष मो.वसीम ने संयुक्त रूप से कहा कि मनरेगा केवल रोजगार का साधन नहीं बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का माध्यम है। मजदूरों की समस्याओं, जॉब कार्ड, काम की उपलब्धता और मजदूरी भुगतान से जुड़े मुद्दों को लेकर संगठन हर स्तर पर संघर्ष करेगा और जनता को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेगा।इस अवसर पर कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी,कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान,जिला उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा,जिला उपाध्यक्ष मीरा देवी गौतम,राम मनोहर गौतम, मो.सईद,रितेश सरोज,राजेश सरोज,कमल सरोज,सतीश सरोज, शीला गौतम,सुषमा सरोज,मीना देवी,सावित्री देवी, अंजू सरोज,रीता गौतम, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मनरेगा को बचाने और मजबूत करने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

## डुमरियागंज पुलिस की लापरवाही से नाबालिग बालिका की मौत का आरोप, ब्लैकमेलिंग में युवक पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के बघमरा गांव निवासी नाबालिग बालिका सरिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस की लापरवाही को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि प्रेम प्रसंग के बाद प्रेमी द्वारा लगातार प्रताड़ना और ब्लैकमेलिंग से आजिज होकर नाबालिग युवती ने ज़हर खाकर जान दे दी। मृतका के परिजनों के अनुसार कुड़ी निवासी जोगिंदर (लाइनमैन) युवती को आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी देता था। आरोपी द्वारा परिवार को वीडियो भेजने और सोशल मीडिया पर फैलाने की धमकी भी दी जा रही थी। परिजनों का कहना है कि इसी मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने आत्मघाती कदम उठाया। बताया गया कि युवती ने ज़हर खाने से पहले एक वीडियो जारी कर पूरी घटना की जानकारी दी थी। पीड़ित परिवार



ने 17 जनवरी 2026 को डुमरियागंज थाना में तहरीर दी थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। परिजनों का दावा है कि यदि पुलिस ने पहले ही कार्रवाई की होती तो नाबालिग की जान बच सकती थी। पुलिस आरोपी जोगिंदर यादव के खिलाफ अपराध संख्या 9/26 के तहत धारा 108 और 351(3) बीएनएस में केस पंजीकृत किया है,घटना के बाद पीड़ित परिवार ने इंसाफ की गुहार लगाई है। इस संबंध में प्रभारी श्रीप्रकाश यादव का कहना है कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जा रही है।

## अभियान में पुलिस ने विधिविरुद्ध गतिविधियों पर की कार्रवाई

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक 'मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान' चलाया गया। अभियान के तहत सभी थाना प्रभारी एवं थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में आमजन से सीधा संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता बढ़ाना, मित्र पुलिसिंग की भावना विकसित करना तथा छोटे विवादों का मौके पर समाधान करना रहा। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की गहन जांच की गई। चेकिंग के दौरान तीन सवारी, बिना हेलमेट, मोडिफाइड साइलेंसर, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने तथा अन्य विधिविरुद्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा कुल 13 स्थानों पर चेकिंग करते हुए 255 व्यक्तियों एवं 155 वाहनों की जांच की गई।

## आयकर कटौती एवं ई-फाइलिंग सम्बन्धी नियमों की जानकारी हेतु सेमिनार किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** विकास भवन सभागार में संशोधन, नए सम्मिलित, टीडीएस,टीसीएस प्रावधान और विभिन्न टैन के विरूद्ध लंबित मांगों पर सेमिनार आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आयकर अधिकारी (टी0डी0एस0) सुल्तानपुर संतोष कुमार पाण्डेय द्वारा संशोधन,नए सम्मिलित टीडीएस,टीसीएस प्रावधान और विभिन्न टैन के विरूद्ध लंबित मांगों सम्बन्धी प्रावधानो एवं सम्बन्धित त्रुटियों पर विस्तार में परिचर्चा की गयी। इसी क्रम में उनके टैन पर लम्बित मांगो, बार बार दाखिल किये गये सुधार विवरण और पहले देखे गये गैर-अनुपालन जैसे मुद्दो पर उनके परिणामो के साथ विस्तृत चर्चा की गयी। इसके अलावा सेमिनार में भाग लेने वाले डीडीओ/लेखाधिकारियों द्वारा मांगो की दोहराव, गलत टैन के विरूद्ध मांग प्रस्तुत करने तथा टीडीएस प्रावधानों पर संशय आदि के सम्बन्ध में मुद्दे उठाये गये जिनका सम्बन्धित टीम द्वारा समाधान किया गया। सेमिनार में वरिष्ठ कोषाधिकारी अनामिका सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद, सहायक कोषाधिकारी भोलानाथ सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं आहरण वितरण अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को आयेंगे स्टेडियम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** कांग्रेस कार्यालय,इन्दिरा भवन पर कांग्रेस जनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी व संचालन कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय इन्दिरा कप क्रिकेट टूर्नामेंट 12 जनवरी 2026 से स्पोर्ट्स स्टेडियम, प्रतापगढ़ में चल रहा है। क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को दिन में 2 बजे होगा,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय सम्मिलित होंगे।श्री त्रिपाठी ने बताया कि वाराणसी से चलकर जौनपुर, बादशाहपुर होते हुए 1 बजे दिन में कटरा चौराहे पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत सम्मान किया जाएगा।तत्पक्षात स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ पहुंचेंगे,जहां खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित करेंगे।जिला अध्यक्ष ने सभी क्रिकेट प्रेमियों से अनुरोध किया है कि सुबह 11 बजे उपस्थित होने का अनुरोध किया है।बैठक में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष मो.इस्तियाक,कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी,जिला प्रवक्ता मासूम हैदर, कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल,महिला कांग्रेस अध्यक्ष सरोज कश्यप,यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नफीस खान,एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष शुभम मिश्र, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ दीपक शुक्ल,पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## कुएं में गिरने से किशोरी की दुखद मौत

**उरई(जालौन)–** मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसे में किशोरी की कुएं में गिरकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद गांव में शोक देखा जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुठौंदा गांव निवासी अवधेश की पुत्री प्राची उर्फ प्रिंसी मंगलवार की सुबह गांव के मंदिर के पास स्थित कुएं पर पानी भरने गई थी। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया जिससे वह अपना संतुलन खो बैठी और सीधे कुएं में जा गिरी। गहरे कुएं में गिरने से किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने किशोरी को कुएं से बाहर निकलवाया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक प्राची कक्षा नौवीं की छात्रा थी। उसके परिवार में मां प्रियंका और बड़ा भाई ऋषि है। प्राची के पिता अवधेश रोज़गार के सिलसिले में नासिक में कार्यरत हैं। परिजनों ने बताया कि मंदिर के पास स्थित कुआं लंबे समय से खुला हुआ है और उसके चारों ओर कोई सुरक्षा घेरा या चेतावनी संकेत नहीं लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कुएं के चारों ओर सुरक्षा व्यवस्था होती तो इस दर्दनाक हादसे को रोका जा सकता था। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय हाई स्कूल में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**हमीरपुरः–** सुमेरपुर विकासखण्ड क्षेत्र के पारा रैपुरा राजकीय हाईस्कूल में सम्मान समारोह एवं वार्षिकोत्सव नवोत्कर्ष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.विद्या वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां व करियर विषयक नाटक मंचन किया। परीक्षा में सर्वोच्च अंक,उत्कृष्ट उपस्थिति,विज्ञान प्रदर्शनी, चित्रकला सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए पुरातन छात्रा कोमल व अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। अभिभावकों को स्मृति चिन्ह विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.राजेंद्र सिंह ने प्रदान कर सम्मानित किया।संचालन नोडल शिक्षिका रंजना रघुवंशी एवं प्रियंका देवी ने किया कार्यक्रम में शिक्षक आतम प्रजापति, दिव्या सिंह,पंडित दीनदयाल मॉडल इंटर कॉलेज टेढ़ा के प्रवक्ता आलोक पाठक, शिक्षक सुनील सहित अभिभावकों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हमीरपुरः- मौदहा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अपने 'युवा पखवाड़ा' में मंगलवार को कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। शिविर एबीवीपी के मेडिविजन आयाम के तत्वावधान में 10 से 23 जनवरी तक चलने वाले 'युवा पखवाड़ा' के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दयाशंकर त्रिपाठी, सुनील गुप्ता और डॉ. उदय प्रताप सिंह ने मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। कानपुर से आए विशेषज्ञ डॉ. उदय प्रताप सिंह ने मरीजों की शुगर और रक्तचाप (बीपी) सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांचें कीं। उन्होंने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिए और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की। शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अपने 'युवा पखवाड़ा' के तहत मंगलवार, 20 जनवरी को मौदहा कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर एबीवीपी के मेडिविजन आयाम के तत्वावधान में 10 से 23 जनवरी तक चलने वाले 'युवा पखवाड़ा' के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य दयाशंकर त्रिपाठी, सुनील गुप्ता और डॉ. उदय प्रताप सिंह ने मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया। इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया। कानपुर से आए विशेषज्ञ डॉ. उदय प्रताप सिंह ने मरीजों की शुगर और रक्तचाप (बीपी) सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांचें कीं। उन्होंने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिए और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में जानकारी प्रदान की। शिविर में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर एबीवीपी के प्रवासी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वतंत्र राजपूत, कार्यक्रम प्रमुख आशीष विश्वकर्मा, कार्यक्रम संयोजक अंश सोनी, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अजीत गुप्ता और नगर मंत्री पलक साहू सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नवगठित कार्यकारिणी का हुआ भव्य शपथ ग्रहण समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नोएडा!** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की नवगठित कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के चेयरमैन डॉ. पीयूष द्विवेदी ने अपनी पूरी कार्यकारिणी समिति के साथ विधिवत शपथ ग्रहण की। उनके साथ वाइस चेयरमैन संजय सतनानी, राजकुमार गर्ग एवं डॉ. संजय गुप्ता, मुख्य संरक्षक डॉ. डी.के. गुप्ता, अध्यक्ष संजय जैन, वरिष्ठ महासचिव अमित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, महासचिव राहुल भाटिया एवं अमित पोरवल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई। वही संगठन में संरक्षक मंडल के रूप में डॉ. राजेश गुप्ता, नवतन अग्रवाल, डॉ. एस.पी. जैन, डॉ. बी.के. गुप्ता, अजय बंसल, प्रवीण भारद्वाज, के.के. बंसल एवं कार्तिक गुप्ता शामिल रहे। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर सतनारायण गोयल एवं डॉ. विकास बंसल, संगठन मंत्री के रूप में फूल सिंह यादव तथा उपाध्यक्ष के रूप में उमानंदन कौशिक, नरेंद्र चोपड़ा, संजय कोहली, नवनीत जैन, विक्रम सेठी एवं के.के. अग्रवाल को मनोनीत किया गया। सचिव पद पर मनोज गोयल, सुनील पांडेय, सुनील वर्मा, डॉ. जे.एस. वेदी, अंकित गुप्ता, अजय गुप्ता, अजय कुमार लाल, एवं तनवीर को जिम्मेदारी दी गई, जबकि सह-सचिव के रूप में डी.एन. कटोच एवं धर्मवीर बंसल को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन सुनील सिंधी रहे। वहीं उपमुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद बिहारी मिश्र ने की। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद डॉ. महेश शर्मा तथा राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र सिंह नागर उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक पंकज सिंह, राज्यमंत्री उत्तरप्रदेश सरकार कपिल देव अग्रवाल एवं कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने सहभागिता की। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, पूर्व विधायक विमला बाथम, अनिल अग्रवाल एवं गोपाल कृष्ण अग्रवाल उपस्थित रहे। साथ ही महामंडलेश्वर स्वामी श्री बालकानंद गिरी जी महाराज एवं जगद्गुरु स्वामी श्री सतीशाचार्य जी महाराज का भी उपस्थित एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ।शपथ ग्रहण के उपरांत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन डॉ. पीयूष द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी व्यापारियों और उद्यमियों की संस्थाओं को एकजुट करके उनके हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं का समाधान तथा सरकार और व्यापारी समाज के बीच सेतु बनकर कार्य करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। नवगठित कार्यकारिणी के साथ मिलकर हम संगठन को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और प्रभावी बनाएंगे। स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने, युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उद्योग-अनुकूल वातावरण के निर्माण के लिए ठोस कार्ययोजना पर काम किया जाएगा। संगठन के अध्यक्ष संजय जैन नें कहा की हम नवगठित कार्यकारिणी के साथ मिलकर व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान, स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन तथा सरकार के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। वरिष्ठ महासचिव अमित अग्रवाल ने कहा कि संगठन की प्राथमिकता व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर सुनकर उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

## युवती को भगाकर ले जाने पर दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

### ● सपा यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष रिजवान उर्फ छोटू टाइगर समेत एक साथी है आरोपित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन):** युवती को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने के आरोप में सपा यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष और उसके एक साथी के विरुद्ध युवती की पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोंच नगर के एक मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीते सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे उसकी 20 वर्षीय पुत्री बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक जब पुत्री वापस घर नहीं लौटी तो उसने उसकी खोजबीन की। उक्त व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि खोजबीन के दौरान पता चला कि उसकी पुत्री को रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर (सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष) निवासी जवाहर नगर कोंच अपने साथ बहला फुसलाकर भगा कर ले गया है। उसकी पुत्री घर में रखे 3 लाख रुपए भी उठाकर साथ में ले गई है। पुत्री को भगा कर ले जाने में रिजवान का सहयोग उसके मित्र उस्मान कुरैशी निवासी आराजीलेन कोंच ने किया है। उक्त मामले को लेकर पुलिस ने रिजवान और उस्मान के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश तेज कर दी है। मामले में कोतवाल अजीत कुमार सिंह का कहना है कि युवती के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, रिजवान को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। युवती की तलाश में पुलिस टीम संलग्न है।

### जिलाध्यक्ष पद से हटाए गए रिजवान उर्फ छोटू टाइगर

**कोंच(जालौन)–** सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष रिजवान मंसूरी उर्फ छोटू टाइगर के खिलाफ एक युवती को बहला फुसलाकर भगा कर ले जाने के मामले में कोंच कोतवाली में एक साथी समेत मुकदमा दर्ज होने के बाद पार्टी स्तर पर हड़कंप मच गया है। पार्टी की किरकिरी और छवि धूमिल होने के डर से ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अनीस राजा ने मंगलवार को आनन फानन में रिजवान को तत्काल प्रभाव से जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया है। उक्त आशय का पत्र जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने रिजवान पर पार्टी विरोधी गतिविधियों और अनुशासनहीनता में शामिल होने का तथ्य दिया है। गौरतलब हो कि इससे पहले भी एक बार रिजवान को यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष पद सहित सपा पार्टी से निष्कासित किया गया था।

## एट स्टेशन के प्लेटफार्म पर वृद्ध का शव मिला

स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस, सीएचसी कोंच में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

बिहार प्रदेश का निवासी बताया जा रहा है मृतक

कोंच(जालौन): एट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर चार पर मंगलवार को एक वृद्ध अचेत अवस्था में पड़ा मिला। यात्रियों की सूचना पर स्टेशन मास्टर ने एंबुलेंस और पुलिस को अवगत कराया। एंबुलेंस की मदद से वृद्ध को कोंच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उसकी जेब से निकले आधार कार्ड से बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के लालगढ़ वार्ड नंबर 3 निवासी बाबूदीप मियां (60) के रूप में हुई है। बताया गया कि वह प्लेटफार्म नंबर 4 पर ब्रिज के माध्यम से ऊपर चढ़ रहा था, तभी पैर फिसलने से वह सीढ़ियों से गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे वह काफी देर तक प्लेटफार्म पर ही पड़ा रहा। मृतक की जेब से एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड और 500 रुपये नकद बरामद हुए हैं। जानकारी के अनुसार बाबूदीप मियां तीन-चार दिन पहले केरल से निकला था। सूचना मिलने पर जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सरकारी योजनाओं का सत्यापन और जनचौपाल का हुआ आयोजन

### ● मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के निर्देश

### 31 मार्च तक खेल मैदान निर्माण के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**उरई(जालौन)–** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने विकास खण्ड रामपुरा के ग्राम बिजुआपुर एवं ग्राम बावली का स्थलीय भ्रमण कर गलियों में पैदल घूमते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर आवास, पेंशन, राशन, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत ग्राम पंचायत कंझारी में आयोजित जनचौपाल में जिलाधिकारी ने ग्राम में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन कराया तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र लाभार्थी को योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि ग्राम में खेल मैदान उपलब्ध नहीं है। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 31 मार्च तक खेल मैदान का निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम में स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण, चारों ओर पाथवे निर्माण एवं वृक्षारोपण कराए जाने के भी निर्देश दिए जिससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं एवं स्वच्छ पर्यावरण मिल सके। जनचौपाल के दौरान एक 8 वर्षीय बालिका राधिका स्वयं मंच पर आई और अपनी आपबीती साझा की। बालिका ने बताया कि उसकी माता का देहांत हो चुका है तथा पिता ने उसे छोड़ दिया है। उसने दृढ़ संकल्प के साथ कहा कि वह पढ़-लिखकर बड़ी अफसर बनना चाहती है। बालिका की बात सुनकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उसे अपने पास बैठाया और सार्वजनिक मंच से घोषणा की कि इस बेटी की शिक्षा से लेकर समस्त खर्च जिला प्रशासन वहन करेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बालिका को बाल सेवा योजना सहित उत्तर प्रदेश सरकार की अन्य प्रासंगिक कल्याणकारी योजनाओं से तत्काल लाभान्वित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों की सुरक्षा, शिक्षा और भविष्य के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है तथा किसी भी जरूरतमंद बच्चे को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। प्रशासन हर पात्र व्यक्ति के साथ खड़ा है और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह आदि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम प्रधान एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन



**हमीरपुरः–** कुरारा ब्लॉक के सभागार में मंगलवार के दिन सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष पद के लिए रामविलास श्रीवास ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक के अध्यक्ष पद के चुनाव में कुरारा निवासी रामविलास श्रीवास ने सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके अलावा किसी भी अन्य प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र न खरीदे जाने से उनका निर्विरोध निर्वाचन लगभग तय माना जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया कुरारा ब्लॉक सभागार में नोडल अधिकारी कानूनगो अशोक निगम, बैंक मैनेजर बीएन उपाध्याय एवं फील्ड ऑफिसर आलोक श्रीवास्तव की मौजूदगी में संपन्न हुई। इस दौरान रामविलास श्रीवास ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों की उपस्थिति में अपना पर्चा दाखिल किया। नामांकन के अवसर पर भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता, जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रांत संगठन मंत्री गणेश यादव, डायरेक्टर किशन व्यास, कुरारा ब्लॉक प्रमुख आशीष पालीवाल, नगर पालिका हमीरपुर के अध्यक्ष कुलदीप निषाद, कुरारा चेयरमैन आशारानी कबीर, सहकारी ग्राम विकास बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष कामता कुशवाहा सहित अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

इसके अलावा भाजपा नेता राजेंद्र श्रीवास, देवेंद्र सिंह, भाजपा कुरारा मंडल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा, महामंत्री दिनेश द्विवेदी, दीपक सिंह गौर, राहुल द्विवेदी, सुनील कुशवाहा, अभिषेक त्रिपाठी, रेनू सिंह, उपाध्यक्ष प्रभात श्रीवास्तव, अनुज द्विवेदी, सुशील परिहार, अमित वर्मा समेत लगभग एक सैकड़ा भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नामांकन के बाद समर्थकों में उत्साह देखा गया और रामविलास श्रीवास को बधाइयाँ दी गईं।

# लापरवाही से गाड़ी चलाने के वायरल वीडियो पर एफआईआर दर्ज थाना समयपुर बादली द्वारा, आरोपी गिरफ्तार व गाड़ी ज़ब्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्लीः** बीते18.01.2026 को पुलिस अधिकारियों को पता चला कि एक काले रंग की स्कॉर्पियो ह गाड़ी, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर ष्ठरु-3ष्टष्ठष्ठ-5516 है, जिस पर टिंटेड ग्लास लगे थे और जिस पर 'दाऊद' नाम लिखा था, उसे बहुत ही लापरवाही और तेज़ी से चलाया जा रहा था। गाड़ी NH-yy / GTK करनाल बाईपास रोड पर नरेला की तरफ ज़िग-ज़ैग तरीके से चलती हुई देखी गई, जिससे आम लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही थी। मामले की गंभीरता और इंसानी जान को संभावित खतरे को देखते हुए, जानकारी पर तुरंत कार्रवाई की गई। आउटर नॉर्थ जिले के पुलिस स्टाफ ने तुरंत उस गाड़ी को रोका और उसे हिरासत में ले लिया।जांच के दौरान, ड्राइवर की पहचान दाऊद अंसारी, पिता मुसाफिर अंसारी, निवासी जाबिर नगर, ओखला, दिल्ली, उम्र लगभग 21 साल के रूप में हुई। यह भी पता चला कि दोषी गाड़ी का मालिकाना हक उसके पिता मुसाफिर अंसारी के नाम पर है। आरोपी का ड्राइविंग लाइसेंस भी चेक किया गया और रिकॉर्ड में लिया गया। वीडियो फुटेज और सबूतों की जांच के बाद, पुलिस स्टेशन समाईपुर बादली, आउटर नॉर्थ जिले में भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धारा 281 और MV एक्ट की धारा 184 के तहत केस GTK नंबर 0063/2026, दिनांक 20.01.2026 दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह घटना 18.01.2026 को दोपहर 03:00 बजे से 04:00 बजे के बीच GTK करनाल बाईपास रोड, दिल्ली की है। दोषी स्कॉर्पियो ह गाड़ी को कानून के अनुसार ज़ब्त कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है।



दिल्ली पुलिस की यह त्वरित कार्रवाई सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। नागरिकों से अनुरोध है कि वे सड़कों पर सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करें। किसी भी उल्लंघन पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी हरेश्वर स्वामी आईपीएस डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस, आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट, दिल्ली द्वारा मीडिया को दी गई।

## राज्यसभा सांसद ने चौपाल में गिनाई वी बी जी राम जी योजना की खूबियां



**बिवांर(हमीरपुर)–** कस्बा बिवांर के थाना ग्राउंड में मंगलवार के दिन कृषक, श्रमिक ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।चौपाल दोपहर एक बजे से शुरू होनी थी लेकिन राज्यसभा सासंद के देरी से आने की वजह से चौपाल लगभग साढ़े तीन बजे शुरू हो सकी। चौपाल में मुख्य अतिथि ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई और मनरेगा का नाम बदलकर की गई वीबी जीरामजी योजना के बारे में बताया। कहा कि पहके सौ दिनों तक रोजगार मिलता था अब इस योजना में 125 की रोजगार गारंटी दी गई है।कार्यक्रम में मौजूद सौ गरीब लोगों को कम्बल बांटे गए।

## नवयुवक नितिन नबीन के रूप में मिला भाजपा का युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीयओबीसी मोर्चा के सोशल मीडिया एवं आईटी सदस्य पेरिका सुरेश ने भाजपा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के निर्वाचन पर अपने खुशी का इजहार करते हुए कहा कि युवा भारत को भाजपा का युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मिला है जो पार्टी को नई बुलंदियों तक पहुंचने की क्षमता रखते हैं। श्री सुरेश ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉक्टर के. लक्ष्मण की देखरेख में भाजपा का राष्ट्रीय संगठन चुनाव निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हुआ। श्री लक्ष्मण ने नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की विधिवत घोषणा की। इस अवसर पर भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।परिका सुरेश ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी अनुशासित पार्टी है, जिसमें संगठन चुनाव पूरी पारदर्शिता एवं पार्टी के संविधान के तहत होता है।उन्होंने कहा कि भाजपा में योग्यता के हिसाब से सभी को समान अवसर प्रदान किया जाता है। यहां परिवारवाद जैसी कोई



चीज नहीं है।श्री सुरेश ने कहा कि नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन युवा,संघर्षशील,एवं अनुभवी राजनेता है। इनमें सभी को साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता है उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और मजबूत होगा तथा देश में यह संगठन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। एक युवा के हाथ में भाजपा का राष्ट्रीय बागडोर देकर पार्टी ने यह साफ कर दिया है की युवा ही देश के कर्णधार है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण है,और भाजपा युवाओं को पूरा सम्मान एवं अवसर प्रदान करती है।

# श्रीभूमि जिले के जनकल्याण उच्च माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ

### ● विद्यालय को सरकारी दर्जा दिलाने के लिए क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और स्थानीय विधायक का ध्यान आकर्षित किया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**श्रीभूमि** हर साल की तरह इस वर्ष भी श्रीभूमि जिले के आनीपुर जनकल्याण उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज 20 जनवरी (मंगलवार) को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। वर्तमान प्रधान शिक्षक अरविंदू नाथ की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में प्रधान शिक्षक समेत सभी शिक्षक और छात्र मिलकर सांस्कृतिक कार्यक्रम के इस वार्षिक उत्सव में प्रधान शिक्षक, सहायक शिक्षक और प्रमुख व्यक्तियों को गमछा और एक कलम देकर सम्मानित किया गया। जनकल्याण उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्थापना से जुड़े जो लोग अब नहीं हैं, उनके प्रति श्रद्धांजलि के रूप में सभी एक मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जानकारी मिली है कि इस निजी स्कूल में अधिकतम 500 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित हैं। इस स्कूल के बारे में शिक्षक ज्यातिमय नाथ ने बताया कि छात्र-छात्राएं बहुत अधिक हैं, इसलिए उनके भविष्य के बारे में सोचते हुए, इस जनकल्याण उच्च माध्यमिक विद्यालय के उन्नयन के लिए अगर सरकार की तरफ से नई बिल्डिंग दी जाए तो और बेहतर होगा, और स्कूल के पास काफी जमीन भी है। यदि शिक्षा विभाग के अधिकारी इस मामले में कदम उठाएँ और स्कूल के छात्रों के लाभ के लिए सरकार द्वारा इसे स्थायी रूप से सुधारने के लिए इलाके के लोगों द्वारा जोरदार मांग की गई, ताकि शिक्षा के मामले में छात्र पीछे न रहें। इसलिए असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, शिक्षा मंत्री रनोज़ पेगू और स्थानीय विधायक विजय मालाकार का ध्यान आकर्षित किया गया ताकि सरकार की ओर से इस प्रतिष्ठान को और उच्च मानक का बनाया जा सके। इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सुब्रहांशु नाथ, गोविंद नाथ, अनुपम नाथ, पिंकु दास, सूरज भट्टाचार्य, गुलजार अहमद आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक ज्यातिमय नाथ ने किया। अतिथि के रूप में किशोर कुमार नाथ, पार्थस्वार्ती नाथ, सोनार अली, समुन नाथ उपस्थित थे, विशेष अतिथि के रूप में सीआरसी अनिल कनू उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी अमित उपाध्याय का भूमि विकास बैंक के निर्विरोध अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन):** भूमि विकास बैंक कोंच के अध्यक्ष पद हेतु जारी चुनाव प्रक्रिया के तहत सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवार अमित उपाध्याय का निर्विरोध रूप से अध्यक्ष निर्वाचित होने का रास्ता साफ हो गया है। चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद 27 जनवरी को औपचारिक रूप से उनके अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की घोषणा के साथ प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल सहित तमाम पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर अमित उपाध्याय ने खंड विकास कार्यालय में पीठासीन अधिकारी/नायब तहसीलदार जितेंद्र पटेल के समक्ष एक प्रस्तावक और एक समर्थक की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल हेतु निर्धारित समय सुबह 10 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक अमित उपाध्याय के रूप में एकल नामांकन पत्र




दाखिल होने से अब इनके निर्विरोध निर्वाचित होने का रास्ता साफ हो गया है। अमित उपाध्याय के अलावा जिलाध्यक्ष सहित अन्य नेताओं का कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर पुष्पेंद्र सेंगर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सतेंद्र निरंजन शीलू पड़री, राजेश्वरी यादव, अमित निरंजन, सुनील शर्मा, ओपी कुशवाहा, नरेश वर्मा, सुनील लोहिया, मिरकू महाराज, बादाम कुशवाहा, विनोद गुर्जर, सोनू बोहरा, रविकांत कुशवाहा, सौरभ पुरवार, अवधेश पटेल, प्रदीप वर्मा, बाबूराम पाल, मनीष नगरिया, नरेंद्र विश्वकर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सहारा मौदहा ने 26 रनों से हाशमी क्लब पनवाड़ी को किया परास्त

**हमीरपुरः–** मौदहा क्षेत्र के गुसियारी गांव के एपीजे अब्दुल कलाम खेल मैदान में जीपीएल कप सीजन 19 में पांचवां मैच सहारा मौदहा व हाशमी क्लब पनवाड़ी के बीच मैच खेला गया जिसमें सहारा मौदहा ने टॉस जीतकर पहले बल्ले बाजी करने का फैसला लिया।जिसमें निर्धारित 16 ओवरों में 8 विकेट खोकर 127 रन बनाए सहारा मौदहा की तरफ से जैद ने 31 गेंदों में 54 रनों की पारी खेली।जवाब में उतरी हाशमी क्लब पनवाड़ी की टीम ने 12.4 ओवरों में 101 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और सहारा मौदहा ने 26 रनों से मैच जीत लिया हाशमी क्लब पनवाड़ी की तरफ से सबसे ज्यादा 14 गेंदों अरशद ने 26 रन बनाए। आज के मैच के मैंन ऑफ द मैच में जैद मैंन ऑफ द मैच रहें। मैच के अम्पायर सहगल खान व अमीर अहमद रहे वहीं स्कोरर जावेद अहमद व तौसीफ खान रहे कुश सिंह यादव,तौसीफ ने कॉमेंटेटर की भूमिका निभाई। इस मौके पर कमेटी के कुलदीप यादव कुश यादव जैम मालिक शेख हसन इदरीश फैय्याज समस्त लोग मौजूद रहे।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत



**हमीरपुरः–** मौदहा कस्बा मीरा तालाब में मंगलवार के दिन एक युवक डूब गया वहां मौजूद लोग ने बड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने पानी से बाहर निकाल मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस द्वारा कस्बे के सरकारी अस्पताल भेज दिया गया। कस्बे के ब्लॉक कार्यालय के पीछे निवासी तौसीब 20 पुत्र तौकीर दोपहर दो बजे के बाद अपने घर से निकल कस्बे के मराठीपूरा मुहल्ला स्थित मीरा तालाब की ओर गया जहां लगभग 1 घंटे बाद पता चला कि एक युवक तालाब में डूब गया है और लोगों में अपरा तफरी मच गई बड़ी मशक्कत के बाद वहां मौजूद लोगों ने युवक को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस और मौके पर पहुंची एम्बुलेंस सेवा के द्वारा कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया जहां डॉक्टरों ने देखते ही देखते मृत्यु घोषित कर दिया घटना से परिजनों कोहराम मच गया द्य मृतक की सबीना माँ ने बताया कि मेरा बेटा आज दो बजे के लगभग घर से निकल गया था चार बजे के लगभग सूचना मिली की उसकी मीरा तालाब में डूब गया है द्य मेरे एक बेटा व एक बेटी सिफ़ा है द्य तौबीस घर का अकेला चिराग था जो बुझ गया द्य कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक की मौत प्रथम दृष्टया पानी मे डूबने से हुई है द्य मृत्यु का कारण स्पष्ट होने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।